


# आदिवासी एक्सप्रेस

आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, मंगलवार
29 अप्रैल 2025
वर्ष: 38, अंक: 148
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961


देश

**रोहिणी अग्निकांड पर सीएम रेखा गुप्ता ने प्रकट किया दुख**



गिरिडीह

**झारखंड बाल आयोग की टीम ने गिरिडीह परिसदन भवन में जिले के अधिकारियों संग बैठक की...**



हज़ारीबाग

**मांडू सांसद प्रतिनिधियों संग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि ने किया अहम बैठक, जनहित में कार्य में तेजी लाने हेतु दिए कई टिप्स**

## विदेशी निवेश: 29 अप्रैल को स्पेन और स्वीडन से लौटेंगे सीएम हेमंत सोरेन



**बिशेष संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड में विदेशी निवेश को बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन और स्वीडन गए राज्य सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने यात्रा पूरी कर ली है. इस दौरान राज्य सरकार के आला अधिकारियों ने खनन, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की भरसक कोशिश की.

19 से 27 अप्रैल तक स्पेन और स्वीडन के विभिन्न शहरों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने करीब एक दर्जन से अधिक बैठक विदेशी निवेशकों के साथ की. इस दौरान निवेशकों को राज्य सरकार की नीतियों से अवगत कराते हुए यहां के खनिज संपदा और उपलब्ध संसाधनों से अवगत कराया गया. निवेशकों को यह बताने की कोशिश की गई थी कि झारखंड एशिया के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल निर्माण क्लस्टरों में से एक है. राज्य सरकार ने इस क्षेत्र में निवेश के लिए कई आकर्षक प्रोत्साहन योजनाएं चला रखी हैं. बड़ी परियोजनाओं और एमएसएमई के लिए विशेष रियायतें भी दी जा रही हैं.

इज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने इंटीग्रेटेड माइंस एंड मिनरल्स मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया है, जिससे खदान कार्यों का डिजिटलीकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गई उच्च स्तरीय टीम का मुख्य फोकस राज्य में खनन क्षेत्र के विकास के लिए संभावनाओं की तलाश थी, जिसमें निवेशकों को यह बताने की कोशिश की गई कि ड्रिलिंग रिंग, बुलडोजर ड्रैगलाइन जैसे प्रणाली और उपकरणों का निर्माण राज्य में हो सकता है, एक बड़ा उद्योग क्षेत्र के रूप में विकसित होने की संभावना यहां है.

इसके अलावा खनिज प्रशासन से कारण मैग्नेटिक सेपरेटर थिकनेस आदि के निर्माण में भी निवेश के सुनहरे अवसर हैं. यात्रा के दौरान राज्य में खेल के विकास के लिए उच्च स्तरीय शिष्टमंडल द्वारा बार्सिलोना के उत्कृष्ट खेल इकोसिस्टम को झारखंड में लाने की कोशिश की गई. इसके तहत आईसीडी स्पाइनल फुटबॉल क्लब के साथ राज्य में फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण हेतु समझौते पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव सरकार को मिला है. इसी क्रम में स्टार्टअप मेंटरशिप क्लीन एनर्जी क्रिकेट टीम ओनरशिप बायो फार्मास्यूटिकल्स जैसे विषयों पर निवेशकों के साथ चर्चा हुई और राज्य में निवेश करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया है. किसी यात्रा के दौरान सरकार को बड़ी सफलता टेस्ला ग्रुप द्वारा राज्य में फैक्ट्री स्थापित करने का प्रस्ताव के रूप में मिला है, जो वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों के असेंबली पर केंद्रित होगा. यात्रा के दौरान खाद्य प्रसंस्करण खासकर कटहल और टमाटर जैसे झारखंड में बहुतायत में मिलने वाले उत्पादों के प्रसंस्करण पर निवेश की संभावना के प्रति निवेशकों को ध्यान आकर्षित किया गया. निवेशकों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पेनिश कंपनियों को पूरा सहयोग करने का भरोसा दिया और राज्य में निवेश करने का आह्वान किया.

स्पेन और स्वीडन दौरा पूरी कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मंगलवार 29 अप्रैल को शिष्टमंडल झारखंड लौटेगा. प्रतिनिधिमंडल में सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा में महिला एवं बाल कल्याण कमिटी के चेयरपर्सन कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव, सीएम के प्रधान सचिव, खान निदेशक, जुडको निदेशक, उद्योग सचिव, उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक, उद्योग निदेशक, विशेषज्ञ और सीएम की सुरक्षा में एक अधिकारी शामिल हैं.

इधर विदेश यात्रा पर चल रही सियासत के बीच भारतीय जनता पार्टी ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि यात्रा से राज्य को क्या फायदा हुआ है, इसे मुख्यमंत्री सार्वजनिक करें. भाजपा मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि राज्य की जनता जानना चाहती है कि विदेश दौरे से क्या लाभ होने वाला है और इसके लिए क्या पहल की गई है, इसे मुख्यमंत्री बताने का काम करें.

## मुंबई में पकड़े गए 13 बांग्लादेशी का साहेबगंज से कनेक्शन! गरमाई राजनीति



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ का जिन्न एक बार फिर बाहर निकल आया है। मुंबई में 13 बांग्लादेशी पकड़े गए हैं। जिनके आधार कार्ड झारखंड के साहेबगंज से बने बताए जा रहे है। इसको लेकर एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड सरकार पर हमला बोला है। भाजपा नेता पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने सोशल मीडिया पर लिखते हुए कहा है कि झारखंड बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए आधार शिविर बनते जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और झारखंड सरकार के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा है कि मुंबई में पकड़े गए 13 लोग बांग्लादेशी है और अगर उनका झारखंड से कनेक्शन है तो यह जांच का विषय है। लेकिन उन्होंने सवाल उठाया है कि गुजरात में एक हजार बांग्लादेशी मिले हैं। इस पर भारतीय जनता पार्टी चुप क्यों है। उन्होंने सवाल उठाया है कि झारखंड कनेक्शन अगर इन बांग्लादेशियों का है तो यह बांग्लादेशी झारखंड पहुंचे कैसे। इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है और उनका सूचना तंत्र जिम्मेदार है। केवल बांग्लादेश के मुद्दे पर राजनीति करने से नहीं होगा।

हालांकि राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि अब तक मुंबई पुलिस में उनसे संपर्क नहीं किया है। मुंबई में पकड़े गए इन 13 बांग्लादेशी झारखंड के साहेबगंज जिला के बताए जा रहे हैं। हालांकि इसकी जानकारी झारखंड पुलिस के पास नहीं है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि मुंबई पुलिस ने अभी तक झारखंड पुलिस से कोई संपर्क नहीं किया है।इस संबंध में अगर मुंबई पुलिस संपर्क करेगी। तो पुलिस अपने स्तर से जांच करेगी। फिलहाल मुंबई पुलिस से किसी तरह की सूचना नहीं दी गई है।

## केंद्र ने डीजीपी अनुराग गुप्ता के सेवा विस्तार पर लगाई रोक



**बिशेष संवाददाता द्वारा**

**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की 30 अप्रैल को सेवानिवृत्ति के बाद अवधि विस्तार पर रोक लगा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इससे संबंधित पत्र भेजा है और बताया है कि 30 अप्रैल के बाद अनुराग गुप्ता के डीजीपी के पद पर बनाए रखने का राज्य सरकार का फैसला गलत है।

इधर, विधायक सरयू राय ने भी एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को डीजीपी बनाकर सेवा विस्तार देने के झारखंड सरकार के निर्णय को गलत करार दिया है।

**हेमंत सरकार को भेजा गय पत्र:** इससे संबंधित पत्र भेजकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सरकार से कहा है कि 30 अप्रैल को अनुराग गुप्ता की सेवा समाप्त हो जाएगी। अधिकारियों ने यह पत्र विदेश यात्रा पर गए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेज दिया है।

अनुराग गुप्ता को राज्य सरकार ने पहली बार 26 जुलाई 2024 को राज्य का प्रभारी डीजीपी बनाया था। हालांकि, झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें भारत निर्वाचन आयोग ने डीजीपी के पद से हटा दिया था।

**चुनाव के बाद अनुराग गुप्ता बनाए गए प्रभारी डीजीपी :** चुनाव के बाद राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर से सरकार बनते ही 28 नवंबर 2024 को अनुराग गुप्ता फिर से प्रभारी डीजीपी बनाए गए। इसके बाद राज्य सरकार ने डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए एक नियमावली बनाई, जिसके आधार पर अनुराग गुप्ता को राज्य का स्थाई डीजीपी के संबंध में अधिसूचना जारी की। उस नियमावली के अनुसार, उनका पदस्थापन दो वर्षों के लिए हुआ है। अगर उस नियमावली के आधार पर राज्य सरकार उनकी नियुक्ति पर अड़ी तो अनुराग गुप्ता 26 जुलाई 2026 तक के लिए डीजीपी बने रहेंगे। फिलहाल, उनकी नियुक्ति प्रक्रिया सवालों के घेरे में है। अब राज्य सरकार क्या निर्णय लेगी, यह जल्द ही सामने आएगा।

## 1 करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी के एनकाउंटर के बाद फरार सुनीता मुर्मू ने किया सरेंडर



**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**बोकारो:** बोकारो जिले में 21 अप्रैल को लालपनिया के लुगू पहाड़ी में हुए नक्सली मुठभेड़ के बाद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। एनकाउंटर के दौरान फरार हुई महिला नक्सली सुनीता मुर्मू उर्फ लालमुनि मुर्मू ने सोमवार को बोकारो में सरेंडर कर दिया। महिला नक्सली सुनीता मुर्मू उर्फ लालमुनि मुर्मू 21 अक्टूबर को हुई मुठभेड़ के बाद से लगातार एक हफ्ते तक जंगल में भटक रही थी। सुनीता ने बताया कि उसे एहसास हुआ कि उसने गलत रास्ता अपना लिया है। वो जंगल में एनकाउंटर के बाद से भटक रही थी। जंगल से किसी तरह बाहर निकलने के बाद वो एसपी से मिलने गई और आत्मसर्पण की इच्छा जताई। सोमवार को सुनीता मुर्मू ने बोकारो पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो, सीआरपीएफ-26 बटालियन के समक्ष सरेंडर कर दिया। सुनीता ने अपने साथियों से भी मुख्य धारा में आने की अपील की।

21 अप्रैल की सुबह नक्सली मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में जिला पुलिस, झारखंड जगुआर ,सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन की ओर से 'डाका बेड़ा' अभियान चलाते हुए मुठभेड़ में आठ नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें एक करोड़ के इनामी नक्सली विवेक उर्फ प्रयाग मांझी सहित आठ नक्सली का शव बरामद किया गया था। इस मुठभेड़ में बचकर भाग निकले नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें एक घायल नक्सली की गिरफ्तारी हुई, वहीं मुठभेड़ के दौरान बचकर भागी महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया।

मुठभेड़ के बाद बोकारो पहुंचे डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा था कि जो बचे हुए नक्सली हैं, उन्हें मैं कहना और हिदायत देना चाहता हूँ कि राज्य का जो सरेंडर पालिसी है, उसे अपनाते हुए शांति के मार्ग पर लौट आये, अन्यथा मारे जाएंगे. जो सरेंडर करेंगे उसे ओपन जेल में रखेंगे. उन्हें पैसा देंगे, उनके बच्चों को पढ़ाई-लिखाई कराएंगे. उनकी कानूनी लड़ाई लड़ने में मदद करेंगे. परंतु समझाने के बाद भी नहीं मानेंगे तो उनका भी वही हस्र होगा जो 21 अप्रैल को 8 नक्सलियों का हुआ है. जो भी हिंसा के रास्ते पर हैं वे जल्दी लौटकर मुख्यधारा में आवे नहीं तो उनके लिए कोई जगह नहीं है।

माना जा रहा है कि पुलिस के बढ़ते दबाव और राज्य सरकार की सरेंडर पॉलिसी से प्रभावित होकर सुनीता मुर्मू ने आत्मसमर्पण किया है. सुनीता मुर्मू ने स्वीकार किया कि वे गलत रास्ते पर चली गई थी. उसने अन्य नक्सलियों से भी आत्मसमर्पण करने की अपील की. उसने बताया, वह तीन साल गिरिडीह जेल में रह चुकी है. कई थानों में उसके ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

## झारखंड में 14 सीटों पर आई रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं कांग्रेस हाईकमान



**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में 14 सीटों पर कांग्रेस को हार मिली थी। इसके बाद कांग्रेस नेतृत्व ने हार के कारणों की जांच करवाई। पार्टी ऑब्जर्वर ने इस पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को प्रारंभिक रिपोर्ट दी, लेकिन पार्टी हाईकमान इस प्रारंभिक रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हुआ। इसलिए अब संबंधित नेताओं को फिर से 15 दिनों के भीतर स्पष्ट और विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस हाईकमान में ऑब्जर्वर टीम को पार्टी के विभीषण के नाम साफ तौर पर बताने को कहा है। पार्टी ने कहा कि हार के पीछे भितरघात करने वाले नेताओं के नाम और पदों का भी रिपोर्ट में उल्लेख करना अनिवार्य है।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि पूर्व में दी गई रिपोर्ट में हार के असली कारण और भितरघात करने वाले नेताओं की पहचान स्पष्ट नहीं की गई थी। इसी वजह से दोषियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। पार्टी ने अब पुनः सभी ऑब्जर्वरों को जिम्मेदारी दी है कि वे संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में जाकर वस्तुनिष्ठ और प्रमाणिक रिपोर्ट तैयार करें।

कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि पहले सौंपी गई रिपोर्ट में हार का कारण सिर्फ संगठन की कमजोरी बताया गया था, लेकिन संगठन को कमजोर करने वाले व्यक्तियों का नाम नहीं दिया गया था। अब इस बार निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सौंपी जाए, जिसमें स्पष्ट रूप से जिम्मेदार नेताओं और कार्यकर्ताओं का नाम और पद अंकित हो।

## मंत्री हफीजुल ने ली शरीयत के नाम पर फर्जी डिग्री: भाजपा





**संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड भाजपा ने राज्य के मंत्री हफीजुल अंसारी की डॉक्टरेट उपाधि को लेकर सवाल उठाए है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने सोमवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह सवाल उठाया।

भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि मंत्री हफीजुल अंसारी को मिली डॉक्टरेट की डिग्री एक फर्जी विश्वविद्यालय से प्राप्त की गई है, जिसे उन्होंने 'भारत वर्चुअल ओपन एजुकेशनल यूनिवर्सिटी' बताया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी संस्था है, जिसे न तो विश्वविद्यालय शब्द का प्रयोग करने का अधिकार है और न ही किसी प्रकार की शैक्षणिक उपाधि प्रदान करने की मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि कहा कि जैसा कि यूजीसी एक्ट 1956 के सेक्शन 22 में स्पष्ट है। इस फ़र्ज़ी यूनिवर्सिटी को न तो यूजीसी, न तो भारत सरकार और न ही झारखंड सरकार ने कोई मान्यता दी है।

अजय साह ने आगे कहा कि हफीजुल अंसारी ने भारतीय संविधान के तहत संचालित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से डिग्री प्राप्त नहीं किया। इस कारण शरीयत कानून का अनुसरण करते हुए ऐसे लोगों की ओर से संचालित एक फर्जी विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि हासिल कर ली, जो शुद्ध रूप से एक कागज़ी संस्था है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संस्था मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों की ओर से संचालित की जाती है और इसका कोई वैधानिक अस्तित्व नहीं है।

बीजेपी प्रवक्ता ने यह भी दावा किया कि यह फर्जी विश्वविद्यालय 'सेंट्रल क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी, अफ्रीका' से अपनी संबद्धता बताता है। जबकि गहन जांच में पता चला कि इस विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. उस्मान को इस्लामाबाद, पाकिस्तान की एक संस्था की ओर से प्रोफेसर की उपाधि प्रदान की गई थी।

इस खुलासे के आधार पर अजय साह ने गंभीर आरोप लगाया कि मंत्री हफीजुल अंसारी की उपाधि का पूरा नेटवर्क पाकिस्तान से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री का आचरण यह दर्शाता है कि वह अपने कार्यों और निर्णयों में भारतीय संविधान की अपेक्षा शरीयत कानून को प्राथमिकता देते हैं। इस पूरे प्रकरण में पाकिस्तान लिंक की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि सच सामने आ सके और अगर कोई कानून का उल्लंघन हुआ हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## बहुत जल्द कांके में भर्ती होने वाले हैं निशिकांत दुबे: सुबोधकांत सहाय



**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची:** पहलगाम आतंकी घटना के बाद राजनेताओं के बयान थमने का नाम नहीं ले रहा है. देश के सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने घटना की निंदा की है. वहीं एक दूसरे पर वार पलटवार का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं. गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा पाकिस्तान के चार भाग वाले बयान पर कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने प्रतिक्रिया दी है. पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये (निशिकांत दुबे) उन्हीं के उत्तराधिकारी हैं न जो 56 इंच के सीने से डराते थे आंख लाल करके! आज आंख में सबके मोतियाबिंद हो गया है, दिखाई नहीं दे रहा है. ऐसे ही जो अनर्गल बोल रहे हैं, मैं समझता हूं कि बहुत जल्द उनकी (निशिकांत दुबे) भर्ती कांके में होने वाली है. उसससे ज्यादा सेफ जगह उनके लिए नहीं होगी. नहीं तो पार्टी को लेकर डूब जाएंगे और मोदी जी के स्पोक्समैन बनकर चल रहे हैं. वे दोनों मिलकर कहां जाएंगे, दोनों मिलकर तय कर लें.

जब मीडिया ने उनसे पूछा कि आखिर ऐसा क्यों लगता है कि निशिकांत दुबे अपनी पार्टी को नुकसान पहुंचा देंगे. इस सवाल के जवाब के पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि चाहे कितनी भी घटिया पार्टी हो, लेकिन वह भी मर्यादापूर्वक चलती है. किसके बारे में कौन क्या बोलता है, मोदी जी भी कितनी बार यह बोल चुके हैं कि ये करेंगे वो करेंगे और बिरयानी खा कर (पाकिस्तान से) चले आते हैं.

पूर्व केंद्रीय मंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री रहे व्यक्ति यदि निशिकांत दुबे के बयान की गंभीरता नहीं समझ रहे हैं तो उनकी जानकारी और दक्षता पर सवाल उठता है. प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि निशिकांत दुबे के बयान चार भागों में बांटना का मतलब यह नहीं है कि हकीकत में वैसा ही होने जा रहा है. लेकिन अपने शत्रु राष्ट्र को इस हद तक मजबूर कर देंगे कि वह घुटनों पर आ जाए.

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री को निशिकांत दुबे पर व्यक्तिगत टिप्पणी से बचना चाहिए. उन्होंने कहा कि आज उलजुलूल बात करने का वक्त नहीं है. प्रदीप सिन्हा ने कहा कि आज इस पर बात करने की जरूरत है कि क्या होने जा रहा है. आज जनमानस की क्या भावना है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को निशिकांत दुबे के बयान पर टिप्पणी करने की जगह डॉ इरफान अंसारी और प्रियंका गांधी के पति के बयान पर कुछ बोल देते.

**निशिकांत दुबे का क्या था बयान :** देवघर में महेशमारा हॉल्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि 2025 के आखिरी महीने तक पूरी दुनिया से पाकिस्तान देश का नामो निशान मिट जाएगा. भाजपा सांसद ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दहशतगर्दों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे. उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान को भारत सरकार चार हिस्सों में बांटेगी. पहला बलूचिस्तान, दूसरा पख्तूनिस्तान, तीसरा पंजाब और चौथा हिस्सा पाक अधिकृत कश्मीर के रूप में देखा जा रहा है. उन्होंने कहा था कि पाक अधिकृत कश्मीर हमारा हिस्सा था, जिसे पाकिस्तान ने बेईमान नीयत से अपने कब्जे में लिया है.

## रिम्स के निवर्तमान निदेशक डॉ. राजकुमार को हाईकोर्ट से राहत मिलने पर झारखंड में सियासत गर्म



**संवाददाता द्वारा**

**रांची:** रिम्स निदेशक पद से हटाए गए डॉ.राजकुमार को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत के बाद सरकार के कामकाज पर सवाल उठने लगे हैं. न्यायमूर्ति दीपक रौशन की अदालत के द्वारा राज्य सरकार के 17 अप्रैल 2025 के उस आदेश को स्थगित किया गया है जिसमें रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को उनके पद से असमय हटा दिया गया था. न्यायालय के इस फैसले को झारखंड की राजनीतिक पार्टियां अलग-अलग तरह से देख रही है.

झारखंड के प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने सरकार के इस फैसले पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इससे सरकार सबक लेते हुए आगे विधि सम्मत निर्णय लें. बीजेपी मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि हमलोग पहले दिन से कह रहे थे कि रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को जिस तरह से बगैर कोई प्रोसिडिंग चलाए हटाया गया इसके लिए पूरी सरकार दोषी है, क्योंकि इसपर मंत्री ही नहीं मुख्यमंत्री के भी हस्ताक्षर हैं.

उन्होंने कहा कि जिस तरह से न्यायालय ने सरकार के उस फैसले को नकारा है, यह सरकार पर एक बहुत बड़ा तमाचा है और सरकार को आने वाले दिनों में ऐसे निर्णय से बचना चाहिए. जो विधि सम्मत हो, स्वार्थ में नहीं और भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए नहीं, बल्कि लोकगीत या जनहित में जो हो वही निर्णय लेना चाहिए.

रिम्स निदेशक को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा को बड़ा झटका लगा है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज पांडे हालांकि न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहते हैं कि सरकार ने जो निर्णय लिया होगा, वह जरूर सोच-समझ कर लिया होगा. उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सुनवाई के बाद जो फैसला आएगा वह हमारे पक्ष में आएगा. फिलहाल जो अंतरिम आदेश न्यायालय के आए हैं, उसका मैं स्वागत करता हूं.

गौरतलब है कि 17 अप्रैल को डॉ. राजकुमार को रिम्स निदेशक के पद से अचानक सरकार ने हटाने का निर्णय लिया था. जिसके बाद झारखंड हाईकोर्ट ने इस फैसले के विरुद्ध डॉ. राजकुमार ने याचिका दाखिल की थी. जिस पर कोर्ट ने आज 28 अप्रैल को आदेश जारी किया है.

# कोंडली नहर में डूबे दो युवक, एक की मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर स्थित कोंडली नहर में शनिवार शाम नहाने गए दो युवक डूब गए। शोर शराबा हुआ तो एक युवक को राहगीरों ने सुरक्षित निकाल लिया, जबकि दूसरा युवक गहरे पानी में डूब गया। बाद में मामले की सूचना पुलिस, दमकल विभाग और बोट क्लब को दी गई। सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंच गया। काफी देर तक डूबे युवक की तलाश की गई। बाद में उसका शव नहर से बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान सतपाल (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सतपाल का शव परिजनों को सौंपा। पुलिस भोपाल से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक सतपाल परिवार के साथ राजवीर कालोनी, न्यू अशोक नगर में रहता था। वह कारपेंटर का काम करता था। शनिवार को वह अपने घर पर मौजूद था। इस बीच उसका दोस्त भोपाल वहां पहुंचा। दोनों नहर में नहाने निकल गए। नहर में गहरे पानी में जाने की वजह से दोनों डूबने लगे। शोर शराबा हुआ तो कुछ लोग दोनों को बचाने नहर में कूद गए। लोगों ने भोपाल को सकुशल बाहर निकाल लिया जबकि सतपाल वहां डूब गया। बाद में बोट क्लब के इंचार्ज हरीश अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। काफी देर चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद टीम ने सतपाल का शव नहर से निकाल लिया।

# झुग्गियों में लगी आग, दो मासूम की मौत

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के रोहिणी सेक्टर-17 स्थित श्री निकेतन अपार्टमेंट के पास बनी झुग्गियों में दोपहर अचानक आग लग गई। सूखा कबाड़ अधिक होने के कारण आग तेजी से फैली। हादसे में दो मासूम बच्चों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल 20 गाड़ियों ने दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आग पर काबू पाया। दमकल अधिकारी के अनुसार झुग्गियों में आग के दौरान करीब डेढ़-दो दर्जन छोटे गैस सिलेंडर धमाकों के साथ ब्लास्ट हुए। गनीमत रही कि दमकल कर्मियों को चोट नहीं आई, लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत जरूर पेश आई। इस घटना में करीब दो सौ से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गई हैं। यहां रहने वाले करीब एक हजार से अधिक लोग खुले आसमान नीचे आ गए। पुलिस का कहना है कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस एफएसएल की मदद से आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार दोपहर करीब 11.55 बजे रोहिणी सेक्टर-17 स्थित झुग्गियों में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस, दमकल और एंबुलेंस की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। घटना के दौरान आग में फंस जाने से दो बच्चों की मौत हुई है, जबकि 28 वर्षीय शाबुल शेख घायल हुआ है।

# घर से लापता तीन किशोरियों को परिजनों से मिलाया

**नई दिल्ली।** घर से लापता तीन किशोरियों को साउथ वेस्ट जिला पुलिस ने बरामद कर परिजनों से मिलाया है। उनकी तलाश में पुलिस ने सोशल मीडिया से लेकर मैनुअल स्तर तक सभी संभावित प्रयास किए। किशोरियों के परिजनों व दोस्तों से भी जानकारी हासिल की गई। साउथ वेस्ट डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि सागरपुर इलाके से 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर उसकी तलाश आरंभ की। कोई सफलता न मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी बलबीर सिंह की देखरेख में टीम गठित की गई। इस दौरान टीम ने बच्ची के परिजनों व दोस्तों से जानकारी हासिल की। इसके अलावा विभिन्न ग्रुपों में फोटो भी साझा किए गए। काफी खोजबीन के बाद लापता किशोरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। कानूनी औपचारिकताओं के बाद किशोरी को परिजनों को सौंप दिया गया। इसके अलावा नेब सराय इलाके में 14 और 16 वर्षीय किशोरियों के लापता होने की शिकायत मिली थी। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने मामले की जांच की तो पता चला कि लापता एक किशोरी के पास मोबाइल फोन है। वह दो नंबरों का इस्तेमाल कर रही थी।

# पुलिस ने हथियार के साथ दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हाशिम बाबा गैंग के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान संभल उप्र निवासी रिहान और जाफराबाद निवासी सलमान अहमद के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि पकड़ा गया रिहान पहले एक निजी अस्पताल में नौकरी करता था। सलमान के संपर्क में आने के बाद उसने नौकरी छोड़ दी और दिल्ली एनसीआर में हाशिम बाबा गैंग के सदस्यों को अवैध हथियारों की सप्लाई करने लगा। जबकि सलमान आठवीं तक पढ़ा है।

# जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में अभाविप का शानदार प्रदर्शन, वैभव मीणा संयुक्त सचिव निर्वाचित

## काउंसिल की 42 में से 23 सीटों पर विजय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्रसंघ चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि वामपंथी गठबंधन ने चार में से तीन शीर्ष पदों पर अपना दबदबा कायम रखा। अभाविप के हिस्से में एक पद आया। आइसा के नीतीश कुमार को अध्यक्ष, डीएसएफ की मनीषा को उपाध्यक्ष, डीएसएफ की मुन्तेहा फातिमा को महासचिव और अभाविप के वैभव मीना को संयुक्त सचिव निर्वाचित किया गया।मतगणना के दौरान अधिकांश समय अभाविप के उम्मीदवार सभी केंद्रीय पैनल पदों पर आगे रहे। यह जेएनयू में पारंपरिक वामपंथी प्रभुत्व के लिए एक मजबूत चुनौती को दर्शाता है। नतीजों में हार का अंतर बहुत कम रहा। यह कैंपस में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। अभाविप के नवनिर्वाचित संयुक्त



सचिव वैभव मीणा ने कहा कि संगठन ने एक दशक के बाद यह जीत हासिल की है।

अगले चुनाव में संगठन सभी शीर्ष चार पदों पर जीत हासिल करेगा। कैंपस हिंसा के कारण देरी के बाद 25 अप्रैल को हुए चुनाव में लगभग 5,500 विद्यार्थियों ने मताधिकार का प्रयोग किया। अभाविप जेएनयू के इकाई अध्यक्ष राजेश्वर कांत दुबे ने बताया कि रविवार को अभाविप ने जेएनयूएसयू काउंसिल में 42 में से 23 सीटों पर विजय प्राप्त कर काउंसिल में पचास प्रतिशत से अधिक की उपस्थिति पर कब्जा कर लिया है। जेएनयूएसयू के फैसलों में अब अभाविप को अहम जगह प्राप्त हो सकेगी। यह विजय अभाविप के रूप में उस सकारात्मक बदलाव की विजय है जिसे जेएनयू के छात्रों ने चुना है। अभाविप का 1999 के बाद यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। संगठन ने स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में जीत हासिल की और स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, इंटरनेशनल स्टडीज और संस्कृत और इंडिक स्टडीज में उल्लेखनीय बढ़त हासिल की।

**अभाविप का प्रदर्शन**

-स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की 5 में से 2 सीटों पर जीत।

-स्कूल ऑफ सोशल साइंस की 5 में से 2 सीटों पर जीत।

-स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की 2 में से 1 सीट पर जीत।

-स्पेशल सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर मेडिसिन की 1 में से 1 सीट पर जीत।

-स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल एंड इंटीग्रेटिव साइंस की 2 में से 1 सीट पर जीत।

-स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड सिस्टम साइंस की 3 में से 2 सीटों पर जीत।

-स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की 4 में से 4 सीटों पर विजय।

# रोड रेज में दो टैक्सी ड्राइवर को मारा चाकू, आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले की खजूरी खास इलाके में रोडरेज में चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में दो लोग घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामला दर्ज कर जांच के दौरान एक आरोपित को गिरफ्तार किया। उत्तर पूर्वी जिलेके डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि आरोपित की पहचान जय कुमार के रूप में हुई है। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस पकड़े गये आरोपित से पूछताछ करके वारदात में शामिल उसके अन्य साथियों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही है।पुलिस के मुताबिक, गत 24 अप्रैल रात करीब 9.45 बजे खजूरी चौक के पास रोडरेज में चाकूबाजी की सूचना मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को घायल हालत में दो पीड़ित इकराम व शहजाद मिले। दोनों खजूरी खास इलाके के ही रहने वाले हैं। पीड़ितों ने बताया कि जब आरोपी पुराना थाना कट के पास पहुंचे तो उनकी कारें बाइक सवारों के साथ टकरा गईं। कहासुनी के दौरान अज्ञात

**पुलिस के मुताबिक, गत 24 अप्रैल रात करीब 9.45 बजे खजूरी चौक के पास रोडरेज में चाकूबाजी की सूचना मिली।**

बाइक सवारों ने इकराम और शहजाद पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और फरार हो गए। इसके बाद इंस्पेक्टर राकेश यादव की टीम ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपितों में से एक की पहचान 23 वर्षीय जय कुमार उर्फ अनुज पंडित निवासी गली संख्या नौ, शिव विहार के रूप में की और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# रोहिणी अग्निकांड पर सीएम रेखा गुप्ता ने प्रकट किया दुख, हर संभव मदद का आश्वासन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके की झुग्गी-बस्ती में आग लगने के कारण दो बच्चों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना पर दुख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

हादसे पर दुख प्रकट करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, रोहिणी में आग लगने की दुखद घटना से बहुत दुखी हूं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति हार्दिक संवेदना। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं इस दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं।पीड़ित परिवार के लिए हर संभव प्रयास की बात कहते हुए उन्होंने लिखा, घटना के बाद, दिल्ली सरकार पीड़ितों की सहायता के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है। स्थानीय विधायक और एसडीएम तुरंत राहत प्रयासों का समन्वय करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे, जिसमें प्रभावित निवासियों के लिए मोबाइल शौचालय, चिकित्सा सहायता और भोजन का प्रावधान शामिल है। विस्थापित परिवारों को पास के स्कूलों में स्थानांतरित किया जा रहा है, जहां उनके कल्याण के लिए अस्थायी आश्रय और सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए स्थिति की निगरानी कर रहे हैं कि हर प्रभावित व्यक्ति को समय पर सहायता और पुनर्वास दिया जाए।



दिल्ली सरकार इस कठिन समय में प्रभावित सभी लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। बता दें कि आग श्रीनिकेतन अपार्टमेंट के पास की एक झुग्गी में लगी और इसके कारण खाना पकाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलो के कई रसोई गैस सिलेंडर फट गए।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने पीएफआई नेता ओएमए सलाम को दी 3 दिन की कस्टडी पैरोल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व अध्यक्ष ओएमए सलाम को केरल जाने के लिए 3 दिन की कस्टडी पैरोल मंजूर की है। कोर्ट ने यह फैसला सलाम की अर्जी पर सुनवाई के बाद दिया, जिसमें उसने परिवार से मिलने के लिए केरल जाने की अनुमति मांगी थी। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस अर्जी का कड़ा विरोध किया था। हाईकोर्ट ने सख्त शर्तों के साथ पैरोल मंजूर की। कोर्ट ने कहा कि सलाम को अपनी और सुरक्षाकर्मियों की यात्रा का खर्च खुद उठाना होगा। साथ ही, पैरोल के दौरान वो मोबाइल फोन, इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा और न ही कोई फोटो या वीडियो ले सकेगा। इसके अलावा, वो केवल अपने परिवार के सदस्यों से मिल सकता है और किसी अन्य व्यक्ति से बातचीत या मुलाकात नहीं कर सकता। कोर्ट ने यह भी सुनिश्चित किया कि उसकी हर गतिविधि पर नजर रखी जाए। एनआईए ने कोर्ट में सलाम की अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि 3 दिन की कस्टडी पैरोल दिल्ली जेल नियमों के तहत सूचीबद्ध नहीं है। एनआईए के वकील ने तर्क दिया कि एक दिन की पैरोल ठीक हो सकती है, लेकिन तीन दिन की अनुमति देना उचित नहीं। उन्होंने सलाम के पीएफआई के पूर्व अध्यक्ष होने का हवाला देते हुए कहा कि उनकी रिहाई से कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। एनआईए ने बताया कि सलाम की गिरफ्तारी के बाद हिंसा की घटनाओं में




300 मामले दर्ज हुए थे। एजेंसी ने यह भी दावा किया कि पीएफआई का मकसद शरिया कानून लागू करना था, जिसे केरल हाईकोर्ट भी मान चुका है। कोर्ट ने एनआईए के तर्कों पर विचार किया, लेकिन सलाम को मानवीय आधार पर 3 दिन की कस्टडी पैरोल देने का फैसला किया।

# भारत सरकार का एक्शन : डॉन, एआरवाई और जियो न्यूज समेत कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर लगाया बैन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इस बीच, भारत सरकार ने पाकिस्तान के कई यूट्यूब चैनलों पर कार्रवाई करते हुए उन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय की सिफारिशों पर कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया गया है। ये चैनल जम्मू-कश्मीर में दुखद पहलगाम आतंकी घटना की पृष्ठभूमि में भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सामुदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री, गलत और भ्रामक कथन प्रसारित कर रहे थे। भारत ने जिन पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर कार्रवाई की है, उनमें डॉन न्यूज (19.6 लाख सब्सक्राइबर), इरशाद भट्टी (8.27 लाख सब्सक्राइबर), समा टीवी (1.27 करोड़ सब्सक्राइबर), एआरवाई




न्यूज (1.46 करोड़ सब्सक्राइबर), बोल न्यूज (78.5 लाख सब्सक्राइबर), रफ्तार (8.04 लाख सब्सक्राइबर), द पाकिस्तान रेफरेंस (2.88 लाख सब्सक्राइबर), जियो न्यूज (1.81 करोड़ सब्सक्राइबर), समा स्पोर्ट्स (73.5 हजार सब्सक्राइबर), जीएनएन (35.4 लाख सब्सक्राइबर), उजैर क्रिकेट (2.88 लाख सब्सक्राइबर), उमर चीमा एक्सक्लूसिव (1.25 लाख सब्सक्राइबर), अस्मा शिराजी (1.33 लाख सब्सक्राइबर), मुनीब फारूक (1.65 लाख सब्सक्राइबर), सुनो न्यूज एचडी (13.6 लाख सब्सक्राइबर) और राजी नामा (2.70 लाख सब्सक्राइबर) पर प्रतिबंध लगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक में भारत ने सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला किया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि भारत ने सिंधु जल समझौते को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। यह कदम भारत-पाकिस्तान संबंधों में बढ़ते तनाव के मद्देनजर उठाया गया है। इसके साथ ही, सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क के तहत जारी किए गए सभी वीजा छूट रद्द करने का फैसला भी किया है। इसके अलावा भारत में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया है। इस फैसले के साथ ही अटारी बॉर्डर चेकपोस्ट को भी बंद किया जाएगा, जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच जमीनी संपर्क भी समाप्त हो जाएगा। ये सभी फैसले भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता को ध्यान में रखते हुए लिए गए हैं। भारत ने कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के मद्देनजर ये कदम उठाया है। इस हमले में 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

# कायस्थ एकजुटता समय की मांग: राजीव रंजन प्रसाद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जमुई में ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) द्वारा आयोजित कायस्थ महाकुंभ का उद्घाटन करते हुए जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कायस्थ एकजुटता आज समय की मांग है । राजीव रंजन प्रसाद ने कायस्थ महाकुंभ में उपस्थित चित्रांश बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस,लोकनायक जयप्रकाश नारायण,डॉ राजेंद्र प्रसाद, स्व लालबहादुर शास्त्री, स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंदो, महाराजा ललितादित्य, महाराजा प्रतापादित्य, कृष्णदेव राय, पुलकेशिन द्वितीय, मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा और बालासाहेब ठाकरे आदि जैसी महान विभूतियों की संतानें आज अस्तित्व संकट के गंभीर दौर से जूझ रही हैं ।प्रशासन, पत्रकारिता और लॉ जैसे परम्परागत क्षेत्रों में भी चुनौतियाँ खड़ी हैं ।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक तौर पर तो सबसे ज़्यादा मुश्किलें बढ़ रही हैं । कभी देश की अगुवाई करने वाली जाति आज हाशिये पर है । प्रसाद ने कहा कि आज भी राज्य के 35 से ज़्यादा निर्वाचन क्षेत्रों में कायस्थ समाज की भूमिका निर्णायक हो सकती है, लेकिन इसके लिए एकजुटता एवं वोट ट्रांसफर की क्षमता बेहद आवश्यक है । ग्लोबल अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में इंजीनियरिंग ,मेडिकल एवं पॉलिटेक्निक एवं अन्य तकनीकी संस्थानों का जाल बिछाया गया है ।इसका लाभ कायस्थ समाज के छात्रों को उठाना चाहिए।

# रोहिणी सेक्टर-17 अग्निकांड: 'आप' नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार पर लगाया संवेदनहीनता का आरोप

**एजेंसी**

**नई दिल्ली**। दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-17 की झुग्गियों में लगी भीषण आग के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज समेत कई नेता देर रात घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस हादसे में मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई, जिसे लेकर 'आप' नेताओं ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया के जरिए कहा है कि आग सुबह करीब 11:30 बजे लगी थी। फायर स्टेशन महज पांच मिनट की दूरी पर था, इसके बावजूद फायर ब्रिगेड दो घंटे बाद पहुंची, जब तक बच्चों की केवल राख बची थी। उन्होंने सवाल उठाया कि आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को कितने बजे मिली थी और आखिरकार इतनी देरी क्यों हुई?सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर निशाना साधते हुए हुए कहा कि जब यह भयावह घटना घटी, उस समय सीएम बवाना विधानसभा क्षेत्र में 'मन की बात' कार्यक्रम सुन रही थीं, जो घटनास्थल से अधिक दूर नहीं था। बावजूद इसके, मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक घटनास्थल



पर नहीं पहुंचे। भारद्वाज ने कहा, छोटे-छोटे बच्चे जलकर राख हो गए और उनके माता-पिता बिलखते रहे, लेकिन सरकार ने कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई।'

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं ने चुनाव से पहले झुग्गियों में जाकर कैरम और लूडो खेलते हुए दिखावे किए थे, लेकिन आज जब असली संकट आया है, तो कोई मदद के लिए नहीं आया। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को अब इन बच्चों के साथ कैरम खेलने आना चाहिए, और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भी पीड़ितों से मिलना चाहिए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 'इतना अमानवीय रवैया शायद ही कोई दिखा सकता है।' उन्होंने दावा किया कि रविवार रात तक घटनास्थल पर कोई खाने-पीने या दवाइयों की व्यवस्था नहीं थी, जबकि भाजपा सरकार दावा कर रही थी कि सभी इंतजाम कर दिए गए हैं।

# दिल्ली में रह रहे 5000 पाकिस्तानी नागरिक, पुलिस को मिली लिस्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** । इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) ने राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे करीब 5000 पाकिस्तानी नागरिकों की सूची दिल्ली पुलिस को सौंपी है, ताकि इन लोगों की घर वापसी सुनिश्चित की जा सके। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम जिले में पर्यटकों पर हुए हालिया आतंकवादी हमले के बाद केंद्र के हालिया निर्देश के मद्देनजर पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने सूची को दिल्ली पुलिस की एक विशेष शाखा के साथ साझा किया है और इसे आगे के सत्यापन और पहचान के लिए संबंधित जिले के साथ भी साझा किया गया है। सूची में हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों के नाम शामिल हैं, जिनके पास दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) है और उन्हें छूट दी गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सत्यापन के लिए सूची को संबंधित जिले को सौंप दिया गया है और पाकिस्तानी नागरिकों से उनके देश लौटने के लिए कहा गया है। मध्य और उत्तर-पूर्व जिलों में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि इस मामले पर एक बैठक बुलाई गई थी और दिल्ली पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा और खुफिया ब्यूरो (इंटेलिजेंस ब्यूरो) के अधिकारियों को दिल्ली में रह रहे इन पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में जानकारी एकत्र करने और उन्हें जल्द से जल्द भारत छोड़ने के लिए कहने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कई पाकिस्तानी नागरिक पहले ही देश छोड़ चुके हैं। एक अन्य अधिकारी ने पुष्टि की कि उनके पास दिल्ली में रह रहे 3000 और 2000 पाकिस्तानी नागरिकों की दो सूचियां हैं। कुछ नाम इन सूचियों में दोहराए गए हैं और उनके ठहरने की स्थिति का सत्यापन किया जा रहा है, क्योंकि कई पाकिस्तानी नागरिक पहले ही देश छोड़ चुके हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले को लेकर दिए बयान पर रॉबर्ट वाड्रा की सफाई, 'मैं भारत के साथ खड़ा हूं और हमेशा खड़ा रहूंगा'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना पर अपने पुराने बयान को लेकर विवादों में आए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के साथ खड़ा हूं और हमेशा खड़ा रहूंगा। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि मैं ये शब्द पूरी ईमानदारी और सच्चाई के साथ लिख रहा हूं। इसलिए मैं चाहता हूं कि इसे उसी भावना से लिया जाए। वाड्रा ने कहा कि मैंने पहले जो कहा उसे उसके संपूर्ण संदर्भ में पूरी तरह से नहीं समझा गया है क्योंकि मेरे इरादों की गलत व्याख्या की गई है। उन्होंने आगे लिखा, ÷चलिए मैं मानता हूं कि उन्हें स्पष्ट करना मेरी जिम्मेदारी है। मैं ईमानदारी, पारदर्शिता और सम्मान के साथ खुद को स्पष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैंने कुछ दिनों तक मौन रहने का विकल्प चुना है। लेकिन, इसे निष्क्रियता, उदासीनता या देशभक्ति की कमी के रूप में न समझा जाए। वास्तव में, यह मेरे देश के प्रति मेरे गहरे प्रेम, सत्य के प्रति मेरे अगाध सम्मान और ईमानदारी के प्रति मेरी प्रतिबद्धता के कारण ही है कि मैंने बोलने से पहले चिंतन करने के लिए समय निकाला है। वाड्रा ने कहा, मैं इस बारे में स्पष्ट कर दूं कि



मैं कहां खड़ा हूं और हमेशा से कहां खड़ा रहा हूं, मैं उस भयानक आतंकवादी हमले की पूरी तरह निंदा करता हूं जिसमें निर्दोष लोगों की जान गई और परिवार बिखर गए। मैं हमेशा भारत के साथ खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा। उन्होंने आगे लिखा कि कोई भी औचित्य नहीं है- राजनीतिक, धार्मिक या वैचारिक- जो कभी भी असहाय लोगों के खिलाफ हिंसा के इस्तेमाल को माफ कर सके।वाड्रा ने अंत में महात्मा गांधी के अहिंसक मंत्र की याद दिलाई। आगे लिखा, ÷मेरा मानना है कि किसी भी रूप में आतंक, न केवल व्यक्तियों पर बल्कि मानवता की आत्मा पर हमला है। यह हर इंसान के बिना डरे जीने के मूल अधिकार को खत्म कर देता है। कोई भी कारण इतना उचित नहीं है कि निर्दोष लोगों के खून बहाने को सही ठहराया जा सके। मैं हम सभी से यह याद रखने का आह्वान करता हूं कि गांधी जी ने हमें क्या सिखाया, अहिंसा निष्क्रिय नहीं है। यह सबसे साहसी विकल्प है जो हम चुन सकते हैं। बता दें कि वाड्रा ने पहलगाम घटना पर कहा था कि देश के मुसलमान कमजोर महसूस कर रहे हैं और यह घटना पीएम मोदी के लिए एक संदेश है।

# घर से लापता तीन किशोरियों को परिजनों से मिलाया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** घर से लापता तीन किशोरियों को साउथ वेस्ट जिला पुलिस ने बरामद कर परिजनों से मिलाया है। उनकी तलाश में पुलिस ने सोशल मीडिया से लेकर मैनुअल स्तर तक सभी संभावित प्रयास किए। किशोरियों के परिजनों व दोस्तों से भी जानकारी हासिल की गई। साउथ वेस्ट डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि सागरपुर इलाके से 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर उसकी तलाश आरंभ की। कोई सफलता न मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी बलबीर सिंह की देखरेख में टीम गठित की गई। इस दौरान टीम ने बच्ची के परिजनों व दोस्तों से जानकारी हासिल की। इसके अलावा विभिन्न ग्रुपों में फोटो भी साझा किए गए। काफी खोजबीन के बाद लापता किशोरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। कानूनी औपचारिकताओं के बाद किशोरी को परिजनों को सौंप दिया गया। इसके अलावा नेब सराय इलाके में 14 और 16 वर्षीय किशोरियों के लापता होने की शिकायत मिली थी। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने मामले की जांच की तो पता चला कि लापता एक किशोरी के पास मोबाइल फोन है। वह दो नंबरों का इस्तेमाल कर रही थी। पुलिस ने दोनों नंबरों की सीडीआर निकलवाई तो पता चला कि किशोरी की लोकेशन पहले बरेली तथा इसके बाद शाहजहांपुर में पाई गई। बच्चों के पूरे रूट का पता लगाया गया। शाहजहांपुर में आरपीएफ की मदद से पता चला कि स्टेशन पर दोनों किशोरी साथी थी। उसके बाद अलग अलग हो गई। एक किशोरी ट्रेन से दिल्ली आ रही है। यह जानकारी पता लगने पर टीम ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से 14 वर्षीय किशोरी को बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि दूसरी किशोरी बस से आने की जिद कर रही थी। इसके बाद पुलिस टीम ने कश्मीरी गेट बस अड्डे से दूसरी 16 वर्षीय किशोरी को भी बरामद कर लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह शाहजहांपुर में अपने दोस्त से मिलना चाहते थे। हालांकि वह वहाँ किसी को नहीं जानते थे और उनके पास पैसे भी खर्च हो गए थे। इसलिए उन्होंने वापस लौटने का निर्णय लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### अन्नदा कॉलेज में हुआ कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन




**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** अन्नदा कॉलेज के करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल के द्वारा स्मार्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में जॉब कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में बीबीए विभाग, अंग्रेजी विभाग, वाणिज्य संकाय के 35 छात्राओं ने भाग लिया। साक्षात्कार दो चरणों में आयोजित हुआ। प्रथम चरण में 18 छात्राओं का चयन अगले चरण के लिए किया गया। पर्सनल इंटरव्यू राउंड में 8 छात्राओं को एकेडमिक ट्रेनर और काउंसलर के पद के लिए चयनित किया गया। जिसके लिए उन्हें औसत 3.5 लाख का पैकेज ऑफर किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग से नैन्सी जैन, शाल्वी कुमारी, दिव्यानी सिंह, अंग्रेजी विभाग से अन्वेषा सिन्हा, प्रियंका कुमारी, सुनैना कुमारी, बीबीए विभाग से श्रेया कुमारी, काशफ परवीन शामिल हैं।इस कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. बिनीता कुमारी, कोऑर्डिनेटर, प्लेसमेंट सेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्मार्ट फाउंडेशन के निदेशक श्री आशीष सिंह और टीम मौजूद थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नीलमणि मुखर्जी ने बताया कि महाविद्यालय अपने छात्र-छात्राओं के करियर विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी।

### बड़कागांव में ओलावृष्टि और बारिश ने गर्मी से दी राहत



**बड़कागांव संजय कुमार**
**बड़कागांव।** सोमवार को शाम 4:00 बजे बड़कागांव प्रखंड के कई गांव में भारी ओलावृष्टि एवं बारिश हुई हुई। जिसके कारण भारी गर्मी से लोगों को राहत मिली वही ओलावृष्टि और बारिश होने से कई प्रकार की सब्जियों को नुकसान भी हुआ है। ओलावृष्टि होने से नन्हे मुन्ने बच्चे ओला को अपने हाथों में लेकर खूब मौज मस्ती करते देखे गए। पिछले 5 दिनों से बडका गांव प्रखंड में लगभग 43से 45 डिग्री सेल्सियस तापमान गर्मी पड़ रही थी। फिलहाल ओलावृष्टि और बारिश होने से राहत तो जरूर मिली है, परंतु 1 मई से पुनः फिर से गर्मी अपने सातवें आसमान पर होगा। जिससे अचानक लोग बीमार पड़ सकते हैं। इसलिए लोगों को सचेत रहने की जरूरत है।

### कुलपति ने किया विभागों का दौरा



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार सिंह ने आज कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं फिजियोथैरेपी विभाग का दौरा किया। इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं शिक्षकों तथा विद्यार्थियों से उन्होंने विभाग के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के उपरांत कुलपति ने बताया कि वह चाहते हैं कि एक-एक करके सभी विभाग का वह दौर करें और वहां की आवश्यकताओं को और संभावनाओं को समझे। इससे उक्त विभाग से प्राप्त विकास कार्य संबंधी प्रस्ताव पर त्वरित निर्णय लेने में सुविधा होगी। कैंपस डेवलपमेंट प्रोग्राम के समन्वयक डॉ उमेंद्र सिंह इस मौके पर कुलपति के साथ थे।

### रोजगार व प्रदुषण भत्ता मांग को लेकर बरवाडीह के भू-रैयत ने पीएनएम ट्रांसपोर्टिंग की गाड़ियों को 13 माईल के पास रोका



**संजय कुमार**
**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव**
**बड़कागांव।** अपनी मांगों को लेकर बरवाडीह के भू-रैयत ने बुधवार को पीएनएम कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी की कोयला ट्रांसपोर्टिंग करने वाली गाड़ियों को 13 माइल के पास सोमवार को कुछ देर तक रोक दिया गया। बरवाडीह के भू-रैयत ने पीएनएम ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के पदाधिकारी तबरेज के साथ भू-रैयतों ने रोजगार मुहैया तथा प्रदुषण भत्ता देने कि बात पर पीएनएम कंपनी के वरीय अधिकारियों से वार्ता कराने की लिखित आश्वासन दी थी। लेकिन वार्ता नहीं हो सका जिसको लेकर बरवाडीह के भू-रैयतों ने पुनः सड़क पर उतरकर पीएनएम ट्रांसपोर्टिंग का कोयला ट्रांसपोर्टिंग को रोक दिया। इसके बाद सीआईएसएफ के जवान ट्रांसपोर्टिंग चालू करने के लेकर जद्दोजहद करते नजर आए ,वही सूचना पाकर थानाप्रभारी नेमधारी रजक व सीआईएसएफ के पदाधिकारी पहुंचे और पहल किया जिसमें दोनों पक्षों को समस्या का समाधान करने से संबंधित वार्ता कराने का पीएनएम कंपनी के पदाधिकारी द्वारा लिखित आश्वासन की सूचना भू रैयतों को दिया गया इस अवसर पर थाना प्रभारी नेमधारी रजक,एस आई इंद्रजीत कुमार, सीआईएसएफ के पदाधिकारी, एनटीपीसी व पीएनएम कंपनी के पदाधिकारी व बरवाडीह के ग्रामीण भू-रैयत मौजूद थे।

# मांडू सांसद प्रतिनिधियों संग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि ने किया अहम बैठक, जनहित में कार्य में तेजी लाने हेतु दिए कई टिप्स

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल की उपस्थिति में मांडू विधानसभा क्षेत्र के सभी सांसद प्रतिनिधियों का एक अहम बैठक



सीसीएल जीएम कार्यालय सभागार चरही में आयोजित किया। जिसमें सांसद मनीष जायसवाल द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे विभिन्न सेवा कार्य, उनके आने वाले क्षेत्र दौरे और विकास कार्यों से संबंधित आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा-परिचर्चा हुई। लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के सभी सांसद प्रतिनिधियों को जनहित और क्षेत्रहित में कार्य करते हुए सेवा कार्य में सक्रियता बढ़ाने और सांसद संग जनता का अधिक से अधिक समन्वय स्थापित कराने हेतु कई टिप्स देते हुए अहम दिशा- निर्देश दिया। मौके पर विशेष रूप से बैठक में मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ़ खोखा सिंह, मांडू विधानसभा सह- प्रतिनिधि पुरुषोत्तम सिंह, मांडू विधानसभा क्षेत्र की सांसद मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, मांडू मंडल सांसद प्रतिनिधि विवेक गुप्ता, आरा मंडल सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार प्रसाद, टाटीझरिया सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल, विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रवींद्र कुमार वर्णवाल उर्फ़ दीपू, चुरचू मंडल सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो मौजूद रहें।

## डेमोटांड शिवमंदिर से आयोजित कलश यात्रा में बतौर अतिथि भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुई शामिल, तीन दिवसीय महायज्ञ का हुआ शुरूआत

● **धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है, भक्तिभाव का महौल पूरे क्षेत्र में बना रहता है: शेफाली गुप्ता**

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** सदर प्रखण्ड स्थित डेमोटांड शिवमंदिर में आयोजित कलश यात्रा में सोमवार को बतौर अतिथि भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यज्ञ समिति एवं कलश यात्रियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कलश यात्रियों को माथे पर कलश देकर जलाशय के लिए रवाना किया। हर हर महादेव, नमः शिवाय एवं जय शिव शंभु के भगवत जयकारा से भक्तिमय महौल बन गया। कलश यात्रियों के



कदम से कदम मिलाकर चलकर हौसला बढाया तथा ईश्वर से उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय महायज्ञ का शुरूआत हुआ। उन्होंने सभी की जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है। साथ ही भक्तिभाव का महौल पूरे क्षेत्र में बना रहता है। मौके पर यज्ञ समिति के सदस्य दमोदर प्रसाद, जितेंद्र साहू, मोहन कुमार, केदार कुमार, संतोष कुमार, प्रकाश साव, कैलाश कुमार, बद्रीनारायण प्रसाद, महेश प्रसाद, सोहर साव, प्रकाश साव, अशोक कुमार एवं सिकंदर कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान, नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर एक विशेष चेकिंग अभियान और कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व माननीय रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, डाल्टनगंज, प्रज्ञेश निगम द्वारा किया गया। इस दौरान महिला डिब्बों में अनधिकृत यात्रा करने वाले, प्लेटफॉर्म पर अनुशासनहीनता फैलाने वाले और स्टेशन परिसर के नो पार्किंग क्षेत्र में मोटरसाइकिल खड़ी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। पकड़े गए सभी आरोपियों को मौके पर ही माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय ने उन्हें आर्थिक दंड से दंडित किया।

विशेष अभियान में रेलवे सुरक्षा बल ने अहम भूमिका निभाई। निरीक्षक प्रभारी यू. एस. ओझा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, चंद्र भान पांडेय, प्रधान आरक्षी राज कुमार साव, दीपक यादव सहित कई आरक्षियों ने मिलकर स्टेशन पर चेकिंग अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

कार्यक्रम के दौरान माननीय न्यायिक दंडाधिकारी ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि रेलवे नियमों का पालन करना प्रत्येक यात्री का कर्तव्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रेलवे परिसर में अनुशासनहीनता और नियम उल्लंघन के विरुद्ध भविष्य में भी इस प्रकार की औचक कार्रवाई की जाएगी।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि सुरक्षित, स्वच्छ और अनुशासित वातावरण बनाए रखने के लिए सभी को नियमों का पालन करना आवश्यक है। आज का अभियान यात्रियों के बीच एक स्पष्ट संदेश छोड़ गया है कि नियम तोड़ने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित है।

## पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रखण्ड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल महुड़र ने किया शील्ड अपने नाम

**आउटडोर गेम से मन मस्तिष्क स्वास्थ्य रहता है सुबोध ओझा**

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मेयातु में प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन विगत एक माह पूर्व पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन झारखण्ड के द्वारा किया गया था जिस में प्रखण्ड के कुल 16 टीम ने भाग लिया था। आज फाइनल मैच मेंयातु व महुडर के बीच खेला गया महुडर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मेंयातु को हरा कर शील्ड अपने नाम किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखण्ड सेवा मंडल के सचिव सुबोध कुमार ओझा अति विशिष्ट अतिथि सुल्ताना पंचायत उपमुखिया विनय कुमार दुबे मो. खालिक रहे । सुबोध ओझा



ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन संस्था का पहल सराहनीय है इस प्रकार के आयोजन से युवाओं में उत्साह बढ़ता है साथ ही मन मस्तिष्क भी स्वास्थ रहता है। पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव सुनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि संस्था युवाओं महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है, प्रखण्ड में छुपी हुई प्रतिभा का निखार हो इस लिए इस प्रकार के आयोजन जरूरी है। उपमुखिया विनय दुबे ने कहा मै हर वक्त संस्था के साथ हु श, पंचायत में खेल मैदान नहीं होने से युवाओं को काफी दिक्कत होता है,लेकिन इस समस्या का हम लोग मिल कर समाधान निकलेंगे। मौके पर पप्पू कुमार, प्रिंस शुक्ला, सुनिल प्रजापति राखी कुमारी, अजय कुमार , सचिन कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट ने प्रभावित क्षेत्र के लिए पेयजल का शुभारंभ कराया



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोयला खनन परियोजना प्रभावित क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं को देखते हुए गांव कंडाबेर,बेलतू, बरियातू में टैंकर द्वारा ग्रामीणों के बीच शुद्ध पेयजल वितरण का उद्घाटन किया गया।पानी के टैंकर का उद्घाटन एनटीपीसी पीबीएनब्ल्यू के सिरमा साइट ऑफिस के पास किया गया। मुख्य रूप से इन तीनों पंचायत के 7 गांव को ग्रीष्मकालीन समय में पानी के संकट के बीच शुद्ध पेयजल का लाभ मिलेगा। पानी के टैंकर का उद्घाटन पकरी बरवाडीह कोयला खान परियोजना सदानंद चारी (अपर महाप्रबंधक, माइनिंग एजेंट पीबीएनब्ल्यू) पुरुषोत्तम सोनी (उप महाप्रबंधक, पीबीएनब्ल्यू)के द्वारा किया गया। मौके पर सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक, नॉर्थ वेस्ट माइनिंग विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक संजय कांडी, कंडाबेर के मुखिया दिनेश साव आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग प्रेस क्लब में दिवंगत पत्रकार टीपी सिंह और शाद्वल कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** कोरोना काल में दिवंगत हुए दो वरिष्ठ पत्रकार स्व टीपी सिंह और स्व शाद्वल कुमार को उनकी पुण्यतिथि पर हजारीबाग प्रेस क्लब में याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दोनो पत्रकार को श्रद्धांजलि दी गई। हजारीबाग प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकारों ने बारी बारी से दोनों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस श्रद्धांजलि सभा में जेजेए के फाउंडर शाहनवाज हुसैन विशेष रूप से उपस्थित हुए। क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह ने पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि आज दोनों की कमी खलती है, जिस निडरता से दोनो ने पत्रकारिता किया वह अद्वितीय है। पत्रकारिता



के क्षेत्र में उन दोनों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता। क्लब के सचिव विस्मय अलंकार ने कहा कि आज भले ही दोनों हमलोग के बीच नहीं है, मगर उन दोनों के द्वारा किए कार्य हम सबों को प्रेरणा देती है। जेजेए के फाउंडर शहनवाज हुसैन ने कहा कि स्व टीपी सिंह और स्व शाद्वल कुमार के बारे में जितना कहा जाए कम होगा। उनकी लेखनी के साथ उनका व्यक्तित्व का भी कोई जोड़ नहीं था। जेजेए जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने कहा कि दोनों मेरे दो हांथ की तरह थे, उनकी कमी आजीवन खलेगी। क्लब के उपाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि हम सबों को उन दोनों से प्रेरणा लेने का दिन है। मौके पर गौरव प्रकाश, कुणाल सिंह, सचिन खंडेलवाल, प्रमोद सिंह, उमेश पांडे, भास्कर उपाध्याय, शशांक शेखर, प्रहलाद सिंह, रवि शर्मा, सीतेश तिवारी, प्रदीप पाठक, रितेश खंडेलवाल, अभिषेक पांडे, फैज अनवर, एजाज आलम, कासिफ अदीब, पुरूषोतम उपाध्याय, रवि सिंह, विवेक सिंह, भावेश मिश्रा, पीयूष मिश्रा, राहुल कुमार, सुशांत सोनी, रूपांशु कुमार, आशीष सिन्हा, अनुज सिन्हा, नरेश सोनी, समेत हजारीबाग प्रेस क्लब के दर्जनों पत्रकार उपस्थित हुए और श्रद्धांजलि दी।

# हजारीबाग यूथ विंग ने बुजुर्ग महिला को कराया रक्त उपलब्ध, जरूरतमंद के लिए देवदूत बने चंद्र प्रकाश उपाध्याय

● **हजारीबाग यूथ विंग ने निभाई इंसानियत की जिम्मेदारी, संकट में दिया जीवन का संबल**

● **मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है,जरूरतमंद की सहायता के लिए हमारी संस्था सदैव तत्पर है और रहेगी : चंद्र प्रकाश जैन**

● **हजारीबाग यूथ विंग का संकल्प है कि हर जरूरतमंद को समय पर सहायता मिले : करण जायसवाल**

**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग, जो लगातार सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सक्रियता दिखा रही है, इसी दौरान सोमवार को मानवता की एक शानदार मिसाल पेश की। शहर की एक बुजुर्ग महिला को अचानक रक्त की सख्त आवश्यकता पड़ी। परिजनों ने जब हजारीबाग यूथ विंग से सहायता की अपील की, तो संस्था ने बिना देर किए सक्रियता दिखाई। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न स्त्रोतों से रक्तदाता की तलाश शुरू की। इसी क्रम में द कोबरा कराटे



अकादमी के संस्थापक चंद्र प्रकाश उपाध्याय से संपर्क कर रक्तदान का आग्रह किया गया। अपील करते ही उपाध्याय ने तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। उनके इस त्वरित और निःस्वार्थ कदम से बुजुर्ग महिला की जान बचाई जा सकी। यह चंद्र प्रकाश उपाध्याय का पहला रक्तदान था। रक्तदान करने के बाद उन्होंने कहा,मुझे बेहद अच्छा अनुभव हो रहा है, जीवन में पहली बार रक्तदान किया और यह एहसास शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। क्योंकि इससे न केवल किसी का जीवन बचता है, बल्कि भीतर से भी असीम खुशी मिलती है.इस सेवा कार्य के अवसर पर संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने भी कहा की हजारीबाग यूथ विंग का मुख्य उद्देश्य संकट के समय जरूरतमंदों तक तुरंत सहायता पहुंचाना है। चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने जो संवेदनशीलता और तत्परता दिखाई, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम चाहते हैं कि युवा पीढ़ी ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। रक्तदान जीवनदान है, और यह सबसे बड़ा मानव धर्म है। संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार मानव सेवा के कार्यों में अग्रसर रहेगी। अध्यक्ष करण जायसवाल ने रक्तदाता के जज्बे को सलाम करते हुए कहा की हजारीबाग यूथ विंग का संकल्प है कि हर जरूरतमंद को समय पर सहायता मिले। हम युवा शक्ति के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सचिव रितेश खंडेलवाल, सदस्य जय प्रकाश खंडेलवाल और ब्लड बैंक के टेक्नीशियन मुरली प्रजापति,शमशाद, मधु एवं नेहाल भी उपस्थित रहे और प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। हजारीबाग यूथ विंग ने पुनः यह सिद्ध कर दिया कि जब भी मानवता की पुकार होती है, वे सबसे आगे खड़े रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक एवं झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति के द्वारा मृतकों के आश्रितों को बीमा राशि सौपी गई



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा मृतक के आश्रितों को जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत समूह के 2 महिला और एक पुरुष का देहांत हो जाने के बाद झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति के कोऑर्डिनेटर छोटू कुमार दास के प्रयास से तीनों मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख रुपये दिलवाने में सहयोग किया। ममता देवी बेलहरी पूनम देवी के पति मेघन राणा सरहेता पीतीज से मृतक आरती देवी पति राजेश साव को 2-2 लाख रुपए का चेक दिया गया सभी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति से समूह में जुड़ी हुई थी। शनिवार को सभी आश्रितों को मंझगवा पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत नावार्ड से आए हुए झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के लीडिंग जिला मैनेजर मंटू सर, राखी कुमारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति के कोऑर्डिनेटर छोटू दास, सीसी रंजित यादव, निशांत कुमार आईपीआरपी अजय कुमार, सचिव कुसुम देवी जेंडर सीआरपी नीतू कुमारी, मैनेजर कुमारी प्रिया, कंचन, पूनम, आभा देवी, अंगिरा देवी, सरिता देवी शामिल थे।

### सड़क हादसे में मृतक के परिजनों से मिले विधायक, बंधाया ढाढस



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के कोबना पंचायत अन्तर्गत बहेरी निवासी अरविंद लाल की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सोमवार को दोपहर 12 बजे चतरा विधायक जनार्दन पासवान उनके आवास पर पहुंचे जहां उन्होंने अंतिम दर्शन किया वहीं उन्होंने मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मौके पर विधायक ने परिवार के सदस्यों को इस दुख की घड़ी में हिम्मत से काम लेने की अपील करते हुए कहा कि वे इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ है। ज्ञात हो कि रविवार शाम अरविंद अपने दो दोस्तों के साथ हंटरगंज पानी टंकी के समीप कार रिपेयर के करवाने गए थे। इसी दौरान में चतरा डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पानी टंकी आरसीएम दुकान के समीप कार का गेट खोल कर मुख्य पथ पर जैसे ही खड़ा हुवे उसी दौरान चतरा की ओर से आ रही अनियंत्रित टोटो ने चपेट में ले लिया था। जिससे घटना स्थल पर ही अरविंद की मौत हो गई।

### क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों ने की चर्चा

- **आगामी 22 मई से क्रिकेट टूर्नामेंट का किया जायेगा आयोजन- सी.पी.एल**



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत रविवार को हाई स्कूल के मैदान में छत्तरपुर क्रिकेट क्लब समिति के द्वारा CPL-15 बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व CPL कमिश्नर सिंटू सिंह ने किया।बैठक का संचालन सोल्डी सिंह ने किया।बैठक में क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सर्वसमिति से आगामी 22 मई दिन गुरुवार से मैच आरंभ करने का निर्णय लिया गया। CPL-15 का कमिशनर सोल्डी सिंह एवं सचिव रितेश चंद्रा क़ो बनाया गया, उपाध्यक्ष रजनीश कुमार, संरक्षक अमित कुमार, सिंटू सिंह, सुरेश कुमार, प्रभात कुमार, डब्लू कुमार, गोलू सिंह, रोहित सिंह, रुपेश सिंह, योगी बघेल , राकेश चंद्रा, प्रदीप कुमार, गोल्डी सिंह,अमित सिंह, ऋतू रंजन सिंह,जीतेन्द्र गुप्ता,अजित प्रजापति क़ो बनाया गया ,कोषाध्यक्ष- राहुल राय एवद्द मोनू सिंह को बनाया गया और मीडिया प्रभारी एवं सह संजोजक राहुल चंद्रा को बनाया गया। व्यवस्थापक सोनू सिंह, नागेंद्र कुमार,मुन्ना सिंह,आशुतोष कुमार,विशाल कुमार सदस्य अंश कुमार,आर्यन, मुटुर, खुशहाल सिंह, विकी ,प्रकाश उरांव, उपेंद्र उरांव, नधकू उराव, राजू सिंह भीकू कुमार, बिट्टू ,रवि कुमार, को बनाया गया।

### अबुवा एवं प्रधानमंत्री आवास में प्रखंड में मची है लुट - संदीप सरकार



**पलामू।** छतरपुर पाटन विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी युवा नेता संदीप सरकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की आबुआ एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी अनियमितता एवं लूट मची है। उन्होंने बताया कि प्रखंड स्वयंसेवक छतरपुर की मिली भगत से प्रखंड के सभी पंचायत में आवास योजना में लाभुकों से खुलेआम तसीली हो रही है, रिश्वत नहीं मिलने पर योग्य लोगों को आवास से वंचित रखा जा रहा है वही मोटी रकम लेकर अयोग्य व्यक्तियों को खुलेआम आवास का लाभ पहुंचाया जा रहा है वसूली करने वाले में स्वयंसेवक, अन्य बिचौलिया के साथ-साथ पंचायत सचिव भी शामिल है, इन तमाम गतिविधियों से अवगत होने के बाद भी प्रखंड विकास पदाधिकारी मौन है, उन्होंने पलामू उपायुक्त से मांग किया कि जिला स्तरीय टीम के गठित का अबुआ आवास योजना एवं की प्रधानमंत्री आवास योजना को जांच कराई जाए।

# विभावि में व्यापक बदलाव की तैयारी: कैंपस डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 20 दिन में दिखेगा विकास का नया स्वरूप

**विभावि मे सौन्दर्यीकरण और लघु सिंचाई योजना औटेमेटिक सिंचाई कराई जाएगी**



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय (विभावि) के परिसर में शीघ्र ही व्यापक स्तर पर विकास कार्यों की शुरुआत होने जा रही है। सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार सिंह ने आयोजित प्रेस वार्ता में कैंपस डेवलपमेंट प्रोग्राम सहित कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी साझा की। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय मुख्यालय मे चरणबद्ध ढंग से विकास कार्य किए जाएंगे, जिनकी शुरुआत मुख्यालय के बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण से होगी। उन्होंने बताया कि इस दिशा में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, पूर्व छात्रों, टॉपर्स तथा विभागों के शिक्षकों और समाज के प्रबुद्धजनों से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। विचार-विमर्श के बाद प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जाएगा। विभिन्न समिति के अध्ययन एवं चयन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। कुलपति ने विश्वविद्यालय के अतिथि भवन की जर्जर स्थिति पर उसके शीघ्र जीर्णोद्धार और पुनः संचालन कराया जाएगा। उन्होंने परिसर में पशुओं के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए चारदीवारी की मरम्मत के निर्देश दिए और बिनोदिनी पार्क के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भी तैयार करने की बात कही। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्षा एवं गर्मी के मौसम में दोनों प्रवेश द्वारों से प्रमुख भवनों तक छायादार पाथवे निर्माण की योजना बनाई गई है। साथ ही, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए वाहन पार्किंग स्थल भी विकसित किए जाएंगे। शैक्षणिक गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय की कक्षाओं के उन्नयन पर विशेष बल दिया जाएगा। इसके लिए विभागों से विस्तृत कार्य योजनाएँ मांगी गई हैं। कुलपति ने यह भी निर्देश दिया कि परिसर में पेयजल, स्वच्छता, बिजली एवं सेनेटरी मरम्मत से जुड़े कार्यों को तत्काल प्रभाव से प्रारंभ किया जाए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में शीघ्र ही ऑनलाइन फाइल प्रणाली भी लागू की जाएगी, जिससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ेगी। प्रेस वार्ता में नोडल विकास अधिकारी डॉ. उमेंद्र कुमार सिंह ने कैंपस डेवलपमेंट प्रोग्राम से संबंधित विभिन्न योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। कुलपति ने स्पष्ट किया कि सभी प्रस्तावों और विकास कार्यों को निर्धारित 20 दिनों के भीतर निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया है। एक नई ऊर्जा और नवीनता के साथ विश्वविद्यालय जल्द ही कुलाधिपति व्याख्यान माला का भी पुनः आयोजन करेगा, जिसके लिए सभी विभागों को अंतरविभागीय व्याख्यान आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। विभावि प्रशासन के इन ठोस कदमों से यह स्पष्ट है कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय न केवल भौतिक विकास बल्कि शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेगा।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सतत विकास पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस**

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सतत विकास विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया, जिसमें गुरुनानक कॉलेज, धनबाद के सहायक प्रोफेसर डॉ. संजय प्रसाद ने भाग लिया।

अपने संबोधन में, डॉ. प्रसाद ने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिक्षा किस प्रकार आर्थिक विकास, सामाजिक समानता और पर्यावरण संरक्षण के लिए आधार का काम करती है। वैश्विक ढाँचों और स्थानीय चुनौतियों दोनों का हवाला देते हुए, डॉ. प्रसाद ने लचीले समाजों के निर्माण के लिए समावेशी, न्यायसंगत और आजीवन सीखने के अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया।

विभिन्न विभागों के छात्र, संकाय सदस्य और शोध विद्वान व्याख्यान में शामिल हुए और उसके बाद हुए संवादात्मक सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. प्रसाद ने श्रोताओं को शिक्षा को केवल अकादमिक उपलब्धि के रूप में नहीं बल्कि सतत और समावेशी विकास के लिए एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह कार्यक्रम छात्रों को वैश्विक प्रासंगिकता के समकालीन मुद्दों से अवगत कराने और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए विभाग के चल रहे प्रयासों का हिस्सा था। विभागाध्यक्ष ने डॉ. प्रसाद को उनकी व्यावहारिक प्रस्तुति के लिए आभार व्यक्त किया और सकारात्मक बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और सभी हितधारकों से शिक्षा के माध्यम से सतत विकास के दृष्टिकोण को साकार करने में सहयोग करने के आह्वान के साथ हुआ।

## भद्रकाली महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष सियाराम प्रसाद का निधन



**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** भद्रकाली महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सह संस्कृत विभागाध्यक्ष 59 वर्षीय सियाराम प्रसाद का आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे रिम्स रांची में इलाजरत थे। उन्होंने 27 अप्रैल की रात्रि में अंतिम सांस ली। सोमवार को महाविद्यालय में उनकी आत्मा की शांति के लिए एक शोकसभा का आयोजन किया गया। सभी महाविद्यालय कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत संस्कृत विभाग अध्यक्ष को उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा इस विषम दुखद परिस्थिति में परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।इस मौके पर भद्रकाली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने कहा कि उनके आकस्मिक निधन से महाविद्यालय को अपूरणीय क्षति हुई है। वे संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे। शोक सभा में प्रो. जानकी प्रसाद दांगी, प्रो. महेंद्र ठाकुर, प्रो. सकेंदर मिस्त्री,डॉक्टर मंसूर आलम फखरी, प्रो. ललित मोहन चौधरी, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, प्रो. ललित कुमार सिंह, प्रो. पंकज कुमार, डॉक्टर बालेश्वर पासवान, डॉक्टर संदीप कुमार, डॉक्टर ईभा सिन्हा, प्रो. लीलू रानी, प्रो. कविता, प्रो. धीरेंद्र यादव, प्रो. राकेश,प्रो. अखिलेश कुमार पांडेय, शिक्षकेत्तर कर्मी दशरथ राणा, मोहम्मद रफीक अंसारी, विजय कुमार, रामदेव रविदास सहित सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवम् छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## निर्माणाधीन पैक्स गोदाम के अलबेस्टर सीट से दबकर एक मजदूर की मौत दूसरे की स्थिति गंभीर









**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के परसौनी पंचायत में निर्माणाधीन पैक्स गोदाम में मजदूरी कर रहे एक मजदूर के ऊपर एस्बेस्टस सिट गिरने से मौत हो गई। इस घटना में परसौनी गांव के 45 वर्षीय देवनारायण विश्वकर्मा उर्फ छोटन विश्वकर्मा की इस दुर्घटना में घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक देवनारायण के सीने पर आंधी तूफान से एस्बेस्टस सिट गिर गया। वहीं इस दुर्घटना में इसी गांव के 37 वर्षीय मजदूर कालीचरण विश्वकर्मा इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार संध्या लगभग 06:30 बजे की है। घटना के बाद दोनों को इटखोरी सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने देवनारायण विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल कालीचरण विश्वकर्मा का प्राथमिक उपचार के बाद गहन चिकित्सा के लिए चिकित्सकों ने हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने परसौनी चौक पर मृतक देवनारायण का शव रखकर इटखोरी-चौपारण मुख्य मार्ग को 10 बजे रात्रि में जाम कर दिया। सूचना पाकर इटखोरी प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर रोड जाम कर रहे आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझा कर 12 बजे रात्रि में जाम हटवाया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बाकिंरा ने कहा कि सरकारी तौर पर जो भी मुआवजा होगा वह मृतक के परिजनों को दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीण निर्माणाधीन पैक्स गोदाम के संवेदक से वार्तालाप कर मृतक के परिजनों के लिए उचित मुआवजा राशि की मांग करने लगे। बाद में संवेदक ने मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट पर किया गया।

## अतिक्रमण मुक्त करवाने का सिलसिला जारी: अंचल अधिकारी ने छतरपुर में सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण से मुक्त



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** झारखंड सरकार की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। लोक शिकायत में मामले की सुनवाई होते ही छतरपुर अंचल प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में सरकारी हॉस्पिटल के पीछे अंचला अधिकारी के द्वारा गैर मजरुआ खास जमीन पर बने चारदीवारी को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर खाली करवाया गया. छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि अतिक्रमण वाद संख्या 08/2025 में पारित आदेश के अनुपालन में मौजा छतरपुर खाता संख्या 01, प्लॉट 436 किस्म जंगल झाड़ी, गैर मजरूआ खास झारखंड सरकार की भूमि पर चहारदीवारी निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था, जिसे विधिवत दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त कराकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। विदित हो कि उक्त जमीन के अतिक्रमण वाद की सुनवाई में समर्पित दस्तावेज को अवैध पाया गया। उन्होंने बताया कि लगभग 250 फीट बाउंड्री तोड़कर जमीन खाली कराया गया यह भूमि छतरपुर हॉस्पिटल के लिए दी जा रही है जिसे आम जनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अस्पताल विस्तार करने की जरूरी है, खाता एक प्लॉट संख्या 436 में कुल रकबा 12.75 एकड़ है जिसमें पंचम सिंह वगैरह द्वारा अवैध दस्तावेज के आधार पर दावा किया जा रहा था।

## ड्राप आउट बच्चों व आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें: आदिल अजिम



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय सोंस में सोमवार को प्रोजेक्ट परख (तैयारी उड़ान की) अंतर्गत स्कूल रुआर (बैक टू स्कूल) कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण कुमार, बीपीओ मो? इम्तियाज , जिप सदस्य आदिल अजिम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जिप सदस्य आदिल अजिम ने कहा कि वे बच्चे जो विद्यालय छोड़ चुके है, उन्हें वापस लाने एवं उन्हें शिक्षित करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि रुआर का मतलब वापस आओ होता है। विद्यालय में अनामांकित 5 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को हमे विद्यालय में वापस लाना है। इसके अलावा कक्षा 1 से 11 में नामांकित सभी बच्चों को अगली कक्षा में नामांकन सुनिश्चित कराना है। वहीं नामांकित सभी बच्चों का विद्यालय में उपस्थिति भी सुनिश्चित कराना है। बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए रचनात्मक प्रयासों पर जोर दें। जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं, उनके घरों में जाकर अभिभावकों से बात करें।साथ ही साथ उपायुक्त आदेशानुसार यह कार्यक्रम 21 अप्रैल से लेकर 10 मई तक चलाया जाएगा।

## संविधान बचाओ रैली को लेकर छत्तरपुर में प्रेस वार्ता

- **आगामी 3 मई को रांची में विशाल रैली का आयोजन**
- **कांग्रेस ने की है और करेगी संविधान की रक्षा: प्रशांत किशोर**




**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**छतरपुर, पलामू।** कांग्रेस पार्टी ने 3 मई को रांची के ध्रुवा मैदान में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को कांग्रेश युवा नेता प्रशांत किशोर के नेतृत्व में हुई रणनीतीक बैठक में कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने यह तय किया कि अब भाजपा के अब झूठ और तानाशाही को जनता के सामने उजागर किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता गोपाल प्रसाद सिंह प्रखंड अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष मो. मुस्ताक आलम ने संचालन किया इस बैठक में 3 मई को आयोजित संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने हेतु भारी संख्या में भाग लेने का लिए आग्रह किया गया।

**कांग्रेस ने की है और करेगी संविधान की रक्षा**

कांग्रेस युवा नेता प्रशांत किशोर ने कहा कि वर्तमान भाजपा नीत केंद्र सरकार ने जिस प्रकार से हमारे संविधान प्रदत्त हक एवं अधिकारो को बोलने की स्वतंत्रता को छिनने का प्रयास किया है। दलित -आदिवासी एवं पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त करने की मंशा पाल रखी है। वोट की खातिर आज देश-धर्म निरपेक्षता जो संविधान का मूल रूप से है को तार -तार कर देश की एकता अखंडता को कमजोर करने का प्रयास किया गया है, साथ ही संविधान को मजबूत प्रदान करने वाली स्वतंत्र संस्थाओं यथा ईडी, आईटी, सीबीआई एवं चुनाव आयोग इत्यादि संस्थाओं की स्वतंत्रता छीनकर दुरुपयोग किया जा रहा है। नेशनल हेराल्ड के झूठे केस में राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी को फसाना इसका ताजा उदाहरण है।ये सारे घटनाक्रम इंगित करता है कि भाजपा नीत की सरकार सुनियोजित तरीके से संविधान को दर किनार कर देश में तानाशाही शासन स्थापित करना चाहती है, और इस देश में फिर से एक बार मनुवाद यानी बाबा साहब के संविधान के बदले मनुस्मृति लागू करना चाहती है। इस देश ने लंबे संघर्ष, त्याग, बलिदान एवं कुर्बानी के बाद संपूर्ण आजादी एवं संविधान को कांग्रेश पार्टी के नेतृत्व में पाया है। इसे बचाने के लिए हम संघर्ष करेंगे और लड़ेंगे। इस मनुवादी-तानाशाही को हराने हेतु 03मई 2025 दिन शनिवार को पुराना झारखंड विधान सभा मैदान धुर्वा रांची में विशाल रैली का आयोजन हो रहा है उन्होंने ने अपील की है कि 03 मई 2025 दिन शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे संविधान बचाओ अभियान राज्य स्तरीय रैली में उपस्थित हो कर इस लड़ाई में अपना योगदान दे।

बैठक में उपस्थित विश्वनाथ चौधरी, मो. अकबर खान , रूना देवी, फुलवा देवी, कलावती देवी, उमेश कुमार यादव, श्रवण प्रसाद गुप्ता,, मनोज राम, बाबू राम सिंह, कपिलदेव सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंडों में आयोजित होने वाली जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का मिशन मोड में निष्पादन करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश



**दुमका/**
उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न प्रखंडों में आयोजित जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों,निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखंडों में आयोजित होने वाले जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का मिशन मोड में निष्पादन करने का निदेश दिया।कहा कि आवेदनों को लंबित नहीं रखा जाय।मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना सहित सरकार के अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को निश्चित रूप से मिले इसे सुनिश्चित करें। जानकारी दी गयी कि कई लाभुकों की आयु राशन कार्ड तथा आधार कार्ड में भिन्न होने के कारण योजनाओं का लाभ देने में कठिनाई हो रही है, इस संबंध में उपायुक्त ने आवश्यक निदेश दिया। इस दौरान उन्होंने निदान में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संबंधित विभागों को नियमानुसार ढंग से जल्द से जल्द अपने विभाग से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निदेश दिया है।

### प्रभारी डीपीएम ने पाकुड़ प्रखंड क्षेत्र में योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**
**पाकुड़** – प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक, ई0 पंचायत आनंद प्रकाश द्वारा सदर प्रखंड पाकुड़ के झिकरहट्टी (पश्चिम)ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। भस्मक, सेग्रीगेशन बिन, हैंडवाश निर्माण का किया निरीक्षण। लक्ष्य के अनुरूप निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जन शिकायत में जल जमाव को लेकर प्राप्त आवदेन के आलोक में किये जा रहे नाली निर्माण का भी किया निरीक्षण। हर घर जल निकासी के पास सोक पिट निर्माण हेतु किया गया निर्देशित।

### जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 123 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**
अमड़ापाड़ा प्रखंड के शामपुर आंगनबाड़ी केंद्र एवं आंगनबाड़ी छोटापहाड़पुर, पाकुड़िया प्रखंड के फूलोपानी एवं हिरणपुर प्रखंड के मणिढंगा में आयुष विभाग की ओर से सोमवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 123 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ0 मिथलेश सिंह, डॉ0अमरेश कुमार, डॉ बीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा एवं डॉ0 कुलेश कुमार ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई।
हेल्थ कैंप के साथ साथ पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत लोगों को पौष्टिक भोजन /संतुलित आहार /व्यायाम/ के बारे में भी बताया गया।

### हिरणपुर के मांसिंगपुर में व्यक्ति ने किया आत्महत्या

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



**हिरणपुर (पाकुड़ )** थाना क्षेत्र के मानसिंहपुर गांव में सोमवार अपरान्ह मनोज हांसदा (22) ने अपने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसकी सूचना मिलते ही एसआई सूरज कुमार राम पुलिसबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद परिवार के सदस्यों से आवश्यक छानबीन किया। परिवार के सदस्यों ने दिन के करीब दो बजे मृतक के शव को खपरैल घर के छत में कपड़े की फंदे से झूलते हुए देखा। जो मृत अवस्था मे झूल रहा था। इसको लेकर स्वजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दिया। मृतक के पिता बाबूजी हांसदा ने बताया कि मृतक पुत्र के पत्नी बीते तीन वर्षो से घर मे नही रहकर मायके में रहती है। जिसका एक बेटी भी है। आत्महत्या क्यो किया , अभी तक मालूम नही पड़ा है। उधर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल में भेज दिया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रखण्ड स्तरीय बाल कल्याण व संरक्षण समिति का पुनर्गठन बैठक आयोजित

**शिकारीपाड़ा/दुमका/**
**ललित कुमार पाल की रिर्पोट।**
दिनांक 26 अप्रैल को शिकारीपाड़ा प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मो0 एजाज आलम की अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय बाल कल्याण व संरक्षण समिति का पुनर्गठन बैठक आयोजित किया गया। बच्चों के समग्र कल्याण व संरक्षण के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के मिशन वात्सल्य योजना के दिशा-निर्देशानुसार उक्त समिति का गठन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मो0 एजाज आलम ने समिति के दायित्व और भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समिति बच्चों के समग्र कल्याण एवं संरक्षण संबंधी विषयों पर कार्य करेगी। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि प्रखण्ड स्तर पर बाल यौन शोषण, बाल तस्करी, बाल विवाह, बाल



श्रम, असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट और देखभाल एवं संरक्षण के लिए जरूरतमंद बच्चों के अधकारों का हनन न हो। बच्चों के संरक्षण के लिए सभी मुखिया, पंचायत सचिव, आँगनवाड़ी सेविका एवं ग्राम प्रधान को सक्रिय रूप से भागीदार बनने की जरूरत है। मीडिया की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि बाल संरक्षण के मामले में मीडिया को सक्रिय रूप से रेपोर्टिंग करके मामलों समाज के समक्ष लाना होगा। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने यह भी बताया कि प्रत्येक गुरुवार को आयोजित पंचायत दिवस में बाल अधिकारों बढ़ावा देने से संबंधित गतिविधियों का संचालन मुखिया एवं पंचायत सचिव की जिम्मेदारी है। साथ ही नागरिकों और बच्चों की सहायता के लिए जिम्मेदार हितधारकों का संपर्क नंबर प्रत्येक पंचायत भवनों सहित सार्वजनिक स्थानों में प्रदर्शित करना अनिवार्य है।
अंचलाधिकारी कपिलदेव ठाकुर ने बाल संरक्षण की मुद्दों को प्रभावकारी रूप से संबोधित करने के लिए नागरिकों के कर्तव्यों पर बल देते हुए ग्राम व पंचायत स्तरीय स्थानीय संस्थाओं और हितधारकों को आगे आने का आह्वान किया। साथ उन्होंने राज्य के नीति निर्देशक तत्व तथा संविधान प्रदत मौलिक अधिकारों द्वारा बाल अधिकारों को सुनिश्चित करने तथा हितधारकों के कर्तव्यों पर चर्चा की।
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने ड्रॉपआउट कम करने तथा बाल यौन शोषण के रोकथाम के लिए माता-पिता सहित गाँव स्तर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं तथा प्रत्येक ग्रामवासी की भूमिकाओं पर जोर देते हुए बताया कि बाल संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता की बेहद आवश्यकता है।
महिला प्रसार पदाधिकारी ने बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार को बढ़ावा देने की बात कही और बताया कि बच्चों को ध्यानपूर्वक सुनना और उसने दोस्ताना व्यवहार रखना जरूरी है । स्थानीय स्तर पर हो रहे गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी बढ़ाना होगा।
जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि निक्कू कुमार ने बाल विवाह के रोकथाम के लिए प्रखण्ड स्तर पर किए कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि बाल दुर्व्यवहार के रोकथाम के साथ -साथ बच्चों का पुनर्वास और पुनः सामाजिक एकीकरण पर बाल देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे बताया कि बच्चें जिन्हे देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता है और परिवार असक्षम है तो मिशन वात्सल्य के अंतर्गत ऐसे बच्चों के समग्र कल्याण हेतु चार हजार रुपये प्रतिमाह स्पान्सर्शिप सरकार द्वारा दी जाती है। आगे बाल तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने सुरक्षित पलायन को बढ़ावा देने हेतु अनुरोध किया।
स्वयंसेवी संस्था ग्राम ज्योति के जिला समन्वयक ने पोकसों अधिनियम के तहत सपोर्ट पर्सन की भूमिका और कर्तव्यों के बारे जानकारी देने के साथ साथ पीड़ित के लिए उपलब्ध मुवावजे के बारे में बताया।
इस मौके पर प्रखण्ड में बाल अधिकारों के लिए कार्यरत स्वयंसेवी संस्था प्रवाह ने समन्वयक की भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।
बैठक में नवनियुक्त सदस्यों में मुखिया एवं पंचायत सचिव, जिला बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रतिनिधि, आँगनवाड़ी सेविका, किशोर-किशोरी सदस्य, जेएसएलपीएस के प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि, पीएलवी-डालसा एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

# आगामी 4 मई को नीट-यूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बैठक आयोजित

**दुमका/**
**ललित कुमार पाल की रिर्पोट।**
समाहरणालय सभागार दुमका में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में नीट यूजी की परीक्षा की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने नीट यूजी परीक्षा में प्रतिनियुक्त अधिकारियों को कहा कि




नीट यूजी के लिए जारी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करना है। परीक्षा निष्पक्ष तरीके से होनी है, जिसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। परीक्षा से संबंधित सभी अधिकारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की गाइडलाइन का अध्ययन कर लें। परीक्षा केंद्रों के हर क्लास रूम में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में परीक्षा पूरी होगी। दोपहर दो बजे पांच बजे तक परीक्षा होगी। केंद्रों पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। पीने के पानी, शौचालय, बिजली तथा विकल्प की भी व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के पहले परीक्षार्थियों की जांच होगी। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल व दंडाधिकारियों की तैनाती होगी। अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखनी है। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।
बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला पंचायत राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीतिलता मुर्मू की अध्यक्षता में अमड़ापाड़ा प्रखंड सभागार में पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की



**सौरभ भगत**
**आदिवासी एक्सप्रेस आमडापाडा**
बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत व्यय राशि, पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र, आदर्श पंचायत सचिवालय, बायोमैट्रिक उपस्थिति, जलमीनार/ चापाकल की मरम्मती, टैंकर क्रय एवं संचालन की स्थिति, विद्यालय/ आगंबाड़ी केंद्रों में हैंडवाश यूनिट का निर्माण, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केंद्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ?क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता, विद्यालय/ आगंबाड़ी केंद्रों में वाटर फिल्टर का अधिष्ठापन एवं रॉयल्टी डीएमएफटी / लेबर सेस की समीक्षा कर पदाधिकारियों एवं मुखिया को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उक्त बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अमड़ापाड़ा प्रमोद गुप्ता, प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी जिल्लूर रहमान, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित थें।

# सदर प्रखंड पाकुड़ में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया गया

**124 दिव्यांग व बुजुर्ग सहायक उपकरण के लिए चिह्नित**

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस व्युरो पाकुड़**
पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड पाकुड़ में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया।
प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़ समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने बताया कि वर्तमान सरकार वृद्ध जनों के कष्ट निवारण हेतु राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के साथ अब राष्ट्रीय वयोश्री योजना लाई है।जिससे वृद्धि जनों के उठने-बैठने, चलने-फिरने एवं देखने-सुनने



में सहायता मिल सके।
एलिमको के ऑडियोलॉजिस्ट ने बताया कि आज इस शिविर में 96 दिव्यांग एवं 28 वरिष्ठ नागरिक का जांच की गई, कुल 124 लोगों की जांच की गई। जांच के उपरांत सभी 124 लाभुक का सहायक उपकरण के लिए चिह्नित किया गया।
राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रपत्रा इस प्रकार हैः
आधार कार्ड ( 60 वर्षीय एवं अधिक होने चाहिए)
आय प्रमाण पत्र मासिक आय (15000 रूपया अधिकतम)
नोटः लाभार्थियों द्वारा तीन वर्षों के दौरान भारत सरकार/ राज्य सरकार या अन्य सामाजिक योजना के अंतर्गत किसी शासकीय/ अशासकीय अन्य संस्था से कोई उपकरण प्राप्त न किया गया हो
एडिप योजना अंतर्गत दिव्यांगजन के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रपत्रा इस प्रकार हैं:
(1) यू.डी.आई.डी. कार्ड न्यूनतम (दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक)।
(2) आधार कार्ड।
(3) आय प्रमाण पत्र
(मासिक आय 22,500/ अधिकतम।)

# साइबर अपराध के विरुद्ध दुमका पुलिस को बड़ी कामयाबी, पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रामगढ़/रामजी साह**
साइबर अपराध पर अंकुश लगाने में दुमका पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार द्वारा गठित टीम ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। रविवार को पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि दुमका पुलिस को प्रतिबिंब एप के माध्यम से साइबर अपराध किए जाने की सूचना मिली थी तथा कुछ क्षेत्र हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया था। उन्होंने बताया कि गठित टीम के द्वारा साइबर अपराध में इस्तेमाल मोबाइल फोन एवं लैपटॉप के साथ 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में घनश्याम कुमार मंडल पिता नंदकिशोर मंडल ग्राम दामोडीह,



हर्ष राज पांडे पिता माधव पांडे ग्राम लावरती, बजरंग कुमार मंडल पिता झकसु मंडल ग्राम आमपाड़ा सभी थाना रामगढ़, बिट्टू कुमार पिता सुजीत मंडल एवं प्रशांत मंडल पिता सुभाष मंडल दोनों ग्राम घाट पहाड़पुर कस्बा गोड्डा थाना मुफस्सिल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। घनश्याम मंडल के पास से पांच एंड्रॉयड फोन, बजरंग मंडल के पास से दो एंड्राइड फोन, हर्ष पांडे के पास से तीन एंड्रॉयड फोन एवं एक लैपटॉप, बिट्टू मंडल के पास से तीन एंड्रॉयड फोन जबकि प्रशांत कुमार के पास से एक एंड्रॉयड फोन पुलिस ने जप्त किया है। घनश्याम मंडल पकड़े गए साइबर अपराधियों का सरगना बताया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि घनश्याम मंडल का अपराधिक इतिहास रहा है उस पर जामा थाना कांड संख्या 56/2017, शिकारीपाड़ा कांड संख्या 101/2023, दुमका मुफस्सिल थाना कांड संख्या 14/2022, रामगढ़ थाना कांड संख्या 61/2023, रामगढ़ थाना कांड संख्या 94/2023, रामगढ़ थाना कांड संख्या 30/2025, गोड्डा मुफस्सिल थाना कांड संख्या 13/2024, गोड्डा नगर थाना कांड संख्या 286/2024 एवं रामगढ़ थाना कांड संख्या 39/2025 दर्ज है। उक्त मामलों में घनश्याम मंडल पर अपने सहयोगियों की अग्रिम जमानत कराने से लेकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ मारपीट करने का आरोप है।

### जिला प्रशासन द्वारा गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए हर दिन पाकुड़ जिला के विभिन्न प्रखंडों में चापानल एवं जलमीनार की मरम्मती की जा रही हैं

**● उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में चापानल की मरम्मति की जा रही हैं**



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**
उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देशानुसार गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए इसके निराकरण हेतु जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की मरम्मति लगातार हर दिन कराई जा रही है।
जिस कड़ी में दिनांक- 27 अप्रैल 2025 को पाकुड़ प्रखंड में कुल 6, हिरणपुर 02 लिट्टीपाड़ा प्रखंड में कुल 04, अमड़ापाड़ा प्रखंड में कुल 0, महेशपुर प्रखंड में कुल 09, पाकुड़िया प्रखंड में कुल 00 चापानल एवं 03 जलमीनार की मरम्मती की गई। दिनांक 01.04.25 से अबतक जिला में कुल 652 चापानल एवं 134 जलमीनार को ठीक किया गया है।

### वाटर कैंट से पानी बर्बाद होने पर सीएस ने मरम्मति करने का निर्देश दिया




**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**
**साहिबगंज।** सीएस डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने सोमवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के मुख्य गेट पर लगे वाटर कैंट के खराब टोटी से पानी बर्बाद होते देख सीएस ने प्रभारी से मरम्मति कराने का सख्त निर्देश दिए है। वहीं सीएस ने कहा कि अस्पताल के व्यवस्था की जिम्मेदारी मैनेजर की है। न कि सबकूछ हम खुद ही देखे। इसके अलावे सीएस ने अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली है। सीएस ने सभी डॉक्टर व स्वास्थ कर्मियों को इमानदारी से ड्यूटी करने का निर्देश दिए है। वहीं सभी वार्ड का जायजा लेते हुए साफ-सफाई दुरूस्त रखने की बात कही है। मौके पर कई स्वास्थकर्मी मौजूद थे।

# हिरणपुर शमशान मैं रविवार देर रात को आयोजित हुआ भव्य काली पूजा

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**हिरणपुर (पाकुड़)** बीते रविवार देर रात को हिरणपुर शमशान में काली पूजा का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें काफी संख्या में लोग पहुंचे और माता का दर्शन किए। अमावस्या के रात्रि को पंडित लाल चक्रवर्ती के द्वारा विधि व पूजा अर्चना की गई, साथ ही आयोजक एवं शमशान में काली मंदिर का संस्थापक महंत गिरि जी उर्फ विनय महाराज ने पूजा अर्चना की।
मालूम हो कि शमशान काली पूजा में पूरे हिरणपुर बाजार के लोग काफी श्रद्धा भक्ति के साथ पहुंचते हैं और पूजा में भाग लेते हैं।



### नीलाम पत्र वाद को लेकर मेगा शिविर का हुआ आयोजन

**● शिविर का उद्देश्य ऋण समाधान योजना के तहत नीलाम पत्र मामलों का त्वरित निपटान करना**

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**
**पाकुड़**– ऋण समाधान योजना के तहत नीलाम पत्र वाद का मेगा शिविर का आयोजन डीआरडीए सभागार कक्ष में आयोजित की गई। शिविर में कुल 90 निष्पादित अभिलेख में 96 लाख 47 हजार 977 रूपए का निष्पादन किया गया। इस मेगा शिविर में बैंक एवं नीलाम बकायेदार शामिल हुए।

# न्यायिक नियुक्ति आयोग के खात्मे का दर्द नहीं भूली केंद्र सरकार

**सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है।**

**योगेंद्र योगी**



राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से केंद्र सरकार से उत्पन्न टकराहट की जड़ में न्यायिक नियुक्ति आयोग पर दिया गया फैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित किए गए न्यायिक नियुक्ति आयोग को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को जारी रखा था। इस आयोग के जरिए केंद्र सरकार चाहती थी कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में उसकी भी भूमिका होनी चाहिए। अकेले सुप्रीम कोर्ट को यह हक नहीं होना चाहिए कि अपने चहेते न्यायाधीशों की नियुक्ति करे। केंद्र सरकार की न्यायिक आयोग बनाए जाने की मंशा यही थी कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर उसके द्वारा चयनित न्यायाधीशों के मौजूद होने से पक्ष में फैसला होने की संभावना रहेगी। न्यायिक आयोग में सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों के साथ केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों का भी प्रावधान किया गया था। सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार की इस मंशा को भाप गया था। वर्ष 2015 में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को असंवैधानिक बताते हुए निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है और न्यायिक आयोग इस स्वतंत्रता को खतरे में डालता है। इस फैसले पर भी खूब वाद-विवाद हुआ था। न्यायिक आयोग के जरिए केंद्र सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में दखलंदाजी करने और इसे राजनीतिक अखाड़ा बनाने की बात कही गई थी। दूसरी तरफ न्यायिक आयोग की पैरवी करने वाले केंद्र सरकार के पैरवीकारों का कहना था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति में भाई-भतीजावाद हावी है। आयोग के निरस्त होने का रंज केंद्र सरकार को अभी तक है। इसी वजह से राज्यपाल और राष्ट्रपति के बिल रोकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केंद्र सरकार से छत्तीस का आंकड़ा बन गया है। तमिलनाडु बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की तरह राष्ट्रपति के लिए भी दी समय-सीमा बताई है।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा सुरक्षित रखे गए विधेयकों पर 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। राज्य राष्ट्रपति की निष्क्रियता के खिलाफ अदालत जा सकते हैं। इस अवधि से अधिक किसी भी देरी के मामले में, उचित कारणों को दर्ज करना होगा और संबंधित राज्य को बताना होगा। राज्यों से यह भी अपेक्षित है कि वे सहयोगात्मक बनें तथा उठाए जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देकर सहयोग प्रदान करें तथा केंद्र सरकार द्वारा दिए गए सुझावों पर शीघ्रता से विचार करें। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक बवंडर आ गया। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को लेकर न्यायपालिका के बारे में सख्त टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उप राष्ट्रपति ने इसकी ओर इशारा करते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 एक ऐसा परमाणु मिसाइल बन गया है जो लोकतांत्रिक ताक़तों के खिलाफ न्यायपालिका के पास चौबीसों घंटे मौजूद रहता है। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि आप राष्ट्रपति को निर्देश दें। सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार किसने दिया है और वो किस आधार पर ऐसा कर सकता है।

गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 142 सुप्रीम कोर्ट को ये अधिकार देता है कि वो पूर्ण न्याय करने के लिए कोई भी आदेश, निर्देश या फ़ैसला दे सकता है चाहे वो किसी भी मामले में क्यों न हो। लेकिन उप राष्ट्रपति ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सिर्फ संविधान की व्याख्या कर सकता है। धनखड़ ने कहा कि हमारे पास ऐसे जज हैं जो अब कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम करेंगे और एक सुपर संसद की तरह भी काम करेंगे और कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे, क्योंकि इस देश का क़ानून उन पर लागू तो होता नहीं। उप राष्ट्रपति ने हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के दिल्ली आवास से कथित तौर पर जले नोट मिलने के बाद भी एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ये घटना किसी आम आदमी के घर में होती तो बिजली की गति से कार्रवाई होती। लेकिन यहां तो बैलगाड़ी की रफ़्तार से भी कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का हर सांसद, विधायक और उम्मीदवार को अपनी संपत्ति घोषित करनी होती है लेकिन वे (जज) ऐसा कुछ नहीं करते।

इस पर पलटवार करते हुए डीएमके राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि संविधान की रक्षा करने का अधिकारी होने से किसी व्यक्ति को ये अधिकार नहीं मिल जाता कि वो संसद में पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक कर रख सकता है। सीपीआई नेता डी राजा ने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे को बचाए रखने लिए चेक एंड बैलेंस जरूरी है। संविधान का अनुच्छेद 74(1) यह साफ कहता है कि राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से बंधे हैं। राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद पर रहते हुए, ऐसे मामलों में स्वतंत्र विवेक का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की टिप्पणी आरएसएस-भाजपा की ओर से विपक्ष के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों को कमज़ोर करने के लिए राज्यपाल की शक्तियों के दुरुपयोग को सही ठहराती है। हाल के वर्षों में ऐसी प्रवृति खतरनाक ढंग से बढ़ी है। सीनियर एडवोकेट और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करने का पूरा अधिकार है। सिब्बल ने उपराष्ट्रपति के बयानों को राजनीतिक करार देते हुए कहा कि उन्होंने आज तक किसी राज्यसभा सभापति को ऐसे बयान देते नहीं देखा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति केवल नाममात्र की प्रमुख हैं। वे कैबिनेट की सलाह और स्वीकृति पर कार्य करते हैं। उनके पास कोई व्यक्तिगत निर्णय लेने की शक्ति नहीं होती। सिब्बल ने कहा कि अगर कार्यपालिका अपना काम नहीं कर रही है, तो न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना चाहिए। ऐसा करना उनका अधिकार है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि न्यूक्लियर मिसाइल तो नोटबंदी थी, तब किसी को तकलीफ नहीं हुई?

दरअसल सत्तारुढ राजनीतिक दलों के राजनीतिक उद्देश्य होते हैं, जब ये संविधान के दायरे में पूरा नहीं होते तब अदालतों से टकराहट की नौबत आती है। इसकी पुनरावृत्ति निश्चित तौर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है। ऐसे विवादस्पद मुद्दों को सभी पक्षों को मिलबैठ कर निपटाने से ही देश की संवैधानिक विविधता और एकता-अखंडता मजबूत रहेगी।

**संपादकीय**

## ‘आतंकिस्तान’ का कबूलनामा

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रहस्योद्घाटन किया है कि पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से अमरीका, ब्रिटेन और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद जैसा ‘गंदा धंधा’ कर रहा था। हमने आतंकियों को पालने-पोसने, टेऊनिंग देने और पैसा देने का काम किया है। जाहिर है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन सक्रिय रहे हैं। हमने बहुत बड़ी गलती की है, जिसका खामियाजा हमने भुगता है। हमने सोवियत संघ के खिलाफ 1980 और 90 के दशक में और फिर न्यूयॉर्क में 9/11 आतंकी हमले के बाद अमरीका का सहयोग नहीं किया होता, तो आज हमारा ‘टैऊक रिकार्ड’ (आतंकवाद के मामले में) कहीं बेहतर होता! पाक रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान में अमरीका ने सोवियत संघ के खिलाफ जंग में आतंकियों को खुलकर समर्थन दिया था।’ बहरहाल सोवियत संघ का अस्तित्व खत्म हो चुका है। अमरीकी सेनाओं के अफगानिस्तान को छोड़ कर गए कई साल गुजर चुके। जो तालिबान वैश्विक पटल पर ‘आतंकवादी’ थे, वे आज अफगानिस्तान में हुकूमत कर रहे हैं, लेकिन आज अफगानिस्तान पाकिस्तान को ‘नंबर 1 दुश्मन’ मानता है और सरहद पर लड़ाई जारी है। वैसे तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की कीमत दो टके की है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके कबूलनामे को मान्यता दी जाएगी। उन्होंने अमरीका के ‘स्काई टीवी’ के एक लाइव शो में यह कबूला है कि पाकिस्तान आतंकियों का मुल्क है। बहरहाल पाकिस्तान के मौजूदा हालात के मद्देनजर यह ‘नंगई वाला बयान’ है। अफगानिस्तान में लडऩे के बाद पाकिस्तान के आतंकियों और उनके आकाओं को एहसास हुआ कि वे भारत के खिलाफ जेहाद का इस्तेमाल कर सकते हैं, लिहाजा 90 के दशक से वर्ष 2000 तक दुनिया में जहां भी आतंकी हमले हुए, वहां पाकिस्तान की मौजूदगी और उसके सबूत पाए गए। भारत में भी जेहाद की आड़ में पाकपरस्त आतंकवाद और कश्मीर में अलगाववाद 90 के दशक में ही पनपे और फैलते गए। पाकिस्तान में आतंकियों को जेहादी ही नहीं, मुल्क के नायक और स्वतंत्रता सेनानी तक माना जाता रहा है। जिन आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में नरसंहार किया था, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार उन्हें भी ‘स्वतंत्रता सेनानी’ मान रहे हैं। फिर वह संभावना जताने लगते हैं। चूंकि पाकिस्तान ‘फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स’ (फाट्फ) को लिखित आश्वासन दे चुका है कि उनके मुल्क में आतंकी मौजूद नहीं हैं और न ही हुकूमत आतंकी संगठनों को पैसा और पनाह देती है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान में जो खलबली मची है, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों में स्थित मस्जिदें और मदरसे खाली कराए गए हैं। करीब 200 एकड़ में फैले लश्कर के मदरसों में पढऩे वाले करीब 2000 छात्र और मौलवी-मौलाना वहां से चले गए हैं। आतंकियों और छात्रों-मौलानाओं को सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। पाकिस्तान में ऐसा किस खौफ और संभावित हमले के मद्देनजर किया गया है? खबर तो यह भी है कि लश्कर के सरगना हाफिज सईद को एबटाबाद के ‘आईएसआई सेफ हाउस’ में रखा गया है। इसी इलाके में अलकायदा का सरगना ओसामा बिन लादेन छिपा था, जहां अमरीका के कमांडो सैनिकों ने उसे ढेर किया था। बहरहाल भारत ऐसी सूचनाओं और साक्ष्यों के आधार पर फाट्फ में, पाकिस्तान के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है और पाकिस्तान को ‘ग्रे लिस्ट’ में डालने का आग्रह कर सकता है। यदि फाट्फ ने पाकिस्तान पर कोई निर्णायक कार्रवाई की, तो दुनिया में उसे भीख तक नहीं मिल सकती। आईएमएफ और विश्व बैंक के कर्ज़ मिलना तो बहुत दूर की कौड़ी है। पहलगाम नरसंहार के बाद प्रशासन ने स्थानीय 6 आतंकियों के घर नेस्तनाबूद कर दिए हैं, उन्हें मलबा या राख कर दिया गया है। करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और 14 स्थानीय आतंकियों की सचित्र सूची जारी की गई है। हम उन्हें ही ‘जयचंद’ करार दे रहे हैं। वे सभी पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से जुड़े रहे हैं। एजेंसियों ने 64 ‘जयचंदों’ के घरों में छापे भी मारे हैं। बेशक भारत-पाकिस्तान के बीच ‘युद्ध’ की स्थितियां बन चुकी हैं। इनकी नियति अभी तय होनी है।

# अब पाकिस्तान का सही, पक्का और स्थाई इलाज जरूरी

**चेतनादित्य आलोक**



22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के लोकप्रिय टूरिस्ट साइट बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने जिस प्रकार से धर्म पूछकर निहत्थे, निर्दोष और मासूम पर्यटकों पर गोलियों की बौंछार करके 28 हिंदुओं समेत 30 लाशें बिछा दीं, वह उनकी राक्षसी प्रवृति का परिचायक है। पहलगाम की घाटी बैसरन में बेहद क्रूरतापूर्ण, दुष्टतापूर्ण, अमानवीय एवं असहनीय घटना को अंजाम देने वाले अत्यंत निर्मम, वीभत्स और दैत्य प्रकृति आतंकवादियों को सभ्य मानव समाज के बीच रहने का कोई अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए। यही नहीं, उन्हें मानव बस्तियों और समाज से दूर घने और अंधकारपूर्ण जंगलों में भी नहीं रहने दिया जा सकता, क्योंकि यदि उन्हें वहां रहने दिया गया तो जंगली जानवरों और यहां तक कि स्वयं जंगलों का भी महाविनाश निश्चित ही हो जाएगा। ऐसी परिस्थिति में यह प्रश्न किया जाएगा कि फिर वे कहां पर रहें... जाहिर है कि इस प्रश्न का केवल एक ही उत्तर हो सकता है, और वह है कि उनकी अधोगति को उर्ध्वगति में परिवर्तित कर उनका कल्याण कर दिया जाए। यानी उन्हें भी ऊपर भेज दिया जाए, लेकिन यह मामला इतना सहज भी नहीं है, क्योंकि यदि ऐसा किया गया तो मानव अधिकारों की बात करने वाले लोग और संगठन उन राक्षसों के भी मानव आकिारों की वकालत करना शुरू कर देंगे। इतना ही नहीं, ये उन राक्षसों के मानव आकिारों की वकालत बेहद जोर-शोर से करेंगे।

ऐसा ये इसलिए करेंगे, ताकि उनकी आवाज दूर-दूर तक पहुंच सके, अन्यथा भारत के कोने-कोने तथा दूर देशों में बैठे इनके पैरोकारों, सहयोगियों और हमदर्दों से इन्हें पान-फूल और शाबाशियां कैसे मिल पाएंगी। वैसे, देखा जाए तो हम सब इनके कृत्यों के लिए इन्हें व्यर्थ ही बदनाम करते रहते हैं। वास्तव में, इसमें इनका कोई दोष भी नहीं है, क्योंकि इस प्रकार की वकालत करना तो हमेशा से ही, बल्कि कहा जाए कि इनका खानदानी व्यवसाय रहा है। ...और यही कारण है कि यह व्यवसाय इनसे छुड़ाए नहीं छूटता है। जाहिर है कि पुश्तों से मुंह की लगी इतनी आसानी से कैसे छूटेगी भला। खैर, नहीं छूटती तो, न छोड़ें ये, हम इनके इस मुंह की लगी को छुड़ाने का जिम्मा ले लें, यही उचित है। तात्पर्य यह कि ये अपना कार्य (अपनी वकालत) करते रहें... आतंकवादी भी (अपनी राक्षसी प्रवृति को आगे बढ़ाने का) अपना नियत कार्य करते रहें... और हम सभी 142 करोड़ भारतवासी एकजुट होकर अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से अंजाम तक पहुंचाने के लिए तत्पर रहें, ताकि इनकी मुंह की लगी वकालत को भी सही राह दिखाई जाए और उनकी राक्षसी प्रवृति का समूल नाश भी किया जा सके। स्मरण रहे कि जब तक इनकी मुंह की लगी और उनकी राक्षसी प्रवृति का पूरा-पूरा हिसाब नहीं किया जाएगा, वे हमारे निहत्थे, निर्दोष और मासूम लोगों के साथ धर्म पूछ-पूछकर खून की होली यों ही खेलते रहेंगे।

पहलगाम की उस बेहद क्रूरतापूर्ण, दुष्टतापूर्ण, अमानवीय एवं असहनीय घटना के बाद से ही देश की मीडिया में और राजनीतिक मंचों पर बार-बार यह बात कही-सुनी जा रही है कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की है, जबकि सच तो यह है कि पिछले 78 वर्षों से लगातार आतंकवादी धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्याएं करते आ रहे हैं। यदि हम इसे नहीं मानते, तो समझिए कि स्वयं को झूठी तसल्ली दे रहे हैं। दरअसल, यह पाकिस्तानी सेना द्वारा प्रायोजित धार्मिक (इस्लामिक) जिहाद है, जिसकी शुरूआत लगभग 32 वर्ष पूर्व जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ कस्बे के सरयल इलाके में एक यात्री बस से 17 हिन्दुओं को उनकी जांच-पड़ताल कर मौत के घाट उतार दिया था। कश्मीरी पंडितों के नरसंहार के बाद वह पहला सबसे बड़ा नरसंहार था। उसके उपरांत तो धर्म पूछकर और जांच-पड़ताल कर हत्याएं करने का जो सिलसिला जम्मू कश्मीर में शुरू हुआ, वह 136 नरसंहारों के बाद भी नहीं थमा है। हालांकि, वर्ष 2006 के उपरांत ऐसे नरसंहारों में थोड़ी बहुत कमी आई थी, लेकिन वर्ष 2023 में एक जनवरी की रात आतंकवादियों ने राजौरी जिले के डांगरी गांव में 07 हिन्दुओं के आधार कार्ड जांच कर मार डालने की घटना ने एक बार फिर अधिकारियों को चौंका दिया था।

जम्मू-कश्मीर में हुए हिन्दुओं के कुछ अन्य बड़े नरसंहारों में 13-14 अगस्त 1993 को डोडा जिले के किश्तवाड़ कस्बे में सरथल-किश्तवाड़ मार्ग पर यात्री बस से उतार कर 17 हिन्दू यात्रियों को मारना, 14 मई 1995 को दोहरी भरथ में 06 हिन्दुओं की हत्या करना, 15 जनवरी 1996 को डोडा जिले के किश्तवाड़ कस्बे के बरशाला क्षेत्र में 16 हिन्दुओं की हत्या करना, 12 जनवरी 1996 को डोडा जिले के भद्रवाह कस्बे में 07 हिन्दुओं की हत्या करना, 06 मई 1996 को डोडा की रामबन तहसील के सुम्बर गांव में 17 हिन्दुओं की हत्या करना, 07-08 जून 1996 को डोडा जिले के कमलाड़ी गांव में 09 हिन्दुओं की हत्या करना, 25 जून 1996 को डोडा के सियुधार क्षेत्र में 13 हिंदुओं की हत्या करना, 07 अप्रैल 1997 को कश्मीर घाटी के संग्रामपुरा गांव में 07 कश्मीरी पंडितों की हत्या करना, 24 सितम्बर 1997 को राजौरी जिले के सवाड़ी गांव में 08 हिन्दुओं की हत्या करना, 26 जनवरी 1998 को कश्मीर के वंदहामा गांव में 23 कश्मीरी पंडितों की हत्या करना, 16 अप्रैल 1998 को डोडा के देस्सा क्षेत्र में 09 की हत्या करना, 17 अप्रैल 1998 को उधमपुर के प्राणकोट एवं ढाकीकोट गांवों में 29 लोगों की हत्या करना, 05 मई 199 को पुंछ के सुरनकोट क्षेत्र में 05 हिन्दुओं की हत्या करना और 06 मई 1998 को डोडा के देस्सा गांव में 11 सुरक्षा समिति के हिन्दू सदस्यों की हत्या करना शामिल है।

इनके अतिरिक्त, 19 जून 1998 को डोडा के चम्पनारी में 29 हिन्दू बारातियों की हत्या करना, जिनमें 03 दूल्हे भी शामिल थे। 27 जुलाई 1998 को डोडा में किश्तवाड़ के छिन्नाठकुराई एवं श्रवण गांवों में 20 हिन्दुओं की हत्या करना, 28 जुलाई 1998 को डोडा के सरवान क्षेत्र में 08 लोगों की हत्या करना, 19 फरवरी 1999 को राजौरी जिले के बल-चराल गांव में 09 हिन्दू बारातियों की हत्या करना, 19 फरवरी 1999 को राजौरी में कालाकोट क्षेत्र के बनियारी में 10 हिन्दुओं की हत्या करना, 29 जून 1999 को अनंतनाग के संथू गांव में 12 बिहारी श्रमिकों की हत्या करना, 01 जुलाई 1999 को मेंढर के आड़ी गांव में दो हिन्दू परिवारों के 09 सदस्यों की हत्या करना, 19 जुलाई 1999 को डोडा के काठरी गांव में 05 हिन्दू परिवारों के 15 सदस्यों की हत्या करना, 28 फरवरी 2000 को पुंछ के मेंढर कस्बे में 05 हिन्दुओं की हत्या करना, 29 फरवरी 2000 को काजीगुंड में 05 सिख ट्रक चालकों की हत्या करना, 20 मार्च 2000 को कश्मीर के छत्तीसिंह पोरा में 36 सिखों की हत्या करना, 01 अगस्त 2000 को पहलगाम में 32 हिंदुओं की हत्या करना, जिनमें 29 अमरनाथ यात्री भी शामिल थे, 02 अगस्त 2000 को डोडा के बनिहाल कस्बे के पोगल में 12 हिन्दुओं की हत्या करना तथा 02 अगस्त सन् 2000 को अनंतनाग के अच्छावल में आठ प्रवासी श्रमिकों की हत्या करना शामिल है।

इसी प्रकार, 02 अगस्त 2000 को अनंतनाग के काजीगुंड में 19 प्रवासी श्रमिकों की हत्या किया जाना, 22 नवम्बर 2000 को बनिहाल में राजमार्ग पर 05 हिन्दू-सिख ट्रक ड्राइवरों की हत्या करना, 24 नवम्बर 2000 को डोडा के किश्तवाड़ कस्बे में 05 हिन्दुओं की हत्या किया जाना, 03 फरवरी 2001 को श्रीनगर के महजूर नगर में 08 सिखों की हत्या करना, 10 मई 2001 को किश्तवाड़ के अठोली-पाडर के सजार कस्बे में 08 हिन्दुओं की गला रेत कर हत्या करना, 21 जुलाई 2001 को अमरनाथ यात्रा के पड़ाव स्थल शेषनाग में 07 तीर्थयात्रियों सहित 13. की हत्या किया जाना, 21 जुलाई 2001 को डोडा जिले के किश्तवाड़ तहसील के छात्रू क्षेत्र में 05 हिन्दुओं की हत्या करना, 21 जुलाई 2001 को डोडा जिले की किश्तवाड़ तहसील के वाडवान क्षेत्र में चिरजी मोहड़ा गांव में 15 हिन्दुओं की हत्या किया जाना, 04 अगस्त 2001 को डोडा जिले के किश्तवाड़ तहसील के सरूतधार क्षेत्र में 16 हिन्दुओं की हत्या करना, 01 जनवरी 2002 को पुंछ के मगवार गांव में एक हिन्दू परिवार के 06 सदस्यों की हत्या करना, 31 जनवरी 2002 को उधमपुर के रियासी कस्बे में 04 प्रवासी श्रमिकों की हत्या किया जाना, 17 फरवरी 2002 को राजौरी के कालाकोट क्षेत्र के निराला गांव में एक हिन्दू परिवार के 08 सदस्यों की हत्या करना एवं 30 मार्च 2002 को जम्मू के रघुनाथ मंदिर पर हमला कर 08 हिन्दुओं को मौत के घाट उतार दिया जाना शामिल है।

**ज्योति मल्होत्रा**

# कश्मीरियों को नहीं पसंद पाकिस्तानियों का दखल

पहलगाम में गत सप्ताह जिस तरह मौत का तांडव मचा, जब आतंकवादियों ने पहचान के आधार पर छांट-छांट कर सैलानियों को गोलियों का शिकार बनाया, उससे किसी सख्त से सख्त दिल तक की रीढ़ में सिहरन दौड़ जाए। इन पर्यटकों में अधिकांश भारत के छोटे शहर जैसे कि शिवमोगा, पनवेल, विशाखापट्टनम, नेल्लोर, थाणे, करनाल, हैदराबाद, भावनगर, लोअर सुबानगिरी के ताजांग गांव, कोझीकोड जैसी जगहों से कश्मीर घूमने आए थे। जन्म से ही हमें बताया जाता है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक है। अगर 2008 के मुंबई हमलों का उद्देश्य भारत के वित्तीय राजधानी को पंगु करना और इस तरह भारत को अपने घुटनों पर लाना था, तो बैसरन के अपराधियों का संदेश और भी स्पष्ट है कि मुस्लिम बहुल कश्मीर को सामान्य बनाने की कोशिश न की जाए, जो कि ‘द्वि-राष्ट्र सिद्धांत’ का हृदयस्थल है और यह फलसफा जितना जायज विभाजन के वक्त था, उतना ही आज भी है। हिंदू और मुसलमान अलग-अलग हैं और उन्हें पृथक ही रहना होगा।

इसलिए एक पल के लिए भी यह मत सोचिएगा कि कन्नड़, मलयाली, महाराष्ट्रीयन, गुजराती और हरियाणवी कश्मीर के मैदानों में मनमाफिक विचरेंगे और झूठमूठ मान लेंगे कि वे स्विट्ज़रलैंड में सैर कर रहे हैं- हालांकि मानने की बात कि यह इलाका स्विट्ज़रलैंड से कहीं ज्यादा खूबसूरत है- सिर्फ इसलिए कि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया है और इसके वर्तमान को नया स्वरूप प्रदान करना चाहती है।




लेकिन अगर आप इस बारे में विचार करें, तो बैसरन का संदेश वास्तव में काफी अलग है। जिस तरह से कश्मीरी लोग इस नृशंस नरसंहार की निंदा करने के लिए उठ खड़े हुए हैं, उमर अब्दुल्ला से लेकर टट्टू की सवारी करवाकर रोजी-रोटी कमाने वाले सैयद आदिल हुसैन शाह के परिवार तक, जिसने एक आतंकवादी के हाथ से बंदूक छीनने की कोशिश की और आतंकी ने उसे मार डाला। इससे यह स्पष्ट संदेश गया कि हफ्ते का दिन कोई भी हो, कश्मीरी आवाम अलगाववाद के प्रयोजन को बढ़ावा देने वाले ढोंगियों की बजाय शांति बनाए रखने को तरजीह देना चाहता है।

जब से समूची मुस्लिम बहुल घाटी में ‘आज़ादी’ के नारे गूंजने के बाद कश्मीरी पंडितों का पलायन हुआ था और बाद के तमाम सालों में विद्रोही गतिविधियां जारी रहीं, 35 वर्षों में यह पहली बार है जब कश्मीर के मुसलमान एक बार फिर से तथाकथित ‘द्वि-राष्ट्र सिद्धांत’ के मलबे पर थूक रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने यह 1947 में किया था, जिसने घुसपैठिए भेजने वाला नव-स्वतंत्र पाकिस्तान को नाराज़ कर डाला। फिर भारतीय सेना को कारगिल की चोटियों पर काबिज हुए घुसपैठियों की पहली सूचना देकर उन्होंने 1999 में भी यही किया। आज फिर से वही कर रहे हैं।

यह सच है कि 2019 में अनुच्छेद-370 को बहुत ही असहज तरीके से हटाया गया, जिसके कारण बहुत लोगों को कर्फ़्यू के कारण लंबे समय तक अपने ही घरों में कैद रहना पड़ा था। साथ ही, संवैधानिक रूप से गारंटी के रूप में प्रदत्त उनके अधिकारों का हनन का आक्षेप है। लगा कि आम कश्मीरी के पास खुलकर सांस लेने की जगह बहुत कम बची। लेकिन, अंततः मांएं और बच्चे पार्कों में बेधड़क बैठकर दिन भर की घटनाओं पर गप-शप करने की साधारण किंतु कीमती आजादी का अनुभव कर पाए। बच्चे फिर से स्कूल जाने लगे और स्कूल की दीवारें इतनी छोटी हैं कि आप उन्हें अंदर फुटबॉल खेलते हुए देख सकते हैं। श्रीनगर में झेलम के तट पर काले हिजाब में महिलाएं पुरुष साथियों के साथ बैठकर आइसक्रीम का लुत्फ लेते दिखाई देती हैं। शेष हिंदुस्तान अमीर खुसरो की जन्नत की ओर उमड़ने लगा, पिछले साल दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए।

इन दिनों, आत्म-सम्मान, स्वायत्तता और श्रीनगर-जम्मू और दिल्ली के बीच अक्सर तनावपूर्ण संबंधों को लेकर चलने वाली बहस पर ध्यान कुछ हटा हुआ है। फिलहाल जिस मुद्दे पर बहसें होती रहती हैं और जिस पर चर्चा घूम फिर कर वहीं आ जाती है- उसकी वजह मुख्यतः इस तथ्य पर है कि शांतिपूर्ण चुनाव के सात महीने बाद भी जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया। अब जब राज्यवासी भी देश के बाकी हिस्सों के साथ शोक मना रहे हैं, कश्मीरी लोग पाकिस्तानियों से कह रहे हैं कि न सिर्फ़ वे अपने काम से मतलब रखें, बल्कि उनसे दूर रहें और अकेला छोड़ दें।

पाकिस्तान के भीतर की प्रतिक्रिया पर भी ध्यान दें। उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार को भारत के इस आरोप का बचाव करने के लिए विदेशी मीडिया के सामने उतारा गया कि नरसंहार करने वाले आतंकवादी पाकिस्तानी हैं। आरोप नकारने को उन्होंने यह कहकर समाप्त किया कि असली मुद्दा यह है कि ‘कश्मीर प्रश्न’ एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है और इसे 1949 के संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुसार हल किया जाना चाहिए।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### महिला ने जहरीली दवा का सेवन करने से हुआ मूर्छित



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला ने जहरीली दवा का सेवन करने से हुआ मूर्छित। मिली जानकारी के अनुसार चानन पुरानी साहिबगंज निवासी विक्की रविदास की 32 वर्षीय पत्नी रानी देवी ने घरेलू विवाद के कारण गुस्से में आकर खुजली वाला लिक्विड पी लिया जिससे वह कुछ देर बाद मूर्छित हो गया। जहां परिजनों को पता चलने के बाद आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने रानी देवी का इलाज किया, इलाज करने के उपरांत हालत में सुधार है।

### बाइक दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रेफर



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** जिले के महाराजपुर मस्कलैया में सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल महिला को इलाज के लिए सोमवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया अस्पताल में चिकित्सक केशव कृष्णा के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया जिसके बाद डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया बताया जा रहा है कि राजमहल जामनगर निवासी विष्णु रविदास के 30 वर्षीय पत्नी गायत्री देवी अपने पति के साथ अपने घर से बाइक में सवार होकर राजमहल जामनगर नगर से अपने मायके किशन प्रसाद आई थी. वापस राजमहल लौट के दौरान महाराजपुर मस्कलैया सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई बताया जा रहा है की बाइक और अनियंत्रित होने से दुर्घटना घटी है महिला के सिर में नाक में गंभीर चोट लगी है जिसके कारण ब्लड नहीं रुक रहा था. डॉक्टर केशव कृष्णा ने हायर सेंटर रेफर किया.

### मारपीट के मामले में पुलिस ने एक युवक को न्याय हिरासत में भेजा



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने एक फरार चल रहे कांड मे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 158/2024 दिनांक 18 अक्टूबर 2024 धारा 126(2)/115(2)/118(1)/117(2)/109/303(2)/351(2)/3(5) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त विष्णु कुमार मंडल उम्र 35 वर्षीय, पिता मंगरु मंडल, साकिन बड़ा जिरवाबाड़ी चानन, जिला साहिबगंज को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर चिकित्सा जांच करने के उपरांत अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

### कोटालपोखर थाना पुलिस ने अवैध कोयला को किया जप्त



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** बरहरवा कोटालपोखर थाना क्षेत्र के भौरा बांध गांव में अवैध रूप से चल रहा था, कोयला प्लोटिंग का काम। गुप्त सूचना के आधार पर कोटालपोखर थाना पुलिस ने अवैध कोयला को किया जप्त। अवैध कोयला को दो ट्रैक्टर के ट्रॉली में भरकर थाना लाया गया। कोयला माफिया में मचा हड़कंप आखिरकार कोयला माफिया में इतनी हिम्मत कहाँ से आती है। जो दिन-दहाड़े इस प्रकार के अवैध धंधे को कर रहे है। अवैध उगाही उगा कर मालामाल हो रहे है और दिनदहाड़े अवैध कोयला का व्यापार चला रहे हैं। वो भी प्रशासन के आँखों में धूल झोंक कर, आखिरकार किसके इशारे पर होता है, अवैध कोयला का धंधा। इस अवैध कोयला कारोबार के पीछे किसका हाथ है और किसके इशारे पर चल रहा है। अवैध कोयला का सिंडिकेट कौन-कौन है तथा इसका तार कहाँ तक जुड़ा है। इस मामले को गंभीरता से लेकर कोटालपोखर पुलिस प्रशासन छानबीन कर रही है।

### एक 12 वर्षीय बच्चे को जहरीले सांप के काट लेने से मूर्छित हो गया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के कर्बला, आकुर टोला गांव में सोमवार को एक 12 वर्षीय बच्चे को जहरीले सांप के काट लेने से मूर्छित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जिया शेख के 12 वर्षीय पुत्र रियाद शेख अपने दोस्तों के साथ घर के बाहर बगीचे में खेल रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया जिससे वह मूर्छित हो गया। परिजनों को पता चलते ही आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। वहीं आसपास के लोगों ने जहरीले सांप को पड़कर अनुमंडल अस्पताल लाया। डॉक्टर के देखरेख में बच्चे का इलाज चल रहा है।

# रविवार की देर शाम मिट्टी लदा ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक तीन वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** उधवा राधानगर थाना क्षेत्र के अमानत दियारा में रविवार की देर शाम मिट्टी लदा ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक तीन वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अलीशा खातून अपने पिता साउथ शेख के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने नाना बजाउल शेख के घर जा रही थी। जो अमानत दियारा पंचायत के सोलेमान हाजी टोला में रहते हैं। वे उत्तर पलाश गाछी पंचायत के खट्टी टोला से आ रहे थे। बताया जाता है कि तभी एक मिट्टी लदे ट्रैक्टर ने



उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण मोटरसाइकिल पर सवार पिता और बेटी दोनों सड़क पर गिर गया। ट्रैक्टर अलीशा के सिर के ऊपर से गुजर गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर का मालिक अमानत दियारा का ही बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही राधानगर पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जांच में जुट गई। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। इस दुखद घटना से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना ने क्षेत्र में व्याप्त अवैध मिट्टी उत्खनन के मुद्दे को फिर से उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद दियारा क्षेत्रों में मिट्टी की अवैध कटाई लगातार जारी है। मिट्टी माफिया जल्दी खेप पहुंचाने के लिए ट्रैक्टर चालकों पर दबाव डालते हैं। जिसके कारण वे तेज गति से वाहन चलाते हैं और ऐसे हादसे होते हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से मिट्टी माफिया और तेज गति से ट्रैक्टर चलाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाया तो और भी मासूम की जानें जा सकती हैं।

# सड़क जर्जर होने की वजह से यात्रियों को उठानी पड़ रही है परशानी

**• बरसात के दिनों में यह सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील**

**आदिवासी एक्सप्रेस मोहित मंसूरी**

**कोटालपोखर-** जिला साहिबगंज अन्तर्गत कोटालपोखर स्थत मुख्य सड़क से होते हुऐ ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाली सड़क की स्थिति जर्ज़र होती जा रही है! जिसके वजह से ग्रामीण क्षेत्रों से मुख्य सड़क एवं बाजार की ओर आने वाले लोगों को बहुत सी परेशानियों का सामना आये दिन करना पड़ता है! कोटालपोखर राजबाड़ी के पीछे से गुजरने वाली सड़क की स्थिति बहुत ख़राब होने से आये दिन ग्रामीणों को दुर्घटना जैसा समस्याओं का सामना करना पड़ता है! बरसात के दिनों में यह सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो जाती है जिससे ग्रामीण कोटालपोखर बाजार सहित अन्य जगहों में जाने से पूरी तरह असमर्थ दिखाई देते है सड़क की




जर्ज़र स्थिति की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों से पढ़ाई के लिए आने जाने वाले बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है यह सड़क आसपास के कई ग्रामीण इलाकों को कोटालपोखर मुख्य सड़क से जोड़ती है जिससे ग्रामीणों को बाजार सहित अन्य जगहों में जाने के लिए बहुत जरुरी है! ख़ास तौर पर इस सड़क का निर्माण इसलिए भी जरुरी है क्योंकि आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एम्बुलेंस जैसी सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके सड़क की स्थिति ख़राब होने की वजह से आपातकाल के समय अगर ऐसी स्थिति पैदा होती है के कोई मरीज की हालत बहुत ख़राब है और उसे बेहतर इलाज के लिए किसी बड़े अस्पताल ले जाना है ऐसी स्थिति में मरीज़ों को सड़क जर्ज़र होने की वजह से बहुत इंतज़ार करना पड़ सकता है ग्रामीणों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार सड़क निर्माण के लिए तरह-तरह के मांग को रखा जा चुका है लेकिन अभी तक इस विषय में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है!

### उधवा में छापेमारी कर पुराने लंबित मामले से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** उधवा राधानगर थाना पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर भूदेव मंडल टोला व भूदेव टोला उधवा में छापेमारी कर पुराने लंबित मामले से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भूदेव मंडल टोला निवासी मुकेश कुमार साहा व प्रीतम सरकार उर्फ टाइगर के विरुद्ध एसटी संख्या 62/19 के तहत एक पुराना मामला दर्ज है, जिसके तहत इन दोनों आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए ये दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे। राधानगर पुलिस टीम लगातार इनकी तलाश में जुटी हुई थी और आखिरकार उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता मिली। गिरफ्तारी के बाद, दोनों आरोपियों को राधानगर थाने लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की गईं। अब, राधानगर पुलिस इन दोनों गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय, साहेबगंज में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### 11 साल बाद परिजनों से मिला समरा परिजनों में खुशी की लहर

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** तीनपहाड़ सालगाछी से लगभग 11 साल पहले लापता हुआ आदिम जनजाति का किशोर समरा पहाड़िया उर्फ सन्नी सोमवार को परिजनों से मिला। 11 साल के बाद अचानक मां से मिलने पर युवक को पहले पहचानने में दिक्कत हुई फिर धीरे-धीरे मां तथा परिजन उसे पहचान गए। परिजनों में खुशी का माहौल है। तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के सालगाछी पंचायत के कोचलो पहाड़ गांव में समरा पहाड़िया अपने दो भाइयों के बाद तीसरे नंबर पर था। समरा ने बताया कि वह करीब 9 साल का था उस समय वह परिजन से किसी बात को लेकर गुस्से में आकर घर से भाग गया था। समरा बताता है कि 2014 में वह गांव से भाग कर तीनपहाड़ स्टेशन पहुंचा जहां से वह ट्रेन पड़कर साहिबगंज गया और वहां से ट्रेन पड़कर हावड़ा और फिर किसी ट्रेन को पकड़वा पंजाब के लुधियाना पहुंच गया इस दौरान उसने बिना टिकट ही सफर किया था। उसे यह पता नहीं था कि उसे कहां जाना है उसके मन में यह था कि उसे बस अपने घर से काफी दूर जाना था, जो भी ट्रेन मिलती गई वह उस पर सवार होकर आगे बढ़ता गया, वह जब पंजाब के लुधियाना के जनेबाल पहुंचा तो वह जगह उसके लिए अनजान थी। फिर इधर-उधर भटकता रहा उसके पास जो भी 10 से 15 रुपए था वह खर्च हो चुका था। तभी किसी व्यक्ति की नजर उसपे पड़ी वह उससे बातचीत किया और समरा ने उसे अपनी पूरी बात बताई जिसके बाद वह उसे एक टायर फैक्ट्री ले गया जहां समरा कार्य करने और रहने लगा। कभी कभार उसे घर और परिजनों की याद आती थी, लेकिन वह घर अकेले घर कैसे पहुंचेगा यह सोचकर वह नहीं आ पाता था। वही इस दौरान समरा के परिजनों भी उसे काफी ढूंढने की कोशिश किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पाया था थक हार कर वह अब समरा के वापस आने की उम्मीद भी छोड़ चुके थे। लेकिन समरा की मां मेसी पहाड़ीन बताती है कि उसे उम्मीद थी कि उसका बेटा कहीं चला गया होगा और एक दिन जरूर घर वापस आएगा। वही धीरे-धीरे समय बितता गया समरा 20 वर्ष का हो गया था और कार्य करने के दौरान कार्य करने वाली एक नाबालिक से प्रेम प्रसंग हो जाता है। इसके बाद वह उसे लेकर वहां से भाग निकलता है वहीं उसने घर का पता मोबाइल में ढूंढ लिया था जहां से वह उस महिला मित्र के साथ किसी ट्रेन से रविवार की देर रात्रि तीनपहाड़ स्टेशन पहुंचा है। जहां से वह अपने गांव जाने के लिए टेंपो या ई रिक्शा ढूंढने लगता है लेकिन रात होने के कारण उसे कोई वाहन नहीं मिलता जिससे दोनों को भटकता देख स्थानीय पुलिस ने उसे दोनों को थाना लाकर जहां पूछताछ किया जिसमें किशोरी ने लड़के के साथ घर से भाग जाने की बात कहती है। वही लड़के के द्वारा बताए गए पते पर पुलिस उसके परिजन को सूचना देते हैं। जिसके बाद परिजन थाना पहुंच उसे पहचान लेते हैं। इस दौरान समरा अपने परिजनों से लिपटकर रोने लगते हैं। वही समरा बताता है कि अब वह अपने परिजन के साथ ही रहेंगे और दोबारा कभी घर से नहीं जाएंगे।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र मे चार वर्षीय बच्ची के साथ गाँव के 12 वर्षीय किशोर पर लगा दुष्कर्म करने का आरोप। पीड़िता के रिश्ते में नाबालिग भतीजा लगता है। पुलिस नाबालिग युवक को हिरासत मे लेकर थाना ले आया है। वहीं घटना बीते बुधवार की दोपहर 3 बजे की बताई जा रही है। बच्ची के स्वजनों के अनुसार बुधवार की दोपहर अपने घर के बहार खेल रही थी। बच्ची को बहला फुसलाकर गाँव के एक किशोर ने बच्ची के साथ किया दुष्कर्म। पीड़िता बच्ची के स्वजनों ने बताया कि बच्ची जब घर पहुँची तो



रो रही थी तब रोने का कारण पूछा तो बच्ची ने इसारे मे आप बीती घटना के बारे में अपने पिता को बताया। स्वजनों ने खून निकलते देखा फिर पूरी बात की जानकारी लिया। फिर दुष्कर्म के आरोपी नाबालिग के घर जब बच्ची के पिता पहुचे तो देखा किशोर घर में नही था। घटना की जानकारी जैसे किशोर के पिता को जब दिया तो पिता उल्टे बच्ची के स्वजनों से हुज्जत करने के लिए उतारू हो गए, जिससे बच्ची के स्वजनों ने तीनपहाड़ थाना पहुँचकर लिखित आवेदन देकर घटना के बारे में बताया। जिसको लेकर तीनपहाड़ पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग युवक को हिरासत मे लेकर थाना लेकर आया, साथ ही किशोर के पिता को भी थाना लाया गया। घटना के बाद से गाँव में लोग सहमे हुए है। इसी मामले में वरीय पदाधिकारी थाना पहुचे साथ ही राजमहल महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी को भी बच्ची से बातचीत करने के लिए बुलाया गया।

# चतरा जिला युवा मोमिन कांफ्रेंस के द्वारा निकाला गया कैंडल मार्च

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता- अबुल कलाम**

**चतरा- (झारखंड)** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस चतरा तथा रहमतिया मस्जिद ट्रस्ट के द्वारा संयुक्त रूप से कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया गया। कैंडल मार्च पुराना पेट्रोल पंप से केशरी चौक तक निकाला गया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान होश में आओ, हिंदुस्तान जिंदाबाद, निहथों पर गोली चलाना बंद करो जैसे नारों से चतरा का मुख्य शहर गूंज उठा। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आतंकवाद जैसे मुद्दों पर कड़ा एक्शन लें आपको भारत के




मुसलमानों की आवश्यकता होगी तो आप सिर्फ आदेश कीजिए जिस तरह भारत से अंग्रेजों को भगाने में पीछे नहीं हटा ठीक उसी तरह वतन के साथ वफादारी का मिशाल पेश करते हुवे पाकिस्तान की ईंट से ईंट बजा देंगे, हम आपके हर निर्णय के साथ हैं जिससे आतंकवाद का खात्मा हो सके।कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी, नगर अध्यक्ष तौफीक हुसैन, मोमिन कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता मास्टर नईम साहब, नगर सचिव मो सहाबुद्दीन, मोहम्मद हसन, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद जियाउद्दीन, मोहम्मद अफजल के अलावे सैकड़ो मोमिन कांफ्रेंस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# साहिबगंज सदर अस्पताल मुख्य गेट के निकट दो करोड़ 73 लाख 13.733 की लागत से बना जी-थ्री जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र बनकर तैयार

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** सदर अस्पताल के मुख्य गेट के निकट दो करोड़ 73 लाख 13.733 की लागत से बना जी-थ्री जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र बनकर तैयार है। चार मंजिला भवन में बच्चों के लिए मल्टीप्ले स्टेशन और डबल आर्च स्विंग का निर्माण किया गया है। 15 कमरों वाले इस भवन में जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीइआइसी) एक ऐसा केंद्र है जो 6 वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न



प्रकार की चुनौतियों से उबरने में मदद करता है, खासकर विकलांगता के कारण होने वाली चुनौतियों से यह केंद्र मूल्यांकन, उपचार, परामर्श और विशेष शिक्षा प्रदान करता है, ताकि बच्चों के विकास में देरी या विकारों को दूर किया जा सके। भवन निर्माण निगम लिमिटेड, रांची द्वारा निर्मित इस केंद्र में बच्चों के खेलने के लिए खिलौने और झूले भी लगाए गए हैं। लिफ्ट की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। निर्माण कार्य के शुभम तिवारी ने बताया कि भवन निर्धारित समय पर बनकर तैयार हो गया है और तीन दिन के भीतर हैंडओवर कर दिया जाएगा। इसके बाद बच्चों का इलाज स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि दो कमरों में दरवाजे पूर्ण रूप से नहीं लगे हैं और दरवाजों पर वार्ड का नाम नहीं लिखा गया है। उन्होंने दो दिन के भीतर इन खामियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके बाद केंद्र का हैंडओवर किया जाएगा। आरबीएसके के पांच चिकित्सक करेंगे इलाजः शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में पांच चिकित्सक बच्चों का इलाज करेंगे। सीएस ने बताया कि आरबीएसके के तहत होम्योपैथ और आयुर्वेद पद्धति से भी इस केंद्र में इलाज किया जाएगा। यदि होंठ कटे या अत्यधिक कुपोषण के शिकार बच्चे आते हैं तो उन्हें यहां से रेफर कर उचित इलाज कराया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जूठाहाआम में श्री हंस मिष्ठान भंडार का हुआ उद्घाटन




**बिरनी/गिरिडीह**
**टिंकू राय**
बिरनी के जूठाहाआम मोड़ पर सोमवार को श्री हंस मिष्ठान भंडार का उद्घाटन किया गया। उद्घटान समारोह में भारी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण समाजसेवी मौजूद थे। मिष्ठान भंडार संचालक राजेन्द्र राणा ने बताया कि शादी पार्टी में आर्डर लिया जाएगा, यहाँ सभी तरह की मिठाईयां बनाई जाएगी। कहा कि प्रयास होगा कि लोगों को बेहतर सेवा दे सकूं। मौके पर टहल साव, खरखरी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुभाष साव , शाखाबरा मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, मंझिलाडीह मुखिया सत्येंद्र राउत, छोटेलाल विश्वकर्मा, फुलेंद्र राय,प्रमोद साव, विशुन विश्वकर्मा, देवकी विश्वकर्मा समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### गिरिडीह के बगोदर में भीषण सड़क हादसा

● मछली लदी वैन ने बस को मारी टक्कर, चालक की मौत




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। जीटी रोड के औरा के पास एक खराब खड़ी बस में तेज रफ्तार मछली लदी पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वैन चालक वजीर अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस मालिक शमशेर अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल शमशेर अंसारी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि वजीर अंसारी मोकामा का निवासी था और सरिया क्षेत्र में मछली आपूर्ति का कार्य करता था। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है, वहीं पिकअप चालक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

### गिरिडीहः रोटरी क्लब की ओर से कोर्ट परिसर में वाटर कूलर की स्थापना



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह में रोटरी क्लब ने इस भीषण गर्मी में कोर्ट परिसर में एक वाटर कूलर स्थापित किया है, ताकि वहां आने-जाने वाले लोगों को ठंडा पानी मिल सके। यह पहल जनहित में उठाया गया एक सराहनीय कदम है।सोमवार को इस जल शीतल मशीन का उद्घाटन जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश ए. के. पांडे और रोटरी अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला द्वारा किया गया। इस मौके पर रोटरी के अन्य सदस्य और बार एसोसिएशन के सदस्य भी उपस्थित थे। रोटरी क्लब गिरिडीह समाज सेवा में निरंतर सक्रिय रहते हुए जनकल्याण के लिए प्रेरणादायक कार्य कर रहा है।

### आकांक्षी जिला , प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत समीक्षात्मक बैठक संपन्न

● समय समय पर शत प्रतिशत डेटा अपलोड करते हुए इंडीकेटरों में सुधार करने का निर्देश




**टंडवा/चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला, प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत समीक्षात्मक बैठक की गई। आकांक्षी जिला कार्यक्रम अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडीकेटरों पर विस्तार से चर्चा की गई।सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति की क्रमवार जानकारी ली गई तथा जिन क्षेत्रों में कार्य करने में समस्याएं या बाधाएं आ रही हैं, उसपर भी विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार कार्यों में तेजी लाएं और आपसी समन्वय के साथ समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को कहा जिले की उपलब्धियों का डेटा सम्बंधित अधिकारियों व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समय समय पर अपलोड कराएं जिससे जिला का प्रदर्शन राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रहे।

बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा , जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, सिविल सर्जन चतरा दिनेश प्रसाद,जिला शिक्षा अधीक्षक,जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी रीना साहू,अनुमंडल कृषी पदाधिकारी निखत परवीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मयूरहंड (क्ष्छह), बीईईओ, बीपीओ मयूरहंड,

नीति आयोग क्षेत्र में कार्य कर रहे हर्षल (पीपीआईए चतरा), संजीत राय (गांधी फेलो, पिरामल फाउंडेशन), अक्षय सिंह (प्रोग्राम लीडर, पिरामल फाउंडेशन), चंदन (डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट एसोसिएट, चतरा के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

● एनटीए, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 04.05.25 को निर्धारित नीट यूजी 2025 परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा की, दिए गए जरूरी दिशा-निर्देश

● उपायुक्त ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

● नीट यूजी के लिए जारी गाइडलाइन का उचित अनुपालन जरूरी, परीक्षा निष्पक्ष तरीके से होनी है, जिसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए

● परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल व दंडाधिकारियों की तैनाती होगी, परीक्षा केंद्रों के हर क्लास रूम में सीसीटीवी लगाए जाएंगे




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 04.05.25 को निर्धारित नीट यूजी, 2025 परीक्षा की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की और परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नीट यूजी के लिए जारी गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करना है। परीक्षा निष्पक्ष तरीके से होनी है, जिसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। परीक्षा से संबंधित सभी अधिकारी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की गाइडलाइन का अध्ययन कर लें। परीक्षा केंद्रों के हर क्लास रूम में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जाएंगे। केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पीने के पानी, शौचालय, बिजली की भी व्यवस्था करनी होगी। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के पहले परीक्षार्थियों की जांच होगी। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल व दंडाधिकारियों की तैनाती होगी। स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न-पत्र व परीक्षा की अन्य सामग्री को ले जाने, लाने की व्यवस्था होगी। लॉजेस्टिक टीम तैयार रहेगी। इसके लिए दंडाधिकारी व पुलिस बल अलग से तैनात होंगे। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे। अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखनी है। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपरोक्त के अलावा सदर अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, प्रथम एवं द्वितीय, डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर, एनटीए, डिस्ट्रिक्ट आईबी ऑफिसर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड बाल आयोग की टीम ने गिरिडीह परिसदन भवन में जिले के अधिकारियों संग बैठक की, दिए गए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

● जिला में बाल हित के कार्यों को करें सुनिश्चित योजनाओं का लाभ हो सुनिश्चितः रुचि कुजूर

● बाल श्रम, बाल तस्करी का हो रोकथामः रूचि कुजूर



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखंड सरकार के सदस्य रुचि कुजूर और आभा वीरेंद्र अकिंचन ने गिरिडीह जिला का दो दिवसीय दौरा किया। सर्वप्रथम गिरिडीह जिला के अधिकारियों के साथ परिसदन भवन में बैठक किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, डीसीएलआर अमरेन डांग, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, निदेशक डीआरडीए रंथू महतो, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपूते, डालसा सचिव, जिला कल्याण पदाधिकारी जयप्रकाश मेहरा, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी वसीम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, विशेष किशोर पुलिस अधिकारी, श्रम अधीक्षक रवि शंकर, अधीक्षक उत्पाद विभाग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी जीतू कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी मुनेश्वरी बाड़ा, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति पूजा सिंह सदस्य योगेंद्र प्रसाद, संतोष गुप्ता, नीतू गुप्ता, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सुलेखा गुप्ता, मिशनरी ऑफ़ चैरिटी की प्रतिनिधि, समन्वयक चाइल्डलाइन सुनीता कुमारी, मुख बधिर विद्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित थे। झारखंड राज्य बाल आयोग के सदस्य रुचि कुजूर और आभा वीरेंद्र अकिंचन ने क्रमवार विभाग का समीक्षा किया। जिला में बाल अधिकार और संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्य और योजनाओं का समीक्षा किया। सिविल सर्जन ने विशेष न्यू बोर्न यूनिट और बाल कुपोषण यूनिट की जानकारी दिया साथ आयोग ने विशेष बीमारी से पीड़ित बच्चों के लिए उन्हें दिशा निर्देश दिया,बाल श्रम, बाल पलायन रोकने के लिए श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आंगनवाड़ी, कस्तूरबा विद्यालय और सभी आवासीय विद्यालय में भोजन और पानी की शुद्धता बनी रहें। जिला शिक्षा पदाधिकारी से कहा गया कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जोड़े, और ड्राप आउट बच्चों को विशेष निगरानी रखें। जिला कल्याण पदाधिकारी ने जनजातीय आवासीय विद्यालय की जानकारी दिया। तत्पश्चात उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से बैठक किया बाल श्रम रोकने, बाल तस्करी रोकथाम, बच्चों को शिक्षा के प्रति जोड़ने, बाल संप्रेषण भवन, बाल गृह बनाने पर बात हुई, बाल हित से जुड़े मामलो को अच्छी से पालन हो इस पर बात हुई। तत्पश्चात सदर अस्पताल का निरिक्षण किया।

## तीन मई को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** कांग्रेस द्वारा तीन मई को रांची में आयोजित होने वाले संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें जिला प्रभारी पूर्व विधायक जयप्रकाश पटेल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। वहीं बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया ने की। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को रैली की तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि इस रैली को संविधान बचाओ रैली का नाम इसलिए दिया गया है कि आज जो ताकत सत्ता में है वह विभिन्न प्रकार से संविधान का गला घोटने में लगी है। बाबा साहेब अंबेडकर ने देश को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया है उसे बदलने की लगातार कोशिश कर रही है। जिसके खिलाफ हमें जिले के हर प्रखंड से हर पंचायत से कार्यकर्ताओं को रैली में शामिल कर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नरेश वर्मा, अशोक विश्वकर्मा, जुनेद आलम, अहमद रजा नूरी, निजामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद निजामुद्दीन, नागेश्वर मंडल, अशोक निराला, निरंजन तिवारी, अकबर अंसारी, रणधीर चौधरी, इतवारी वर्मा, पुरुषोत्तम चौधरी, सद्दाम हुसैन, रजनीश कुंदन, सोहेल इराकी, बिलाल हुसैनी, पंकज सागर, उपेंद्र सिंह, सरफराज अंसारी, दिनेश विश्वकर्मा, त्रिभुवन दास, मोहम्मद अली खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाकपा माले ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजली



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** भाकपा माले सह असंगठित मजदुर मोर्चा के द्वारा सोमवार को परिषदन भवन में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रसेवार्ता को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव अशोक पासवान, किसान नेता पूरण महतो, माले नेता राजेश सिन्हा और असंगठित मजदूर मोर्चा के कन्हाई पांडेय ने सबसे पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और केन्द्र सरकार से आंतकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से देश की जनता से माफी मांगने को कहा। कहा कि 2014 से पहले 100 बार भाषण दिए थे कि आतंकवाद केंद्र सरकार की समस्या है, आज हम उनकी बात को रिपीट करते है तो उनके भक्त को अच्छा नहीं लगता है, मांग की गई तथा वर्तमान समय में केन्द्र सरकार सहित को पूंजीपतियों के घरानों द्वारा मजदूरों के हितों के उपर लगातार हमले हो रहे है, मजदूरों किसानों का शोषण और उनके साथ अन्याय कर रहे है। आठ घंटे के जगह 12 घंटे काम करवाया जा रहा है, जो की फासिवाद का प्रतिक है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री एरिया को बर्बाद कर दिया गया है, भाकपा माले मजदूरों की लड़ाई लड़ेगी। एक मई मजदुर दिवस के अवसर में मजदूरों की व्यापक गोलबंदी के साथ मोहनपुर में रैली और सभा का आयोजन किया जायेगा।

## गिरिडीह के तिसरी में हिंसा की जांच के लिए पहुंचे बोकारो जोनल आईजी, पुलिस को दिए दिशा-निर्देश



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में सोमवार को किसान जनता पार्टी (किजपा) के प्रदर्शन के दौरान हुए पथराव और वाहनों में आगजनी के प्रयास की जांच के लिए बोकारो जोन के आईजी माइकल राज एस पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना कर पुलिस अधिकारियों से पूरी जानकारी ली और आगे की कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। मामला तब बिगड़ा जब किजपा के कार्यकर्ताओं ने अंचलाधिकारी के कार्यालय में घुसकर सत्यापित रजिस्टर 2 की कॉपी की मांग करते हुए हंगामा किया, जिसके बाद पथराव शुरू हो गया। झड़प में कई अधिकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, वहीं कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस प्रशासन पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है।

## पहलगाम में पर्यटकों पर हमला कायराना हरकत, दुखदः कासिम अंसारी



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** पहलगाम में पर्यटकों पर हमला बहुत कायरना हरकत बहुत दुखद घटना हैं उक्त बाते झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता कासिम अंसारी ने कहा। उन्होंने कहा कि आतंकी हमला बेहद शर्मनाक ओर निंदनीय है । निहत्थे मासूमों को निशाना बनाना मानवता पर हमला है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत से देश भर में आक्रोश हैं। कहा कि आतंकवादी हमले में मारे गए सभी लोगों के प्रति झारखंड मुक्ति मोर्चा शोक संवेदना प्रकट करती है। कहा कि देश की सुरक्षा करने में गृहमंत्री और रक्षामंत्री फेल हैं इसलिए दोनों को नैतिकता के आधार पर घटना की जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलवामा के बाद पहलगाम में आतंकवाद की घटना ने देश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है।

## अपर समाहर्ता ने अध्यक्षता में झारखण्ड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 के आलोक में जिला स्तर पर जिला समिति गठन हेतु बैठक




**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** अपर समाहर्ता ने अध्यक्षता में झारखण्ड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 के आलोक में जिला स्तर पर जिला समिति गठन हेतु बैठक संपन्न हुई। बैठक में बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, सांसद प्रतिनिधि, कोडरमा लोकसभा, विधायक प्रतिनिधि गिरिडीह, विधायक प्रतिनिधि गांडेय, विधायक प्रतिनिधि, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सहायता प्राप्त संबद्ध एवं निजी विद्यालयों के शिक्षकों एवं इन संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों के माता-पिता/अभिभावकों के शिकायतों के निवारण हेतु एक अपीलीय न्यायाधिकरण के रूप में झारखण्ड शिक्षा न्यायाधिकरण, 2005 अधिनियमित किया गया है। निजी विद्यालयों, जो राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त न हो अथवा स्थानीय निकाय या केन्द्र या राज्य सरकार के नियंत्रण में नहीं हो, के शुल्क निर्धारण के लिए निर्धारित मापदण्ड नहीं होने के कारण माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रॉची में दायर डब्लु पी (पीआईएल) संख्या-3271/2013 के आलोक में निजी विद्यालयों के द्वारा अधिक शुल्क निर्धारण की जॉच हेतु गठित कमिटी द्वारा झारखण्ड सरकार को उचित कानून बनाने के सुझाव के आलोक में झारखण्ड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 अधिनियमित किया गया है। झारखण्ड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 के कंडिका-07 (अ) 1 के अनुसार :- शुल्क के संग्रह का विनियमन सरकार द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा लगाए गये शुल्क विनियमित किये जायेंगे। शुल्क नियमानुसार विनियमित किये जायेंगे। (क) प्रत्येक विद्यालय की फीस समिति होगी, जिसमें नीचे वर्णित सदस्य होंगे, (v) निजी विद्यालय में प्रबंधन द्वारा मनोनित प्रतिनिधिः अध्यक्ष।

(ii) निजी विद्यालय के प्रधानाचार्यः सचिव। (iii) निजी विद्यालय के प्रबंधन द्वारा मनोनित तीन शिक्षकः सदस्य। (iv) माता-पिता शिक्षक संघ द्वारा नामित चार माता-पिता सदस्य। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालय स्तर पर गठित शुल्क समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को शुल्क निर्धारण का एजेण्डा एवं बैठक की सूचना एक सप्ताह पूर्व उपलब्ध कराई जायेगी। (ख) समिति का कार्यकाल तीन शैक्षणिक वर्षों के लिए होगा और कोई भी अभिभावक सदस्य समिति के रूप में अपने कार्यकाल की समाप्ति के बाद पुनः मनोनयन के लिए पात्र नहीं होंगे। (ग) निजी विद्यालयों का प्रबंधन, अधिनियम के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय स्तर समिति को फीस का प्रस्ताव देने के लिए सक्षम होगा। (घ) शुल्क निर्धारण के कारक किसी विद्यालय द्वारा संग्रहित किये जाने वाले शुल्क का विनिश्चय करते समय निम्नलिखित कारक ध्यान में रखे जायेंगे। (v) विद्यालय की अवस्थिति (ii) गुणात्मक शिक्षा के लिए छात्रों को उपलब्ध कराई गई संरचनाएं (iii) प्रशासन और रख-रखाव पर व्यय, (iv) मापदण्डों के अनुसार अहर्तित शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा उनके वेतन घटक (v) वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए युक्तियुक्त राशि (vi) विद्यालय के कुल आय में से छात्रों पर उपगत व्यय (vii) शिक्षा के विकास और विद्यालय के विस्तार के प्रयोजन के लिए युक्तियुक्त अधिशेष राजस्व और (viii) कोई भी अन्य कारक जो विहित किया जाय। (ङ) अधिनियम के तहत निर्धारित सभी प्रासंगिक कारकों पर विचार करने के बाद शुल्क समिति, प्रस्तावित शुल्क संरचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर फीस को मंजूबी देगी और लिखित रूप में स्वीकृत शुल्क के विवरणियों को प्राचार्य को संप्रेषित करेंगी। शुल्क समिति द्वारा निर्धारित शुल्क दो वर्षों के लिए प्रभावी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व प्रमुख की स्वर्गीय माता की दशमी पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई



फुल्लीडुमर प्रखंड के पूर्व प्रमुख रामानंद यादव कि स्वर्गीय माता फुलेश्वरी देवी की दशमी पुण्यतिथि सोमवार को धूमधाम से प्रखंड के धाबा गांव मनाई गई। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख सहित प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित हुए एवं उनकी माता स्वर्गीय फुलेश्वरी देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अपनी माता के दशमी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का पूर्व प्रमुख रामानंद यादव ने फूलमाला पहनाकर एवं बुके देकर उनका स्वागत किया गया। वही इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि एवं पूर्व प्रमुख के परिवारजन उपस्थित थे।

### रहस्यमय ढंग से शादीशुदा लड़की गायब

**सं, सू पंकज कुमार ठाकुर।**
**चांदन (बांका)** थाना क्षेत्र के एक गांव से खरीददारी करने निकली शादीशुदा लड़की रहस्यमय ढंग से गायव हो जाने की मामला सामने आया है।घटना को लेकर पिड़ित पिता ने चांदन थाना में लिखित आवेदन देकर लड़की की खोजबीन करने की गुहार लगाई है। विदित हो कि गायव लड़की की पूर्व से किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था।प्रेम-प्रसंग की उजागर होने पर स्वजनों द्वारा आनन-फानन में युवती की शादी करा दी गई थी। शादी कराये जाने से नाराज़ युवती ने मौका पाकर रविवार दोपहर को घर से फरार हो गई।इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णुदेव कुमार ने बताया मामले की जांच कर युवती की खोजबीन की जाएगी।

### टीवी इंटरव्यू में बोले सामवेदी बौसी वासी इकबाल दुर्रानी

● **गंदी करतूत है पहलगाम आतंकी हमला, मिले कठोर सजाः इक़बाल**




**आदिवासी एक्सप्रेस/ बौसी (बांका) अमित कुमार शर्मा**
बौसी बलुआ तरी गांव के निवासी फिल्मी दुनियां के चर्चित चेहरे फिल्म लेखक एवं डायरेक्टर तथा सामवेद के अनुवादक इकबाल दुर्रानी ने बिंदास बोल कार्यक्रम के तहत एक टीवी कार्यक्रम में अपने इंटरव्यू के दौरान पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही।उन्होंने अपने साक्षात्कार में कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला एक नीच हरकत है इस हमले को अंजाम देने वाले जालिमों को दर्दनाक सजा सरकार द्वारा मिलनी चाहिए। यह समस्त मानव जगत के लिए एक काला अध्याय जैसा है। वहीं दूसरे और पूछे गए सवाल के दौरान उन्होंने कहा कि सामवेद बहुत ही अच्छी रचना है इसके लिए उन्होंने संस्कृत पहले सीखी उसके बाद 6 साल में इसे पूरा किया। देश के युवाओं को सामने जरूर पढ़ना चाहिए इससे उन्हें बहुत प्रेरणा मिलेगी और वह मार्ग से नहीं भटकेंगे। सामवेद एक ऐसे सूरज की समान है जो सभी को निष्पक्ष भाव से अपनी रोशनी फैलता है। उन्होंने फिल्म जगह से थोड़ी राहत लेकर इस से पुस्तक का हिंदी अनुवाद किया है वह काफी खुश है कि देशभर में उनके इस पुस्तक को काफी लोकप्रियता मिल रही है।

### बाल विवाह रोकथाम एवं निषेध हेतु विशेष जागरुकता कार्यक्रम



**बांका से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**
बांका जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास निगम, बांका द्वारा आगामी 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया के दौरान संभावित बाल विवाह के रोकथाम एवं निषेध हेतु विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन बाँका सदर प्रखंड अंतर्गत आंगनबाडी केन्द्र रामपुर चौक में महिला संवाद के दौरान किया गया! कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यलय के जिला मिशन समन्वयक,राज अंकुश ने कहा कि लडकियों की शादी 18 वर्ष के बाद एवं लडकों की शादी 21 वर्ष के बाद करना चाहिए, इस निर्धारित उम्र सीमा के पूर्व शादी होने पर वह बाल विवाह माना जायेगा जो कि कानूनन जुर्म है! इसके साथ ही इसके कई दुष्परिणाम भी हैं! बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत लडके की शादी 21 वर्ष से कम उम्र तथा लडकी की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में होने पर उसे बाल विवाह माना जाता है और इस तरह की शादी में शामिल वर-वधु पक्ष के अभिभावक/संबंधी सहित पंडित/मौलवी/ धर्मगुरू,सेवा प्रदाता यथा टेंट, कैटरर्स,बैंड बाजा,बत्ती,शादी कार्ड प्रिंटिंग प्रेस, मैरेज हॉल मालिक एवं बारात तथा शादी में शामिल वैसे सभी व्यक्ति जिनकी सहभागिता किसी भी रूप में शादी में हुई हो, कानून में उनके लिए दंड का प्रावधान है!इस अधिनियम के तहत इसके लिए दो वर्ष तक का कारावास और एक लाख तक का जुर्माने का प्रावधान है! आप सबों एवं इस जागरूकता अभियान के माध्यम से सभी लोगों से अनुरोध है कि अगर किसी का बाल विवाह हो रहा हो या होने की तैयारी हो रही हो अथवा होने की संभावना हो तो इसकी सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या आपातकालीन हेल्पलाइन 112 अथवा महिला हेल्पलाइन 181 पर दें!ऐसी शादियों( बाल विवाह) को तुरंत रोका जायेगा एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी! बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत अनुमंडल पदाधिकारी , बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी होते हैं साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहायक बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी होते हैं!

# दानापुर मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन



**संवाददाता द्वारा**
**हाजीपुर।** दिनांक 28.04.2025 को महेन्द्रूघाट, पटना में दानापुर मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में दानापुर मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता माननीय सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा की गयी। सभी माननीय सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चौधरी सहित मुख्यालय एवं दानापुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे।
आज की इस बैठक में नालन्दा के माननीय सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, जमुई के माननीय सांसद श्री अरूण भारती, जहानाबाद के माननीय सांसद श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, आरा के माननीय सांसद श्री सुदामा प्रसाद, बक्सर के माननीय सांसद श्री सुधाकर सिंह, गाजीपुर के माननीय सांसद श्री अफजल अंसारी तथा राज्यसभा के माननीय सांसद श्री शंभु शरण पटेल एवं माननीय सांसद श्री खीरू महतो उपस्थित थे। इनके अलावा माननीय कपड़ा मंत्री, भारत सरकार श्री गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि श्री अमित कुमार, माननीय सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार श्री जीतन राम मांझी के सांसद प्रतिनिधि डॉ. मोहम्मद सिबगतुल्लाह खान, माननीय सांसद डॉ. भीम सिंह के सांसद प्रतिनिधि श्री इन्द्रजीत कुमार, माननीय सांसद श्री रवि शंकर प्रसाद के सांसद प्रतिनिधि श्री रामजी सिंह, माननीय सांसद श्री विवेक ठाकुर के सांसद प्रतिनिधि श्री रजनीश कुमार, माननीय सांसद श्री वीरेन्द्र सिंह के सांसद प्रतिनिधि श्री नवीन कुमार सिंह उपस्थित थे।
बैठक में माननीय सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। माननीय सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने माननीय सांसदगण एवं माननीय सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया। महाप्रबन्धक ने अपने स्वागत संबोधन में दानापुर मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं नई परियोजनाओं से माननीय सांसदगण को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दानापुर मंडल अपने ऐतिहासिक स्थापना एवं निरंतर यात्री सेवा के स्वर्णिम उपलब्धियों के साथ वर्ष 2025 में शताब्दी वर्षगांठ मना रहा है। उन्होंने कहा कि गाड़ियों के समयबद्ध परिचालन को बेहतर बनाने के लिए हम सतत प्रयत्नशील हैं। पर्व त्योहार एवं अत्यंत व्यस्त सीजन पर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करती रही है। वर्तमान वितीय वर्ष 2024-25 में 593 जोड़ी विशेष रेल गाड़ियों का परिचालन किया गया एवं विभिन्न गाड़ियों में कुल 3763 अतिरिक्त कोच लगाये गए। दैनिक रेलयात्रियों को अनारक्षित टिकट सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 और स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई है। यात्री सुविधा की दिशा में कार्य करते हुए 05 स्टेशनों पर एस्केलेटर, 06 स्टेशनों पर लिफ्ट तथा 08 स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दानापुर मंडल के 20 स्टेशनों का चयन किया गया है जिसके अंतर्गत इन स्टेशनों का दीर्घकालिक दृष्टिकोण से विकास किया जा रहा है। साथ ही, झाझा स्टेशन परिसर में 'रेल कोच रेस्टॉरेंट' शुरूआत की गयी है, इससे यात्रियों के साथ-साथ आम लोग भी बेहतर खाने का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।
महाप्रबन्धक ने सांसदों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यों की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होगा।

# एक्सआईएसएस का 64वां दीक्षांत समारोह 3 मई को




**शिक्षा प्रतिनिधि द्वारा**
**राँचीः** ज़ेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची, का 64वाँ दीक्षांत समारोह 3 मई को शाम 4:30 बजे से संस्थान कैंपस में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बैच 2023-2025 के 312 विद्यार्थियों के बीच आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान उनके डिप्लोमा वितरित किए जायेंगे।झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री सुश्री शिल्पी नेहा तिर्की इस कार्यक्रम की मुख्यअतिथि होंगी। जबकि, विशिष्ट अतिथि, अंतर्राष्ट्रीय विकास सलाहकार श्री गिलहर्म वाज़ होंगे। अतिथि ह्यूमनरिसोर्स मैनेजमेंट, रूरल मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, और फाइनेंशियल मैनेजमेंट के स्नातकों को इस कार्यक्रमके दौरान संबोधित करेंगे जो अब देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी सेवा देने के लिए तैयार हैं।इस वर्ष का फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल प्रतिष्ठित एलुमनाई अवार्ड रूरल डेवलपमेंट के1979-81 बैच के श्री अशोक कुमार सिंह को दिया जायेगा। श्री सिंह सामाजिक विकास क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं और सहभागी शिक्षण केंद्र (एसएसके), लखनऊ, उत्तर प्रदेश के संस्थापक निदेशक हैं। इस दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम में 24 छात्रों के बीच गोल्ड, सिल्वर, एवं ब्रोंज मेडल और 04 छात्रों को 1.62लाख रूपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में चयनित 24 छात्रों के बीच 7.6 लाख रूपए की संस्थागत स्कॉलरशिप भी प्रदान की जायेंगे। इनमें फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियलस्कॉलरशिप एससी/एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए, फादर माइकल अल्बर्ट विंडी एसजे मेमोरियलस्कॉलरशिप मेधावी छात्रों के लिए और फादर लुइस फ्रेंकेन एसजे मेमोरियल स्कॉलरशिप सभी श्रेणियों के छात्रोंके समग्र प्रदर्शन के लिए शामिल है।संस्थान में अपनी लम्बी सेवा देने लिए फैकल्टी एवं स्टाफ को सम्मानित भी किया जायेगा। इस समारोह मेंइन स्नातक हो रहे छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता और एलुमनाई भी भाग लेंगे।

### जीकेयू में एआई पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, अमेरिका की फ्रेंड्स यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन

● **23 देशों के 505 शोधकर्ताओं और छात्रों ने लिया भाग, जीकेयू और फ्रेंड्स यूनिवर्सिटी के बीच अकादमिक और अनुसंधान सहयोग के लिए हुआ समझौता**




**नई दिल्ली, (आरएनएस)।**
गुरु काशी विश्वविद्यालय (जीकेयू) के फैकल्टी ऑफ कंप्यूटिंग द्वारा इननोवेशन एंड एप्लिकेशन ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस÷ विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में अमेरिका की फ्रेंड्स यूनिवर्सिटी, बांग्लादेश की ढाका इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, नेपाल की काठमांडू यूनिवर्सिटी और इथियोपिया की गम्बेला यूनिवर्सिटी सहित 23 देशों और भारत के 11 राज्यों से कुल 505 शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया।
सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. (डा.) मदन मोहन गोयल (पूर्व कुलपति, जगन्नाथ यूनिवर्सिटी, जयपुर) ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नीडनामिक्स से जोड़कर मानवता की भलाई के लिए इस्तेमाल करना समय की मांग है। एआई का विवेकपूर्ण और सकारात्मक उपयोग समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचा सकता है। इस अवसर पर जीकेयू और अमेरिका की फ्रेंड्स यूनिवर्सिटी के बीच अकादमिक और अनुसंधान सहयोग के लिए एक द्विपक्षीय समझौता (एमओयू) भी साइन किया गया। इस एमओयू के तहत संयुक्त शोध, अकादमिक आदान-प्रदान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। चांसलर गुरलाभ सिंह सिद्धू ने कहा, ÷गुरु काशी यूनिवर्सिटी एआई और मशीन लर्निंग में वैश्विक स्तर की शिक्षा सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीक में दक्ष बनाना है। कुलपति डा. रामेश्वर सिंह ने कहा, ÷आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है। अगर हम इसका सही दिशा में उपयोग करें तो इससे समाज में रोजगार के नए अवसर और विकास की असीम संभावनाएं पैदा हो सकती हैं। फ्रेंड्स यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के डॉ. भार्गव ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, एआई परमाणु ऊर्जा की तरह है, यदि सही दिशा में इस्तेमाल किया जाए तो यह मानवता के लिए वरदान है, अन्यथा इसके दुष्परिणाम भी हो सकते हैं। इस दौरान प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें, विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पोस्टर और प्रोजेक्ट्स ने सम्मेलन को जीवंत बना दिया। प्रतियोगिता में गुरु काशी यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा तैयार किया गया रोबोटिक मॉडल प्रथम स्थान पर रहा, जिसे फ्रेंड्स यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने विशेष रूप से सराहा।स्कूली छात्रों की प्रस्तुति प्रतियोगिता में संस्कार स्कूल, तलवंडी साबो ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि सिल्वर ऑक्स स्कूल, बठिंडा की अनन्या गुप्ता ने दूसरा और रबाब सिद्धू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ÷शिक्षा में एआई विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में संस्कार स्कूल ने प्रथम, अर्शप्रीत कौर ने द्वितीय और मनप्रीत कौर ने तृतीय स्थान पाया।सम्मेलन के दौरान 28 सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड ने आगामी आईसीआईएआई 2025 सम्मेलन का प्रारूप भी तैयार किया, जो जीकेयू के लिए एक नई उपलब्धि के द्वार खोलेगा।

# असम बार्ता की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर बसुंधरा युवा समारोह और पुरस्कार समारोह आयोजित

● **मंत्री रूपेश गोवाला को युवा राजनेता पुरस्कार, विधायक मृणाल सैकिया को डॉ पूर्ण नारायण सिंह राजनेता पुरस्कार से किया पुरस्कृत**



**पंकज नाथ,**
**आदिवासी एक्सप्रेस, असम**
असम के डिब्रूगढ़ के डॉ. रोहिणीकांत बरुआ लॉ कॉलेज के सभागार में रविवार को असम के लोकप्रिय समाचार पत्र दैनिक असम बार्ता की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर बसुंधरा युवा समारोह 2025 और पुरस्कार समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया गया। दोपहर 2 बजे से आयोजित कार्यक्रम के लिए असम बार्ता के निदेशक और प्रकाशक युवा पत्रकार तनय बरा ने स्वागत भाषण रखा। असम बार्ता की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वनपाल पद्मश्री यादव पायेंग ने असम बार्ता की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं और पर्यावरण के संरक्षण पर मानव जाति की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में बताया। वहीं इस अवसर पर असम बार्ता समूह के वर्ष 2025 के पुरस्कार प्रदान किए गए। असम के गृह, श्रम और चाय जनजाति कल्याण मंत्री और दुमदुमा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक रूपेश गोवाला को युवा राजनेता पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। खुमताई निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मृणाल सैकिया को डॉ. पूर्ण नारायण सिंह राजनेता पुरस्कार 2025, गायक तथा संगीत निर्देशक मानस रॉबिन को बिष्णुप्रसाद राभा सांस्कृतिक पुरस्कार 2025, प्रतिदिन टाइम सैटेलाइट चैनल पर ऊपरी असम के ब्यूरो चीफ परमानंद बोरा को होमेन बोरगोहेन पत्रकारिता पुरस्कार 2025, प्रख्यात लेखक-कुशल पुलिस अधिकारी डॉ. नंद सिंह बरकला को साहित्य उन्नयन पुरस्कार 2025, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और डाइस इंडिया के निदेशक राजीव बोरा को जननेता पुरस्कार 2025 प्रदान करने के साथ ही असम बार्ता अखबार के दुधनाई के स्टाफ रिपोर्टर, वरिष्ठ पत्रकार भवेश चंद्र भगवती को जर्नलिज्म ऑफ द ईयर पुरस्कार ओर तिनसुकिया के स्टाफ रिपोर्टर सैलेन गोगोई को यूथ जर्नलिज्म अवॉर्ड ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, असम बार्ता समूह ने असम के सामाजिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, साहित्य आदि विभिन्न क्षेत्रों के लगभग बीस पत्रकारों को पुरस्कार दिए और सम्मानित किया। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथियों के रूप में प्रख्यात लेखक, शोधकर्ता, भाषाविद् डॉ. भीमकांत बरुआ, प्रख्यात लेखिका और पूर्व प्रोफेसर भारती दत्ता भी उपस्थित थीं। दूसरी ओर एक विशिष्ट वक्ता के रूप में मौजूद है शिवसागर विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रमुख प्रोफेसर एवं प्रख्यात लेखक डॉ. निरुपमा भट्टाचार्य। राज्य के विभिन्न हिस्सों से असम बार्ता के साथ काम करने वाले पत्रकार और कई प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में कल यह समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आईआईसीएम में गोल्डन जुबिली व्याख्यानमाला



**संवाददाता द्वारा**
**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट (आईआईसीएम), रांची द्वारा आज कोल इंडिया लिमिटेड की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में गोल्डन जुबिली व्याख्यानमाला के अंतर्गत एक विशेष सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय था ÷आधुनिक विश्व में मिथकों की प्रासंगिकता, जिसे प्रख्यात मिथकशास्त्री, लेखक और लीडरशिप सलाहकार श्री देवदत्त पट्टनायक नेसंबोधित किया।
श्री पट्टनायक ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), आईआईसीएम के कार्यकारी निदेशक, सीसीएल, सीएमपीडीआईएल और आईआईसीएम के वरिष्ठ अधिकारियों, संकाय सदस्यों तथा कोल इंडिया मुख्यालय एवं इसकी अनुषांगिक कंपनियों के अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने प्राचीन कथाओं की कालातीत ज्ञान को आधुनिक नेतृत्व, प्रबंधन और व्यक्तिगत विकास से प्रभावशाली ढंग से जोड़ा। उनकी रोचक कहानी शैली और विचारोत्तेजक संबोधन ने सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया और वर्तमान तेजी से बदलती दुनिया में मिथकों की महत्ता पर गंभीर चिंतन के लिए प्रेरित किया।
कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुई, इसके पश्चात प्रख्यात मिथकशास्त्री, लेखक और लीडरशिप सलाहकार श्री देवदत्त पट्टनायक, सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) श्री हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार, आईआईसीएम की कार्यपालक निदेशक श्रीमती कामाक्षी रमन दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया इसके पश्चात कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत तथा आईआईसीएम थीम सॉन्ग की प्रस्तुति ने सत्र का प्रेरणादायक वातावरण सृजित किया। गोल्डन जुबिली व्याख्यानमाला के माध्यम से कोल इंडिया परिवार को विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों से विविध दृष्टिकोण और विचारशील नेतृत्व का लाभ प्राप्त हो रहा है, जो स्वर्ण जयंती समारोह की श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण भाग है। सत्र का समापन गर्मजोशी भरे धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिससे सभी प्रतिभागी बौद्धिक रूप से समृद्ध और प्रेरित होकर लौटे।
इस कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट सीसीएल के संगम कन्वेंशन हॉल में किया गया। जिसमे बढ़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में एक सार्थक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न किए और श्री पटनायक ने उनके संतोषजनक उत्तर देकर सभी को प्रभावित किया। इस सत्र को उपस्थितजनों ने बेहद उपयोगी और संवादात्मक बताया।

## ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर को किया रोशन

**एजेंसी**

**गुरुग्राम (हरियाणा)।** ग्लोबल इंडियन-प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) भारत और दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर रही है। न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर एक डिजिटल कैंपेन के जरिए भारत के पारंपरिक खेल कबड्डी को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया गया।यह ऐतिहासिक कदम भारतीय कबड्डी के लिए एक बड़ी छलांग साबित हुआ, जिसने न केवल इस खेल की वैश्विक अपील को उजागर किया, बल्कि लीग के सीमाओं से परे दर्शकों से जुड़ने के प्रयासों को भी रेखांकित किया। टाइम्स स्क्वायर पर कबड्डी की यह भव्य उपस्थिति भारत के स्वदेशी खेल की दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल मंचों में से एक पर शानदार प्रस्तुति का प्रतीक बनी।अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी जीआई-पीकेएल में अपने अनुभव का आनंद ले रहे हैं, जो दुनिया भर में कबड्डी की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। केन्या की आइरीन एटिएनो ओटिएनो, जो जीआई-पीकेएल में हरियाणवी ईगल्स टीम का हिस्सा हैं, ने कहा, मेरा अनुभव बहुत सीखने वाला रहा है, क्योंकि मुझे लगता था कि मैं कबड्डी के सभी नियम जानती हूं। लेकिन यहां आकर मुझे एक और अधिक पेशेवर तरीके से कबड्डी खेलना सीखने को मिला। मैं बहुत विनम्र महसूस कर रही हूं। हंगरी की जीता कोर्बर ने कहा, मैं इस अनुभव का बहुत आनंद ले रही हूं।

## 9 के 9 राउंड जीतकर मैगनस कार्लसन बने ग्रेनके फ्री स्टाइल शतरंज के विजेता

**कार्ल्सरुए, जर्मनी।** दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और पाँच बार के क्लासिकल विश्व चैम्पियन मैगनस कार्लसन ने एक और इतिहास बनाते हुए अब फ्रीस्टाइल फॉर्मेट में सम्पन्न हुए ग्रेनके इंटरनेशनल शतरंज का खिताब एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए अपने नाम कर लिया है । अंतिम नौवे राउंड में उन्होने जर्मनी के विन्सेंट केमर को पराजित करते हुए अपनी लगातार 9वीं जीत दर्ज की। फ्री स्टाइल शतरंज का एक ऐसा फॉर्मेट है जिसमें शतरंज के मोहेरो की शुरुआती स्थिति को बदल दिया जाता है और इस फॉर्मेट में खुद को ढालना बड़े बड़े खिलाड़ियों के लिए मुश्किल हो रहा है ऐसे में कार्लसन का सभी मुक़ाबले जीतकर खिताब जीतना अविस्मरणीय है । कार्लसन जहां 9 अंक बनाकर पहले स्थान पर रहे तो दूसरे से लेकर आठवे स्थान तक सभी खिलाड़ी सिर्फ 7 अंक ही बना सके और उनमें बेहतर टाईब्रेक के आधार पर ईरान के परहम मघसूदलू , रूस के आन्द्रे इसीपेंको, जर्मनी के स्वाने फ्रेडरिक, यूएसए के दोमिंगेज पेरेज, सर्बिया के अलेक्सी सराना, भारत के अर्जुन एरीगैसी, यूएसए के फबियानों करूआना क्रमशः दूसरे से आठवे स्थान पर रहे जबकि 6.5 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर अजरबैजान के ममेदोव रौफ नौवे और भारत के लियॉन मेंदोसा दसवें स्थान पर रहे ।

## भारत की कोनेरु हम्पी नें जीता फीडे महिला ग्रां प्री शतरंज पुणे का खिताब

**पुणे।** फीडे महिला ग्रांड प्री के पांचवें पड़ाव का आयोजन पुणे में सफलता पूर्वक हो गया और भारत के लिए गर्व का क्षण तब बना जब भारत की वर्तमान विश्व रैपिड चैम्पियन ग्रांड मास्टर कोनेरु हम्पी नें शानदार खेल दिखाते हुए यह खिताब अपने नाम कर लिया । हम्पी नें आखिरी राउंड में बुल्गारिया की सलिमोवा नुर्ग्युल को एक लंबे चले हाथी और घोड़े के एंडगेम में पराजित करते हुए 7 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल कर लिया हालांकि हम्पी के साथ चीन की जु जिनर भी 7 अंक बनाने में कामयाब रही उन्होने अंतिम राउंड में रूस की पोलिना शुवालोवा को मात दी पर चूंकि हम्पी नें व्यक्तिगत मुक़ाबले में जिनर को पराजित किया था वह टाईब्रेक में पहले स्थान पर रही और जिनर को उपविजेता के स्थान से संतोष करना पड़ा । हम्पी इस जीत के साथ हम्पी ना सिर्फ ग्रां प्री की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुँच गयी है बल्कि अगले साल होने वाली फीडे कैंडिडेट चैम्पियनशिप में उनका स्थान अब लगभग पक्का नजर आ रहा है । उन्होने विश्व रैंकिंग में भी बड़ा सुधार किया है और 2543 रेटिंग के साथ वापस पांचवें स्थान पर पहुंची है । भारत की दिव्या देशमुख भी अपने शानदार खेल के चलते 5.5 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर रही , दिव्या नें अंतिम राउंड में पोलैंड की अलिना कश्लिंस्कया से ड्रॉ खेला । दिव्या के लिए यह ग्रां प्री में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है ।

## सुपरबेट रैपिड शतरंज : दो जीत से प्रज्ञानन्दा की शुरुआत

**वारसॉ , पोलैंड ।** भारतीय शतरंज जगत के चमकते सितारे और भविष्य की बड़ी उम्मीद आर प्रज्ञानन्दा और अरविंद चितांबरम इस समय दुनिया के दिग्गज खिलाड़ियों के साथ ग्रांड चैस टूर 2025 के पहले पड़ाव सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में भाग ले रहे है और पहले दिन रैपिड के तीन मुकाबलों के बाद प्रज्ञानन्दा 2 अंक बनाकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है । प्रज्ञानन्दा ने दिन की शुरुआत फ्रांस के दिग्गज खिलाड़ी मकसीम लागरेव को पराजित करते हुए की और उसके बाद हमवतन अरविंद चितांबरम के खिलाफ एक बेहतर लग रही बाजी पहले हारने के करीब पहुंचे और फिर वापस उसे जीतने में सफल रहे जबकि दिन के आखिरी मुक़ाबले में उन्हे रोमानिया के बोगदान डेनियल से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा । फिलहाल सर्बिया के व्लादिमीर फेडोसीव 2.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर चल रहे है । भारत के अरविंद चितांबरम जिन्होने पहले राउंड में बोगदान डेनियल से ड्रॉ खेला और दूसरे मुक़ाबले में प्रज्ञानन्दा से उन्हे हार मिली।

# बुंदेसलीगा: हैरी केन निर्णायक मुकाबले से बाहर, लेकिन जल्द मना सकते हैं जीत का जश्न

**एजेंसी**

**बर्लिन।** इंग्लैंड के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन जहां भी खेलते हैं, गोल करने के रिकॉर्ड तोड़ते नजर आते हैं। इंग्लैंड राष्ट्रीय टीम हो, टोटेनहम हॉटस्पर या फिर अब बायर्न म्यूनिख –31 वर्षीय केन ने खुद को एक अजेय गोल मशीन के रूप में स्थापित किया है। हालांकि, उनके करियर पर एक दुखद साया भी है, 16 साल और 500 से ज्यादा पेशेवर मुकाबले खेलने के बावजूद, अब तक वह कोई बड़ा खिताब जीतने में असफल रहे हैं।

**खिताब जीतने के लक्ष्य से जुड़े बायर्न म्यूनिख**

इस 'कभी न जीतने वाले' खिलाड़ी की छवि से बाहर निकलने के लिए केन ने पिछले साल जर्मन चैंपियन बायर्न म्यूनिख का दामन थामा था।हालांकि बायर्न इस सीजन में चैंपियंस लीग और जर्मन कप से बाहर हो चुका है, लेकिन बुंदेसलीगा



खिताब और 2025 फीफा क्लब वर्ल्ड कप उनके सामने उपलब्ध विकल्प हैं। बायर्न फिलहाल लीग में तीन मुकाबले बाकी रहते हुए आठ अंकों की मजबूत बढ़त बनाए हुए है, जिससे उनका चैंपियन बनना लगभग तय माना जा रहा है।

**निलंबन से लगा झटका**

बायर्न की माइन्ज पर 3-0 की जीत के दौरान केन को पहले हाफ में गेंद रोकने के लिए पीला कार्ड दिखाया गया, जो इस सीजन का उनका पांचवां कार्ड था।

बुंदेसलीगा के नियमों के अनुसार, अब केन एक मुकाबले के लिए सस्पेंड हो गए हैं और वे आरबी लीपज़िग के खिलाफ अहम मुकाबला नहीं खेल पाएंगे। केन ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, यह शायद मेरी कहानी का हिस्सा होगा कि मैं लीपज़िग का मुकाबला मिस करूंगा। लेकिन अगर हम खिताब जीतते हैं, तो मैं सबसे ज्यादा जश्न मनाऊंगा। टीम साथी थॉमस मुलर ने बताया, ड्रेसिंग रूम में वह काफी निराश दिखे।

**नियमों पर उठाए सवाल**

केन ने जर्मन नियमों की आलोचना करते हुए कहा, यह पागलपन है कि मुझे एक ऐसे मुकाबले में निलंबित किया गया, जबकि मेरा पहला पीला कार्ड सीजन के पहले मैच में आया था। नियमों को प्रीमियर लीग की तरह बदला जाना चाहिए। मुलर ने भी रेफरी की संवेदनशीलता की कमी पर सवाल उठाए, जबकि जर्मन मीडिया ने केन को नियमों से अवगत रहने की सलाह दी। केन ने कहा, यह कतई पीला कार्ड नहीं था, और जोड़ा, कुछ लोग हमारे एरिना में ध्यान आकर्षित करने के लिए आते हैं। रेफरी आयुक्त मार्को फ्रिट्ज ने रेफरी के फैसले को नियमों के अनुरूप 100 प्रतिशत सही बताया, हालांकि उन्होंने सख्ती और विवेक के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती भी मानी।

# नाहन के नमन भटनागर ने काठमांडू में जीता स्वर्ण

**एजेंसी**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश का एक छोटा सा शहर, जहां की गलियों में बड़े सपने पलते हैं। इन्हीं सपनों में से एक सपना था टेबल टेनिस की दुनिया में अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने का। 17 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी नमन भटनागर अपने सपनों को साकार करने की राह पर है।नमन की प्रारम्भिक शिक्षा नाहन में हुई और अब वो अपने अभिभावकों के साथ धर्मशाला में रहता है।

नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित टेबल टेनिस की दक्षिण एशियाई युथ चैंपियनशिप में नमन ने इतिहास रच दिया। अंडर-19 पुरुष डबल्स मुकाबले में तमिलनाडु के खिलाड़ी सुरेश राजपर्श के साथ जोड़ी बनाकर नमन ने शानदार प्रदर्शन किया और मेजबान नेपाल के खिलाड़ियों को फाइनल में 3-1 से पराजित कर स्वर्ण पदक भारत के नाम किया।यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि यह नमन का अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले नमन ने मिस्र में आयोजित वर्ल्ड टेबल टेनिस टूर्नामेंट के अंडर-15 वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। शुरुआती पढ़ाई नाहन के कार्मल कॉन्वेंट स्कूल से करने के बाद नमन ने खेल में बेहतर अवसरों के लिए बाहर का रुख किया। आज वह खेलो इंडिया नगरोटा अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। अंडर-15 श्रेणी में भारत में छठी और विश्व में 47 वीं रैंक हासिल करने वाला यह खिलाड़ी अब अंडर-19 वर्ग में भी देश का नाम रौशन कर रहा है। नमन के माता-पिता शिक्षा जगत से जुड़े रहे हैं। पिता विकास भटनागर वर्तमान में धर्मशाला में जेल अधीक्षक हैं और माता दुर्गेश भटनागर एक स्कूल लेक्चरर हैं।

# आईपीएल 2025: विराट कोहली ने हासिल की ऑरेंज कैप, सूर्याकुमार यादव को पछाड़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में खेले गए डबल हेडर मुकाबलों के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस में बड़ा उलटफेर देखने को मिला।

ऑरेंज कैप दो बार बदली। पहले मुंबई इंडियंस के सूर्याकुमार यादव ने गुजरात टाइटंस के बी साई सुधर्शन को पछाड़ा। सूर्या ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 28 गेंदों में 54 रनों की तेजतर्रार पारी खेलकर 417 रन बनाने वाले साई सुदर्शन को पीछे छोड़ते हुए 427 रन तक पहुंच गए थे। हालांकि, दिन का दूसरा मुकाबला आते-आते सूर्या की खुशी ज्यादा देर टिक नहीं सकी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए विराट कोहली ने 47 गेंदों पर 51 रन बनाए और कुल 443 रन के साथ ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। अब साई सुदर्शन के पास सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन कर टॉप पर लौटने का मौका रहेगा।

**टॉप-5 बल्लेबाज**

विराट कोहली - 443 रन
सूर्याकुमार यादव - 427 रन
बी साई सुदर्शन - 417 रन
निकोलस पूरन- 404 रन



मिशेल मार्श - 378 रन

**पर्पल कैप की रेस में जोश हेजलवुड सबसे आगे**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जोश हेजलवुड अब पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ 36 रन देकर दो विकेट लेने के बाद उनके दस मैचों में कुल 18 विकेट हो गए हैं।

**टॉप-5 गेंदबाज**

जोश हेजलवुड (आरसीबी) - 18 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा (जीटी) - 16 विकेट
नूर अहमद (सीएसके) - 14 विकेट
ट्रेंट बोल्ट (एमआई) - 13 विकेट
क्रुणाल पांड्या (आरसीबी) और हर्षल पटेल (एसआरएच) - 13-13 विकेट।

# लिवरपूल ने रचा इतिहास, टोटनहम को 5-1 से हराकर जीता 20वां प्रीमियर लीग खिताब

**एजेंसी**

**लिवरपूल।** लिवरपूल ने एनफील्ड में टोटनहम को 5-1 से करारी शिकस्त देकर प्रीमियर लीग खिताब अपने नाम किया और इंग्लिश टॉप-फ्लाइट फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के 20 खिताबों की बराबरी कर ली। आर्ने स्लॉट की टीम ने शुरुआती झटका खाने के बाद जबरदस्त वापसी की और पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा।

60,000 से अधिक दर्शकों की गूंज के बीच मुकाबला शुरू हुआ। शुरुआती हमलों के बावजूद लिवरपूल को 12वें मिनट में झटका लगा, जब डोमिनिक सोलांके ने जेम्स मैडिसन के कॉर्नर से शानदार हेडर लगाकर टोटनहम को बढ़त दिला दी। लेकिन लिवरपूल ने महज चार मिनट बाद लुईस डियाज़ के गोल से बराबरी हासिल कर ली, जिसे वीएआर ने मंजूरी दी। इसके बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 24वें मिनट में शानदार गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिला दी। फिर कोडी गाकपो ने तीसरा गोल दागकर टोटनहम की मुश्किलें बढ़ा दीं।

**दूसरे हाफ में लिवरपूल का जलवा, सालाह का सेल्फी सेलिब्रेशन**

दूसरे हाफ में भी लिवरपूल ने अपना दबदबा कायम रखा। टॉप स्कोरर मोहम्मद सालाह ने डोमिनिक सोबोस्लाई के पास पर शानदार गोल



दागा और उसके बाद एक फैन का फोन लेकर 'कॉप एंड' के सामने सेल्फी ली, जिससे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गई।लगातार गूंजते नारों वी आर गोइंग टू विन द लीग और वी शैल नॉट बी मूव्ड ने माहौल को और खास बना दिया। 70वें मिनट में टोटनहम के डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल की बढ़त 5-1 कर दी और मुकाबला पूरी तरह एकतरफा हो गया।

फैन्स ने मुकाबले से पहले एनफील्ड के बाहर लिवरपूल 20 टाइम चैंपियंस के झंडे और स्कार्फ्स लहराए। कोविड के कारण 2020 में जश्न नहीं मना सके लिवरपूल फैन्स ने इस बार खिताबी जीत का भरपूर आनंद उठाया।

# राजस्थान के लिए प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग खत्म, शेन बॉन्ड बोले- अब भी बहुत कुछ दांव पर

**एजेंसी**

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में राजस्थान रॉयल्स की हालत बेहद नाजुक हो गई है। नौ में से केवल दो मैच जीतकर टीम अंकतालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर है। हालांकि अब भी गणितीय तौर पर प्लेऑफ की उम्मीद बची है, लेकिन गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने माना कि इस सीजन में टीम के लिए आगे का रास्ता मुश्किल नजर आ रहा है। बावजूद इसके उन्होंने भरोसा दिलाया कि बचे हुए पांच लीग मैचों में टीम और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राजस्थान रॉयल्स ने हाल के कुछ मुकाबले बेहद करीबी अंतर से गंवाए हैं। शेन बॉन्ड ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सबसे कठिन बात यह है कि हम लगभग 35 ओवरों तक मैच पर नियंत्रण में रहे, लेकिन आखिरी पलों में विपक्षी टीमें हमसे बेहतर साबित हुईं। अगर आप अंकतालिका देखें तो हम सोचते हैं कि हम कहां हो सकते थे, लेकिन अब कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा, शायद अब हम टूर्नामेंट से बाहर हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ दांव पर है। टीम के लिए सीजन को मजबूती से खत्म करना और व्यक्तिगत तौर पर भविष्य के लिए खुद को साबित करना जरूरी है।इस सीजन में राजस्थान की मुश्किलें कई मोर्चों पर रही हैं।

कप्तान संजू सैमसन चोट के कारण ज्यादातर समय टीम से बाहर रहे, जिसकी वजह से 22 वर्षीय रियान पराग को कप्तानी संभालनी पड़ी और 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को ओपनिंग करनी पड़ी। हालांकि वैभव ने अपने हुनर की झलक दिखाई, लेकिन बाकी बल्लेबाजों की असंगत प्रदर्शन ने टीम को नुकसान पहुंचाया। राजस्थान अब तक पांच बार लक्ष्य का पीछा करते हुए हार चुका है। पावरप्ले में सबसे तेज रन बनाने के बावजूद, टीम मिडिल और डेथ ओवर्स में रन गति बनाए रखने में असफल रही है। स्पिनर्स का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा, जिनकी इकॉनमी रेट (9.16) और स्ट्राइक रेट (23) लीग में सबसे खराब में शामिल हैं। बॉन्ड ने अपनी गेंदबाजी इकाई का बचाव करते हुए कहा, हाल के तीन मैचों में हमने विपक्षी टीमों को ऐसे स्कोर पर रोका जिसे हम आसानी से चेज़ कर सकते थे। हमने मौके गंवाए, खासकर बल्लेबाजी में। जोफ्रा आर्चर ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उतनी नियमितता से विकेट नहीं निकाल पाए जितनी गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा ने। वहीं तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा भी निर्णायक क्षणों में प्रभावी साबित नहीं हो पाए। गुजरात टाइटंस के खिलाफ सोमवार को होने वाला मुकाबला राजस्थान के लिए 'करो या मरो' जैसा होगा। हारने पर प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद भी टूट जाएगी, लेकिन जीतने पर टीम कुछ समय के लिए दौड़ में बनी रह सकती है।

# द्वितीय एशियाई योगासन खेल चैम्पियनशिप का भव्य समापन, भारत बना स्वर्ण पदक विजेता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी स्टेडियम (नई दिल्ली) में आयोजित द्वितीय एशियाई योगासन खेल चैम्पियनशिप का भव्य समापन समारोह आयोजित हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में बीस एशियाई देशों के खिलाड़ियों ने योगासन में अपने अद्वितीय कौशल, शक्ति और अनुशासन का प्रदर्शन किया। यह सफल आयोजन योगासन भारत और एशियन योगासन द्वारा आयुष मंत्रालय, युवा मामलों और खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय तथा दिल्ली सरकार के सहयोग से किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने आयोजकों की सराहना करते हुए योगासन को वैश्विक खेल मानचित्र पर स्थापित करने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर योगासन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो मान्यता मिल रही है, वह भारत की सांस्कृतिक धरोहर का गौरव बढ़ा रही है। समारोह में योग गुरु स्वामी रामदेव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव, संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, युवा मामलों और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया तथा राज्य मंत्री रक्षाखडसे समेत कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। भारत ने 83 स्वर्ण पदक जीतकर योगासन खेलों में अपना वर्चस्व स्थापित किया। जापान ने दूसरा और मंगोलिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# आईपीएल 2025: बेंगलुरु ने दिल्ली को 6 विकेट से हराया, क्रुणाल-कोहली ने खेली दमदार पारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 46वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 6 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ आरसीबी अंक तालिका में 14 प्वाइंट के संग पहले नंबर पर भी पहुंच गई है। अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली ने 8 विकेट खोकर 162 रन बनाए। बेंगलुरु ने 19वें ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं थी। 26 के स्कोर पर टीम ने तीन विकेट गंवा दिए। अक्षर पटेल ने जैकब बेथेल (12) और देवदत्त पडिक्कल (0) को अना शिकार बनाया। वहीं, करुण नायर ने कप्तान रजत पाटीदार को रनआउट कर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। इसके बाद विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट



के लिए 119 रन की साझेदारी हुई, जो आरसीबी की किसी भी जोड़ी के द्वारा निभाई गई सबसे बड़ी पार्टनरशिप है और चौथे विकेट के लिए इस सत्र की सबसे बड़ी साझेदारी भी है। दोनों ने दिल्ली के गेंदबाजों पर शिकंजा कसते हुए आरसीबी को शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान क्रुणाल पांड्या ने 38 गेंदों में अपने करियर का दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले उन्होंने 2016 में पचासा जड़ा था। वह 47 गेंदों में 73 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, विराट कोहली ने इस आईपीएल सीजन का छठा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 45 गेंदों में 4 चौके की मदद से 51 रनों की अहम पारी खेली। आखिर में टिम डेविड ने पांच गेंदों में 19 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। दिल्ली के लिए कप्तान अक्षर पटेल को दो सफलता मिली, जबकि दुष्मंथा चमीरा ने विकेट चटकाया। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की शुरुआत ठीक ही रही। अभिषेक पोरेल और फाफ डु प्लेसिस के बीच पहले विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी हुई। हेजलवुड ने पोरेल को 28 रन के निजी योग पर आउट किया। इसके बाद यश दयाल ने तीसरे नंबर पर आए करुण नायर को पवेलियन लौटा दिया। वह सिर्फ चार रन बना सके। उनके अलावा केएल राहुल ने तीन चौके की मदद से 41 रन बनाए, जबकि स्टब्स ने 188.88 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 34 रन बनाए। कप्तान अक्षर पटेल ने 15, आशुतोष शर्मा ने दो और विप्रज निगम ने 12 रन बनाए। वहीं, मिचेल स्टार्क और दुष्मंथा चमीरा खाता खोले बिना नाबाद रहे। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट लिए, जबकि हेजलवुड को दो विकेट मिले। इसके अलावा यश दयाल और क्रुणाल पांड्या को एक-एक सफलता मिली।

## कप्तान के रूप में सभी कसौटियों पर खरे उतर रहे हैं पंत, लेकिन... : जहीर खान

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटोर जहीर खान का मानना है कि ऋषभ पंत एक कप्तान के रूप में सभी सही कसौटियों पर खरे उतर रहे हैं लेकिन इस आईपीएल में खराब स्कोर से उबरने के लिए बल्ले से कुछ खास करने की जरूरत है। पंत का इस आईपीएल में बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन रहा है, उन्होंने 10 मैचों में 110 रन में बनाए हैं जिसमें वह छह बार इकाई अंक पर आउट हुए। उनकी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 63 रन की पारी ही शानदार रही। पंत मुंबई इंडियंस से मिली 54 रन की हार के दौरान कामचलाऊ स्पिनर विल जैक्स की गेंद पर आउट हो गए। जहीर ने वानखेड़े स्टेडियम में स्स्त की हार के बाद मीडिया से कहा, मैं इसे किसी भी चीज से नहीं जोडूंगा। वह एक नेतृत्वकर्ता हैं और इस भूमिका में वह शानदार रहे हैं।

# आईपीएल 2025 : मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रन से हराया

**एजेंसी**

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 45वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों के बड़े अंतर से मात दी। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस की टीम अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में लखनऊ की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट पर 215 रनों का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 161 रन पर ऑल आउट हो गई। इससे टीम को 54 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में जीत के साथ मुंबई की टीम अंक तालिका में नंबर 2 पर पहुंच गई है। मुंबई के 10 मैचों में 6 जीत और 4 हार के साथ 12 अंक है। वहीं लखनऊ की टीम 10 मैचों में 5 में जीत और 5 हार के साथ नंबर 6 पर है। उसके 10 अंक



है बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम नौ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद निकोलस पूरन भी 15 गेंदों पर 27 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम के कप्तान ऋषभ पंत एक बार फिर नहीं चले। वे चार रन बनाकर आउट हुए। मिचेल मार्श ने कुछ देर क्रीज पर समय बिताया। हालांकि उनकी पारी भी 12वें ओवर में थम गई। मार्श 24 गेंदों पर 34 रन बनाकर आउट हुए। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे डेविड मिलर ने आयुष बडोनी के साथ पारी को आगे बढ़ाया। बडोनी 35 रन और मिलर 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद लखनऊ के बल्लेबाजों के एक के बाद विकेट गिरते रहा। पूरी टीम 20 में 161 रन ही बना सकी। अब्दुल समद 2, रवि बिश्नोई 13 रन, दिग्वेश राठी एक रन, आवेश खान खाता भी नहीं खोल पाए। प्रिंस यादव ने नाबाद 4 रन बनाए। मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह ने 4, ट्रेंट बोल्ट ने 3 विकेट लिए, विल जैक्स को दो और के बॉश को एक विकेट मिला।

# जीआईपीकेएल : तमिल लायनेस, पंजाबी टाइग्रेस, तेलुगू चीता और भोजपुरी लेपर्डेस सेमीफाइनल में

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** तमिल लायनेस, पंजाबी टाइग्रेस, तेलुगू चीता और भोजपुरी लेपर्डेस ने गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में चल रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआईपीकेएल) के महिला सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।महिला वर्ग में लीग चरण समाप्त हो गया। महिला सेमीफाइनल मुकाबले मंगलवार को खेले जाएंगे। जीआईपीकेएल भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार लोकप्रिय हो रही है, जिसकी झलक न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर डिजिटल कैंपेन के जरिये देखने को मिली, जिससे भारत के इस स्वदेशी खेल को वैश्विक पहचान मिली। जीआईपीकेएल का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। जीआईपीकेएल चैंपियनशिप ट्रॉफी लीग में सर्वोच्चता का प्रतीक है, जो प्रतियोगिता में अतिरिक्त रोमांच जोड़ती है। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के विजेता घोषित किए जाएंगे, लेकिन केवल एक टीम को भव्य चैंपियनशिप ट्रॉफी उठाने का गौरव प्राप्त होगा।खेले गए पहले मुकाबले में मराठी फाल्कन्स ने रोमांचक मुकाबले में पंजाबी टाइग्रेस को 33-28 से हराया। दोनों टीमों ने बेहतरीन रेडिंग की, जहां फाल्कन्स ने 20 रेड अंक और टाइग्रेस ने 19



रेड अंक हासिल किए। मराठी फाल्कन्स का मजबूत डिफेंस, जिसमें 11 टैकल अंक और दो सुपर टैकल शामिल थे, निर्णायक साबित हुआ। पंजाबी टाइग्रेस ने जोरदार मुकाबला किया, लेकिन फाल्कन्स ने धैर्य बनाए रखते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में तेलुगू चीता ने हरयाणवी ईगल्स को एकतरफा मुकाबले में 43-14 से हरा दिया। चीता ने 25 रेड अंक और 12 टैकल अंक हासिल करते हुए छह बार ऑलआउट किया और मैच पर अपना दबदबा कायम रखा। हरयाणवी ईगल्स तालमेल बिठाने में संघर्ष करती रही और केवल 10 रेड अंक व 4 टैकल अंक ही जुटा सकी, जिससे तेलुगू चीता ने बड़ी और दमदार जीत दर्ज की। तीसरे और अंतिम लीग मुकाबले में तमिल लायनेस ने भोजपुरी लेपर्डेस को 34-21 से पराजित किया। लायनेस ने 20 रेड अंक के साथ रेडिंग में दबदबा बनाया और 10 टैकल अंकों के साथ मजबूत डिफेंस भी दिखाया। उन्होंने मैच के दौरान चार ऑलआउट किए और पूरे खेल में नियंत्रण बनाए रखा। भोजपुरी लेपर्डेस ने संघर्ष किया और दो ऑलआउट अंक भी हासिल किए, लेकिन तमिल लायनेस की सर्वांगीण श्रेष्ठता के सामने टिक नहीं पाई।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी
नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार पांचवे दिन गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 97,530 रुपये से लेकर 97,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,400 रुपये से लेकर 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज कमजोरी दर्ज की गई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,530 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,400 रुपये



प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,530 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,530 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 686.1 अरब डॉलर पर



एजेंसी
मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 686.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 677.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.52 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 578.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.6 अरब डॉलर उछलकर 84.6 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 21.2 करोड़ डॉलर की तेजी लेकर 18.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 70 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों में 13वें दिन भी गिरावट, बाजार में फिर लगा लोअर सर्किट

एजेंसी
नई दिल्ली। जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों में सोमवार को भी गिरावट जारी रही। कंपनी के शेयर पांच प्रतिशत तक टूट गए और इसमें फिर लोअर सर्किट लग गया। कंपनी का शेयर बीएसई पर 5 प्रतिशत गिरकर न्यूनतम कारोबार की स्वीकार्य सीमा तथा 86.50 रुपये के 52 सप्ताह के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया। एनएसई में यह 5 प्रतिशत गिरकर 85.65 रुपये पर आ गया। यह शेयर का एक और निचला सर्किट और 52 सप्ताह का निम्नतम स्तर है। सोमवार को लगातार 13वें कारोबारी दिन कंपनी के शेयरों में गिरावट जारी रही है। इस दौरान शेयरों में 47 प्रतिशत की गिरावट आई है। अपने 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,125.75 रुपये से कंपनी के शेयर में 92.31 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। जेनसोल और ब्लूस्मार्ट के प्रमोटर अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी भाइयों पर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ईवी खरीद के लिए ऋण राशि के डायवर्जन के आरोपों को लेकर विनियामक कार्रवाई की जा रही है। सेबी ने दोनों पर पूंजी बाजार प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे उन्हें सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी रखने से रोक दिया गया है। जेनसोल इंजीनियरिंग सौर परामर्श सेवाएं, इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाएं, और इलेक्ट्रिक वाहनों को पट्टे पर देने जैसी सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

### भारत से सालाना 10 अरब डॉलर का माल जा रहा पाकिस्तान, व्यापार प्रतिबंधों के बाद भी लेन-देन

नई दिल्ली। व्यापार प्रतिबंधों के बावजूद भारत से हर साल 10 अरब डॉलर से ज्यादा का माल दुबई, सिंगापुर और कोलंबो जैसे बंदरगाहों के जरिये अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान पहुंच रहा है। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए बर्बर आतंकवादी हमलों के बाद लगाए गए व्यापार प्रतिबंधों के मद्देनजर आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक नोट में कहा, भारतीय कंपनियां इन बंदरगाहों पर सामान भेजती हैं। वहां एक स्वतंत्र कंपनी खेप को उतारती है और उन्हें बॉन्डेड गोदामों में रखती है। वहां ट्रांजिट के दौरान शुल्क का भुगतान किए बिना माल को रखा जा सकता है। थिंक टैंक ने कहा, ट्रांजिट के बाद गोदामों में रखे गए माल के लेबल और दस्तावेजों को मूल देश (ओरिजिन कंट्री) से अलग दिखाने के लिए संशोधित किया जाता। ऐसे में लगता है कि माल किसी तीसरे देश से आ रहा है और फिर उसे ऊंची कीमतों पर बेचा जाता है। इस तरीके से कंपनियों को व्यापार प्रतिबंधों को दरकिनार करने और तीसरे देश के रास्ते से ऊंची कीमतों पर माल बेचने में मदद मिलती है। यह तरीका जांच से बचने में भी सहायक है, क्योंकि ऐसा लगता है कि व्यापार अन्य देशों से किया जा रहा है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, व्यापार का यह तरीका हमेशा अवैध नहीं होता, लेकिन गुमराह करने जैसा है। इससे पता चलता है कि व्यापार ए लिए कैसे रचनात्मक तरीके खोजे जाते हैं। कई बार उनकी चाल सरकारों की प्रतिक्रिया से भी तेज होती है।

### आरबीआई गवर्नर ने स्टार्टअप पर दिया जोर, कहा- युवा अब एमएनसी में नौकरी करने की जगह उद्यमी बनना कर रहे पसंद

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने स्टार्टअप पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत की युवा पीढ़ी की मानसिकता बदली है। अब युवा बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) में नौकरी की तलाश करने के बजाय उद्यमी बनना पसंद कर रहे हैं। वॉशिंगटन डीसी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और अमेरिका-भारत सामरिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित अमेरिका-भारत आर्थिक मंच में अपने भाषण में गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि जब मैंने कॉलेज छोड़ा तो एमएनसी में नौकरी करना मेरा पसंदीदा विकल्प था। किसी ने भी अपना खुद का उद्यम शुरू करने के बारे में नहीं सोचा था। हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में इंजीनियरिंग और प्रबंधन स्नातक उद्यमिता और स्टार्ट-अप की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमिता की इस बढ़ती संस्कृति ने भारत को एक मजबूत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बनाने में मदद की है। देश में लगभग 150,000 मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप हैं, जिन्हें स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसी सरकारी पहलों का समर्थन प्राप्त है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारत में अब दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी संख्या में यूनिकॉर्न हैं, जिनमें से कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च तकनीक क्षेत्रों से उभर रहे हैं।

### संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा बीमा संशोधन विधेयक, एफडीआई 100 प्रतिशत करने की तैयारी

नई दिल्ली। संसद के आगामी मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक में बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी के लिए कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। संसद का मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में शुरू होता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के बजट भाषण में कहा कि वित्तीय क्षेत्र सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा।

## संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी में सरकार

एजेंसी
नई दिल्ली। केंद्र सरकार संसद के आगामी मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इस विधेयक का उद्देश्य बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करना है। बीमा में ये बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए होगी, जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं। आधिकारिक सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि सरकार बीमा संशोधन विधेयक को संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश कर सकती है। प्रस्तावित विधेयक में बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई का प्रस्ताव है। इस विधेयक का मसौदा तैयार है, जिसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा।जानकारी के मुताबिक वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि आगामी मानसून सत्र के दौरान इस विधेयक को संसद में पेश किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग इस विधेयक को संसद में पेश




करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। संसद का मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में शुरू होता है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के केंद्रीय बजट भाषण में बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा मौजूदा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा था। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 फीसदी करना, चुकता पूंजी में कमी और समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है।

## सोया रिफाइंड और पाम ऑयल महंगा

एजेंसी
नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों की तेजी के प्रभाव के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड एवं पाम ऑयल के साथ ही चना और दाल चना महंगी हो गई जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहनः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.57 सेंट की तेजी के साथ 51.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान सोया रिफाइंड 450 रुपये और पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14835 रुपये प्रति क्विंटल,



पाम ऑयल 13553 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहनः बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना में 100-100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाजः अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 100 रुपये और गुड़ 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगे हो गए।

सप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## साप्ताहिक शेयर समीक्षाः उतार-चढ़ाव के बावजूद मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी
नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार पिछले सप्ताह के दौरान उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद ओवरऑल मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। 21 से 25 अप्रैल तक के कारोबारी सप्ताह के पहले तीन दिन के कारोबार में शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा, जबकि आखिरी दो दिन के कारोबार में गिरावट का शिकार हो गया। इस सप्ताह सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 659.33 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ 79,212.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी ने 187.70 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,039.35 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। माना जा रहा है कि भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर जारी वार्ता के सकारात्मक संकेत, विदेशी निवेशकों की खरीदारी, पहलगाम हमले के बाद बनी तनाव की स्थिति और कंपनियों के मिले-जुले तिमाही नतीजों के कारण घरेलू शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स 0.62 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी, वारी एनर्जीज, एलटी माइंड्री और डिवीज लेबोरेट्रीज के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, श्रीराम फाइनेंस, स्विगी, एसबीआई कार्ड और पेमेंट सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू एनर्जी और वरुण बेवरेजेज के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स सोमवार से शुक्रवार के कारोबार के बाद 1.3 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, देल्हीवरी, ऑरिकल फाइनेंशियल सर्विसेज, कोफोर्ज, टाटा एलेक्सी, एम्फैसिस और परसिस्टेंट सिस्टम्स के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज, इंडियन होटल्स कंपनी, बायोकॉन और एसीसी के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान सपाट स्तर पर बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल राजरतन ग्लोबल वायर, थायरोकेयर टेक्नोलॉजीज, वर्धमान स्पेशल स्टील्स, बेस्ट एग्रो लाइफ, पेनिनसुला लैंड्स, एटेक, करारो इंडिया और डेक्कन गोल्डमाइंस के शेयर 21 से 32 प्रतिशत तक की साप्ताहिक मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर जेनसोल इंजीनियरिंग, पर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज, ब्लू स्टार, यूनीमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग, केआर रेल इंजीनियरिंग, सिंजीन इंटरनेशनल, स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज, ई-पैक ड्यूरेबल्स, पीसीबीएल केमिकल, नेलको, गुजरात थेमिस बायोसिन और रामकृष्ण फोर्जिंग्स के शेयर 10 से 22 प्रतिशत तक की साप्ताहिक गिरावट का शिकार हो गए।

## पहलगाम हमले के बाद अफगानिस्तान के साथ भारत का कारोबार अटका

एजेंसी
चंडीगढ़। पहलगाम हमले के बाद अफगानिस्तान और भारत के कारोबार पर असर पड़ा है। 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद जब भारत सरकार ने दोनों मुल्कों की आवाजाही बंद की तो उसी दौरान अफगानिस्तान से माल लेकर आने वाली गाड़ियों को अटारी बार्डर स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। अटारी बार्डर सूत्रों के अनुसार अफगानिस्तान से जो गाड़ियां आई थीं वह वाघा (पाकिस्तान) की सीमा में खड़ी हैं। सूत्रों के अनुसार वाघा बार्डर पर करीब 35 गाड़ियां चार दिनों से लोड खड़ी हैं। जिनके संबंध में अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। आईसीपी के गोदाम अब खाली हो चुके हैं। आईसीपी अधिकारियों के अनुसार जिन व्यापारियों के 22 अप्रैल से पहले बिल कट चुके हैं उन्हें अब समुद्री रास्ते से सामान पहुंचाया जाएगा। इसके बाद की अवधि के लिए कोई फैसला नहीं हुआ है। अफगानिस्तान से वाया पाकिस्तान होते हुए भारत में मुलेठी, रतनजोत, ब्रह्मासूत, असू, ड्राई फ्रूट, सूखे और ताजे फल, अनारदाना और सब्जियां, जिनमें प्याज, दालें आदि शामिल हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 वित्तीय वर्ष (दिसंबर 2024 तक) के दौरान अटारी आईसीपी के माध्यम से अफगानिस्तान से 3115.99 करोड़ रुपये के सामान का आयात हुआ, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2210.79 करोड़ रुपए का आयात हुआ था।

## टॉप 10 में शामिल देश की 6 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.18 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

एजेंसी
नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 6 कंपनियों के मार्केट कैप में 1.18 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ। दूसरी ओर, टॉप 10 में शामिल 4 कंपनियों के मार्केट कैप में 55,076.39 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। इनमें भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ा। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), इंफोसिस और आईटीसी के मार्केट कैप में 1,18,626.24 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, भारती एयरटेल, हिन्दुस्तान यूनिलीवर, बजाज




फाइनेंस और आईसीआईसीआई बैंक के मार्केट कैप में 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। 21 से 25 अप्रैल के बीच हुए कारोबार के दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 53,692.42 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 12,47,281.40 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 34,507.55 करोड़ रुपये बढ़ कर 17,59,276.14 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा इंफोसिस का मार्केट कैप 24,919.58 करोड़ रुपये उछल कर 6,14,766.06 करोड़ रुपये के स्तर पर, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 2,907.85 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 14,61,842.17 करोड़ रुपये के स्तर पर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 1,472.57 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,12,854.03 करोड़ रुपये के स्तर पर और आईटीसी का मार्केट कैप 1,126.27 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,35,792.04 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। दूसरी ओर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 41,967.50 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 10,35,274.24 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 10,114.99 करोड़ रुपये घट कर 5,47,830.70 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## पाकिस्तान से व्यापार पूरी तरह बंद करेंगे भारतीय व्यापारीः कैट

एजेंसी
नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया है। इस तनाव के बीच भारत के व्यापारियों ने पाकिस्तान के साथ व्यापार न करने का कड़ा निर्णय लिया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सर्वसम्मति से पाकिस्तान के साथ हर तरह का व्यापार पूरी तरह से बंद करने का फैसला किया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने इसकी जानकारी दी। कारोबारी संगठन कैट की दो दिवसीय राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की (25-26 अप्रैल) बैठक भुवनेश्वर में हुई, जिसमें देशभर के 26 राज्यों के 200 से अधिक प्रमुख व्यापारिक नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक में पाकिस्तान से सभी तरह का व्यापार बंद करने का फैसला लिया गया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस दो दिवसीय बैठक में पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव में सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से पहलगाम में आतंकी घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करने का आह्वान किया है। इसके पहले वर्ष 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापारिक संबंधों में तल्खी आ गई थी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार में भारी गिरावट आई थी। व्यापारियों के इस फैसले से पाकिस्तान को कई बेहद आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई नहीं हो सकेगी। इससे पाक में दवाइयां, रसायन, फल-सब्जियों समेत कई आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होगी। हालांकि, इस निर्णय के कारण भारत पर भी असर पड़ेगा। क्योंकि नमक एवं आभूषण से लेकर निर्माण क्षेत्र और जूट की अनेक वस्तुएं पाकिस्तान से आयात की जाती हैं, लेकिन इसके बाद भी व्यापारियों ने एकतरफा निर्णय लेते हुए पाकिस्तान से व्यापार बंद करने का निर्णय लिया है।

### बाजार में सुधार से आईपीओ-एनएफओ की लगेगी लाइन, 66 कंपनियां एनएफओ की तैयारी में

नई दिल्ली। कई देशों के बीच तनाव और महंगाई के चलते शेयर बाजार में अक्टूबर से जारी गिरावट अब थम गई है। बीएसई सेंसेक्स फिर से 80,000 के पार पहुंच गया है। निवेशकों को जितना घाटा हुआ था, उसकी आंशिक भरपाई भी हो रही है। बाजार की गिरावट में कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही हैं तो म्यूचुअल फंड नए फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च करने के लिए तैयार बैठे हैं। फरवरी में महज तीन आईपीओ आए जबकि मार्च में एक भी नहीं आया। अप्रैल में एथर एनर्जी 2,981 करोड़ रुपये के साथ आईपीओ की शुरुआत कर रही है।



ऐसे में आने वाले महीने से ज्यादा कंपनियां बाजार में उतर सकती हैं। बाजार में सुधार से म्यूचुअल फंड स्कीमों की नेट एसेट वैल्यू यानी एनएवी बढ़ने लगी है। म्यूचुअल फंड की ज्यादातर स्कीमें इक्विटी में निवेश करती हैं। इसलिए, बाजार में गिरावट पर एनएवी यानी रिटर्न भी घटने लगता है। अप्रैल में बाजारों की तेजी ने म्यूचुअल फंड के रिटर्न की वापसी कर दी है। जो निवेशक घाटे में चले गए थे, उनकी भरपाई हो रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि जिन स्कीमों ने इक्विटी में निवेश किया था, उन कंपनियों के शेयरों में सुधार से रिटर्न पर असर दिख रहा है।

## शेयर बाजार में सुधार के लक्षण दिखते ही प्राइमरी मार्केट में बढ़ी हलचल, अगले सप्ताह पांच नए आईपीओ की लॉन्चिंग

एजेंसी
नई दिल्ली। अप्रैल में घरेलू शेयर बाजार में सुधार के लक्षण दिखते ही प्राइमरी मार्केट में भी हलचल तेज होने लगी है। सोमवार 28 अप्रैल से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह में पांच नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। इनमें से इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी का आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है, जबकि चार आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। एथर एनर्जी के आईपीओ के साथ ही प्राइमरी मार्केट में फरवरी के बाद से जारी मेनबोर्ड सेगमेंट का सूखा भी खत्म होने वाला है। एथर एनर्जी से पहले मेनबोर्ड सेगमेंट में क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स का आईपीओ 14 से 18 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस शेयर की लिस्टिंग 24 फरवरी को हुई थी। उसके बाद से अभी तक मेनबोर्ड सेगमेंट में एक भी आईपीओ लॉन्च नहीं हुआ है। एथर एनर्जी का 2,981.06 करोड़ रुपये का आईपीओ 28 अप्रैल को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 30 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 304 से 321 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 46 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 6 मई को बीएसई और एनएसई पर होगी। इसी तरह आईवर सप्लाई चेन सर्विसेज का 27.13 करोड़ रुपये का आईपीओ भी 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 95 रुपये प्रति शेयर का मूल्य




तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 6 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 29 अप्रैल को अरुणाया ऑर्गेनिक्स का 33.99 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 2 मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 55 से 58 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 5 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 7 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी दिन केनरिक इंडस्ट्रीज का 8.75 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 6 मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 25 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 9 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इनके अलावा वैगंस लर्निंग लिमिटेड का 38.38 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 2 मई को खुल रहा है। इस आईपीओ में 6 मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 78 से 82 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 7 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 9 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी।

# दमन और दीव दो सुंदर द्वीप



भारत के केंद्रशासित प्रदेशों में दमन और दीव भी है। अरब सागर की अपार-अगाध जलराशि ने इन्हें व्यापार और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बना दिया है। हालाँकि ये बहुत छोटे-छोटे द्वीप हैं, परंतु इनकी प्राकृतिक सुंदरता, विविध संस्कृतियों का मेल व सुंदर समुद्र तटों ने इन्हें असीम खूबसूरती से नवाजा है। गुजरात व महाराष्ट्र राज्य की नजदीकी ने यहाँ के पर्यटन को फलने-फूलने का पूरा मौका दिया। बहुत समय तक दमन और दीव पर पुर्तगालियों का शासन था। उसके बाद इसे पुर्तगालियों से आजाद कराकर गोआ में मिला दिया गया। वर्ष 1987 में इसे एक अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया।

दमन और दीव की स्थिति : भारत के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र मुंबई से दमन की दूरी लगभग 193 कि.मी. है। यह पूर्व में गुजरात राज्य से तथा पश्चिम में अरब सागर से जुड़ा है। इसके उत्तर में 'कोलाक' तथा दक्षिण में 'कलाई' नदी है। दमन का पड़ोसी जिला गुजरात का वलसाड जिला है। दीव भारत का एक ऐसा द्वीप है, जो दो पुलों के द्वारा जुड़ा है। दीव गुजरात के जूनागढ़ जिले से जुड़ा है।

**क्या है दमन में :** दमन दो भागों में 'मोटी दमन' और 'नानी दमन' में विभाजित है। इन दोनों भागों को विभक्त करने वाली नदी दमनगंगा नदी है। मोटी दमन में कई पुराने चर्च हैं, जिनमें प्रमुख चर्च 'कैथेडरल बोल जेसू' है। इस चर्च की दीवारों पर की गई ईसा मसीह के जीवन से संबंधित सुंदर चित्रकारी व लकड़ी की बेहतरीन नक्काशी पर्यटकों को यहाँ खींच लाती है। नानी दमन का मुख्य आकर्षण संत जैरोम का किला है, जो मुगलों के आक्रमण से सुरक्षा के लिए बनाया गया था।

इसके अलावा दमन के अन्य पर्यटक आकर्षणों में बोम जीजस चर्च, अवर लेडी ऑफ सी चर्च, अवर लेडी ऑफ रेमीडियोज चर्च, परगोला गार्डन, अम्यूजमेंट पार्क, दमनगंगा टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, काचीगाम, सत्य सागर उद्यान, मिरासोल गार्डन, मिरासोल वाटर पार्क आदि हैं।

**दमन के बीच :** दमन की जमीन को छूते अरब सागर ने दमन को अप्रतिम प्राकृतिक सुंदरता व हरियाली प्रदान की है। दमन में दो बीच देविका बीच और जैमपोरे बीच हैं।

**देविका बीच :** यह बीच दमन से पाँच किमी उत्तर में है। यहाँ कई बड़े बार व रेस्टोरेंट भी हैं। यह बीच बच्चों को बहुत लुभाता है क्योंकि यहाँ बच्चों के लिए पार्क व अन्य सुविधाएँ हैं। **जैमपोरे बीच :** नानी दमन में स्थित यह बीच दमन का प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट भी है। यहाँ सर्वाधिक पर्यटक आते हैं। यहाँ का शांत वातावरण प्रेमियों को खींच लाता है। यही कारण है कि अधिकांश प्रेमी जोड़े यहाँ स्वच्छंदता की तलाश में आते हैं। तैराकी के लिए भी यह बीच बहुत अच्छा स्थान है।



**क्या है दीव में :** सेंट पॉल चर्च, दीव फोर्ट, पनीकोटा फोर्ट, घोघला बीच, चिल्ड्रन पार्क और समर हाउस यहाँ के मुख्य पर्यटन स्थल हैं।

**दीव के बीच :**

**नगोआ बीच :** यह दीव का बेहद ही सुंदर बीच है। दीव से 20 मिनट की ड्राइव करके आप आसानी से यहाँ पहुँच सकते हैं। जू?ते के आकार के समान होने के कारण 2 किमी तक फैला यह द्वीप अब पर्यटकों की पहली पसंद बन रहा है।

**चक्रतीर्थ बीच :** यह बीच हरियाली के सौंदर्य से भरपूर है। इस बीच के आसपास स्थित सुंदर बगीचे, खुला स्टेडियम इसे पर्यटकों के लिए फुल इंजॉयमेंट का स्थान बनाता है।

**कब जाएँ दमन और दीव :** वैसे तो दमन और दीव की जलवायु वर्षभर पर्यटकों को आकर्षित करती है किंतु यहाँ आने का उपर्युक्त मौसम अक्टूम्बर से मई तक का है।

**कैसे पहुँचें दमन और दीव :** सड़क मार्ग की लंबाई : दमन में 191 किमी का सड़क मार्ग है तथा दीव में 78 किमी तक लंबा सड़क मार्ग है।

**नजदीकी रेलवे स्टेशन :** दमन पश्चिम रेलवे के दिल्ली-मुंबई रूट पर स्थित है। यहाँ का नजदीकी रेलवे स्टेशन गुजरात का 'वापी' है। दीव मीटर गेज रेलवे लाइन से जुड़ा है। दीव का नजदीकी रेलवे स्टेशन 'दिलवाड़ा' है।



